CMYK

हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...



वर्षः 14, अंकः 75 पृष्ठ :8 www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, मंगलवार 3 जनवरी, 2023 मूल्य 1.50

## प्रिकॉशन डोज लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए-योगी

### मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए

संवाददाता



**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन सुनिश्चित कराया जाए। सम्भव है आने वाले कुछ दिनों में नए केस में बढ़ोत्तरी हो, ऐसे में हमें अलर्ट रहना होगा। यह समय घबराने का नहीं, बल्कि सतर्क और सावधान रहने का है। सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाये जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को भी एक्टिव किया जाए। मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में कोविड प्रबन्धन के लिए गठित टीम-09 के साथ उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड संक्रमण की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों के दृष्टिगत सतर्कता बरती जाए। इसके नए वैरिएंट पर सतत् नजर रखी जाए। सभी नए मामलों की जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। प्रतिदिन होने वाली टेस्टिंग की संख्या को बढ़ाया जाए। कोविड संक्रमण की स्थिति को ध्यान में रखते हुए गम्भीर असाध्य रोग से ग्रस्त लोगों एवं बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि विभिन्न देशों में कोविड के नए मामलों में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में स्थिति सामान्य है। राज्य में दिसम्बर, 2022 में 09 लाख 06 हजार से अधिक कोविड टेस्ट किये गये, जिसमें 103 केस की पुष्टि हुई है। इस अवधि में प्रदेश की कोविड पॉजिटिविटी दर 0.01 प्रतिशत रही है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 49 है। विगत 24 घण्टे में 42 हजार से अधिक टेस्ट किए गए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोविड काल में प्रदेश सरकार ने प्रत्येक जनपद में आई0सी0यू0 स्थापित किये हैं, उन्हें क्रियाशील रखा जाए। सभी आई0सी0यू0 में एनेस्थेटिक, अन्य स्पेशलिस्ट चिकित्सकों और टेक्नीशियन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ऑक्सीजन प्लाण्ट पर तीन टेक्नीशियन तैनात होने चाहिए। स्वास्थ्य विभाग अथवा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। यहां पर चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता तथा पैरामेडिकल स्टाफ की समुचित उपलब्धता की गहनता से परख कर ली जाए। कहीं भी किसी प्रकार की कमी न हो। अस्पतालों द्वारा अपने स्तर पर भी मॉक ड्रिल की जाए। विगत दिनों मॉक ड्रिल में जो भी कमियां मिली हैं, उनमें तत्काल सुधार किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सर्वाधिक कोविड वैक्सीनेशन करने वाला राज्य है। वर्तमान में प्रदेश में 11 लाख से अधिक कोविड वैक्सीन की डोज उपलब्ध है। मांग के अनुरूप वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता के लिए भारत सरकार से सतत सम्पर्क बनाए रखा जाए। कोविड संक्रमण से बचाव में टीके की उपयोगिता स्वयंसिद्ध है। प्रिकॉशन डोज लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। इसमें तेजी की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड काल के पिछले दो-ढाई वर्ष की अवधि में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में अस्थायी तौर पर कार्मिकों की तैनाती की गई थी। कोविड काल में अपने प्राणों की परवाह न करते हुए इनके द्वारा किया गया दायित्व निर्वहन प्रेरणास्पद और सेवाभावना सराहनीय है। इन कार्मिकों की इस सेवा अवधि की भविष्य में होने वाली नियुक्तियों में गणना की जाए। ऐसे कार्मिकों को वरीयता दी जाए। इस सम्बन्ध में स्पष्ट नियमावली तैयार की जाए। कोविड काल में सेवा देने वाले सभी अस्थायी/आउटसोर्सिंग कार्मिकों को बकाया मानदेय का भुगतान तत्काल कराया जाए। यदि शासन/विभाग से भुगतान होने के बाद सम्बन्धित एजेंसी द्वारा कार्मिक को भुगतान नहीं किया गया है, तो ऐसे प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए बकाया भुगतान कराया जाए। सेवा के बाद मानदेय कार्मिक का अधिकार है, इसका भुगतान समय पर ही होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में धान खरीद की प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 6.50 लाख किसानों से 41 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हो चुकी है। इस खरीद के सापेक्ष अब तक 6,700 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में किया जा चुका है। प्रदेश के सभी जनपदों में डी0ए0पी0 और यूरिया की उपलब्धता पर नजर रखी जाए। कहीं भी खाद की कमी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत विगत दिनों बाराबंकी जनपद में एक दिवसीय निवेशक व निर्यातक सम्मेलन आयोजित किया गया था। जनपद बाराबंकी का यह प्रयास अन्य जनपदों के लिए प्रेरणादायी है। प्रदेश के अन्य जनपदों में भी ऐसे आयोजन किये जाएं। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत सप्ताह प्रदेश में क्रिसमस और नववर्ष के उल्लास के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में शान्ति और सौहार्द का माहौल रहा है। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के कारण लोगों ने सपरिवार निश्चिन्त होकर इन विशिष्ट अवसरों का आनन्द लिया। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। सुरक्षा का यह माहौल आगे भी बना रहे, इसके लिए पुलिस और प्रशासन को हमेशा तत्पर रहना होगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज माघ मेले में कल्पवासियों और साधु-संतों की भावनाओं और आवश्यकताओं का सम्मान किया जाए। यहां पर अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ कार्य किये जाएं। कल्पवासियों, श्रद्धालुओं तथा साधु-संतों को पूर्व में मिलने वाली सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। पुलिस महानिदेशक द्वारा स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतलहर में निराश्रितों को राहत प्रदान करने के लिए प्रदेश में रैन बसेरों की स्थापना की गई है। अब तक 1200 से अधिक रैन बसेरे स्थापित किये गए हैं। सभी जिलाधिकारियों द्वारा स्वयं रैन बसेरों की व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया जाए। जहां आवश्यकता हो सुधार कराए जाएं। ठण्ड के मौसम में सड़क पर कोई भी व्यक्ति सोता हुआ नजर न आए। हर जरूरतमन्द को रैन बसेरे की सुविधा उपलब्ध हो। अब तक निराश्रित तथा जरूरतमन्द लोगों को 2.86 लाख कम्बल वितरित किये जा चुके हैं, यह क्रम आगे भी जारी रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कम्बल आदि राहत सामग्री का वितरण स्थानीय सांसद/ विधायक/स्थानीय निकाय चेयरमैन आदि जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाए। उक्त अवसर पर प्रशासन के अधिकारी सहायतार्थ उपस्थित रहें। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के समुचित प्रबन्ध किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा आगामी 13 जनवरी को वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक रिवर क्रूज टूरिज्म के अन्तर्गत सबसे लम्बे रिवर क्रूज 'गंगा विलास इपिक' को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सम्बन्ध में आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।

## भारत को लेकर चीन का वही रवैया है जो यूक्रेन के साथ रूस का रहा हैः राहुल गांधी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि चीन भारत के साथ उसी सिद्धांत पर अमल कर रहा है जो रूस ने यूक्रेन के साथ अपनाया है क्योंकि वह (चीन) भारत की सीमाओं को बदलने की धमकी दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत-चीन सीमा विवाद का 'एक कमजोर अर्थव्यवस्था, बिना दृष्टिकोण वाले भ्रमित राष्ट्र तथा नफरत एवं गुस्साश् से सीधा संबंध है तथा चीनी सैनिक भारत की सीमा के अंदर बैठे हुए हैं। राहुल गांधी ने अभिनेता एवं नेता कमल हासन के साथ एक संवाद में कहा, ''रूसियों ने यूक्रेन से कहा कि हम नहीं चाहते कि तुम पश्चिम के साथ मजबूत संबंध रखो। बुनियादी रूप से उन्होंने यूक्रेन से यह कहा था कि अगर तुम पश्चिम के साथ मजबूत रिश्ता रखोगे तो हम तुम्हारा भूगोल बदल देंगे। उन्होंने दावा किया, 'यही सिद्धांत भारत को लेकर भी अपनाया जा सकता है। चीनी यही कह रहे हैं कि आप जो कर रहे हैं उसको लेकर सावधान रहिए, क्योंकि हम आपका भूगोल बदल देंगे, हम लद्दाख में घुस जाएंगे, हम अरुणाचल प्रदेश में घुस जाएंगे। मैं यह देख सकता हूं कि वे इस तरह के रवैये के लिए एक बुनियाद तैयार कर रहे हैं।श् कांग्रेस नेता ने कमल हासन के साथ संवाद का एक वीडियो यूट्यूब पर साझा किया है। राहुल गांधी का कहना है कि 21वीं सदी में सुरक्षा एक समग्र चीज बन गई है और इसको लेकर वैश्विक दृष्टिकोण होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता कि मौजूदा सरकार ने इस बात को गलत ढंग से आकलन किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के अनुसार, संघर्ष की परिभाषा पहले ही बदल चुकी है, पहले सीमा पर लड़ाई लड़ी जाती थी, लेकिन अब हर जगह लड़ना होता है। राहुल गांधी ने सरकार पर चीन के मामले को संभालने में पूरी तरह विफल रहने और असमंजस की स्थिति में होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा था कि इस सरकार की नीतियों के चलते चीन एवं पाकिस्तान एक हो गए हैं, जो खतरनाक बात है। उन्होंने यह दावा भी किया था कि डोकलाम एवं तवांग में जो हुआ है, वो किसी बड़ी तैयारी का हिस्सा है।

## मालेगांव धमाकाः लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित को आरोप मुक्त करने की याचिका खारिज

एजेंसी

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आरोप मुक्त करने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। सितंबर, 2008 में हुए विस्फोट के मामले में पुरोहित और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत छह अन्य आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं। सभी आरोपियों को फिलहाल जमानत मिली हुई है। पुरोहित ने खुद को आरोप मुक्त किए जाने की अपील करते हुए दावा किया था कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के संबंधित प्रावधानों के तहत मंजूरी नहीं ली गई है। हालांकि, जस्टिस ए. एस. गडकरी और जस्टिस प्रकाश नाइक की पीठ ने उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मंजूरी की जरूरत नहीं है क्योंकि ÷वह आधिकारिक ड्यूटी पर नहीं थे।÷ उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के नासिक जिले के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील शहर मालेगांव में 29 सितंबर, 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में बंधा विस्फोटक उपकरण फटने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। मामले की प्रारंभिक जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार, जिस मोटरसाइकिल में विस्फोटक बांधा गया था, वह प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी। इसलिए ठाकुर को गिरफ्तार किया गया था। बाद में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मामले की जांच अपने हाथ में ली थी।

## झारखंड हाईकोर्ट ने पूछा, पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग सिर्फ कागजों पर हो रही है क्या?

एजेंसी




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की पुलिस की कानूनी समझ पर सवाल खड़ा किया है। कोर्ट ने सोमवार को हैबियस कॉर्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा कि आईपीसी, सीआरपीसी और कानूनी पहलुओं की बुनियादी जानकारी के लिए पुलिसकर्मियों को समुचित ट्रेनिंग दी जा रही है या नहीं? या फिर यह काम सिर्फकागजों पर ही हो रहा है? जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार को एक एफिडेविट के जरिए इस बारे में पूरी जानकारी अदालत में पेश करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई कोर्ट ने 10 जनवरी को मुकर्रर की है।यह मामला झारखंड के बोकारो से लॉ के एक स्टूडेंट को मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर ले जाने जाने से संबंधित है। वर्ष 2021 में 24 नवंबर को मध्य प्रदेश पुलिस ने बोकारो से लॉ छात्र को गिरफ्तार किया था, लेकिन परिजनों को इसकी पूरी जानकारी नहीं दी गयी। इस मामले में छात्र के परिजनों द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया है कि छात्र की गिरफ्तारी के वक्त पुलिस के पास सिर्फ सर्च वारंट था, जबकि अरेस्ट वारंट अनिवार्य है। मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने कहा कि जस्टिस डीके वासु के आदेश का भी पुलिस ने इस दौरान उल्लंघन किया है। गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को यूनिफॉर्म के साथ आधिकारिक वाहन में होना चाहिए, लेकिन छात्र की गिरफ्तारी के वक्त इन नियमों का उल्लंघन किया गया। इस मामले में पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि झारखंड पुलिस भी कानून पूरी तरह से नहीं जानती है। कानून के प्रति पुलिस वालों को ट्रेन करना चाहिए। ऐसे में जरूरी है कि सरकार पुलिस को कैप्सूल कोर्स कराए। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि दूसरे राज्य की पुलिस झारखंड से व्यक्ति को पकड़ कर ले गई लेकिन, कस्टडी में लेकर ट्रांजिट परमिट तक नहीं ली गयी। दूसरे राज्य ले जाने के संबंध में कोर्ट का ऑर्डर भी नहीं है। अगर पुलिस को सूचना थी तो जाने कैसे दिया गया। मध्यप्रदेश की पुलिस की गलती जितनी है, उतनी ही गलती मामले में झारखंड पुलिस की भी है। जानबूझ कर पुलिस ने अभियुक्त को जाने दिया।

## दिल्ली युवती मौत मामला : सुल्तानपुरी पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीस वर्षीय एक युवती की दर्दनाक मौत के बाद परिवार के सदस्यों और समर्थकों ने सोमवार को सुल्तानपुरी पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। लड़की को एक कार में सवार पांच युवकों द्वारा कई किलोमीटर तक घसीटा गया था। घटना शनिवार व रविवार की दरम्यानी रात की है। इवेंट प्लानर का काम करने वाली युवती के परिवार वालों को इस घटना में साजिश का शक है। परिजनों ने बताया कि वह शाम करीब साढ़े छह बजे घर से निकली थी 31 दिसंबर को और उसका फोन लगभग 10 बजे बंद पाया गया। मृतक की मां ने कहा, ष्मेरी रात करीब 9 बजे उससे बातचीत हुई, उसने कहा कि वह लगभग 3-4 बजे वापस आ जाएगी। हमें सुबह पुलिस ने उसकी दुर्घटना के बारे में सूचित किया। मुझे पुलिस स्टेशन ले जाया गया और इंतजार कराया गया। इस बीच, दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने भी सोमवार को पुलिस से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या महिला का यौन उत्पीड़न किया गया था और क्या आरोपी का आपराधिक इतिहास था। स्कूटी के दुर्घटनाग्रस्त होने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई और उसके कपड़े एक कार के पहिए में फंस गए, जिसके कारण उसे बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में कई किलोमीटर तक घसीटा गया। घटना में महिला के कपड़े फटे हुए थे और बाद में उसका नग्न शरीर पुलिस को मिला। पुलिस ने कहा कि उन्होंने कार में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान दीपक खन्ना, अमित खन्ना, कृष्ण, मिट्ठू और मनोज मित्तल के रूप में हुई है। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल), रोहिणी की पांच सदस्यीय टीम उस स्थान की जांच करेगी, जहां युवती का शव मिला था और आपत्तिजनक वाहन की भी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी अपराध के श्य, शामिल वाहनों की जांच करने और सभी प्रासंगिक भौतिक, जैविक और अन्य साक्ष्य एकत्र करने के लिए शामिल किया गया है जो मामले को तह तक जाने में मदद करेगा।

## मनाली विंटर कार्निवल का रंगारंग आगाज

### सीएम ने ऐतिहासिक हिडिम्बा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद की कई घोषणाएं

एजेंसी



**शिमला।** पर्यटन नगरी मनाली में आज राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल का रंगारंग आगाज हो गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मनाली के ऐतिहासिक हिडिम्बा मंदिर में पूजा-अर्चना कर पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने परिधि गृह मनाली से कार्निवाल परेड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान सुखविंदर सिंह सुक्खू ने महिला मंडलों, विभिन्न विभागों और संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत झांकियों में गहरी दिलचस्पी दिखाई। मुख्यमंत्री ने मनु रंगशाला में दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि को मौजूदा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये करने की घोषणा भी की। उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन और अन्य गतिविधियों को प्रोत्साहन करने के लिए मनाली में एक इनडोर स्टेडियम और आइस स्केटिंग रिंक का निर्माण करने की भी घोषणा की। उन्होंने वाहनों के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए मनाली बाईपास के निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए सोलंग नाला में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि इससे अटल टनल रोहतांग में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को मनाली की ओर आकर्षित करने के लिए साहसिक खेलों में रुचि रखने वाले लोगों के लिए डोभी और पीज को पैराग्लाइडिंग की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए सभी 10 वादों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को मंत्रिमंडल की पहली कैबिनेट में लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 18 से 60 वर्ष की आयुवर्ग की महिलाओं को कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए वादे के अनुसार 1500 रुपये प्रति माह प्रदान किए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के स्वच्छ पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में प्रदेश सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आरंभ में इसी माह की 15 तारीख तक 18 वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में बेहतर चार्जिंग अधोसंरचना को भी स्थापित किया जाएगा ताकि लोग इलेक्ट्रिक वाहनों के विकल्प को चुन सकें। विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर ने जरूरतमंदों के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय सहायता कोष बनाने की घोषणा के लिए उनका धन्यवाद किया। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, अध्यक्ष जिला परिषद कुल्लू पंकज परमार, उपाध्यक्ष जिला परिषद वीर सिंह ठाकुर, सचिव एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव किमटा, सचिव प्रदेश कांग्रेस देवेंद्र नेगी, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस समन्वयक विद्या नेगी, अध्यक्ष एमसी मनाली चमन कपूर, अन्य कांग्रेसी नेता, पुलिस अधीक्षक इस अवसर पर गुरदेव शर्मा, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## अर्थव्यवस्था में तेजी से दिसंबर में पेट्रोल-डीजल की बिक्री बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कृषि क्षेत्र में खपत बढ़ने से देश में पेट्रोल और डीजल की मांग दिसंबर में सालाना आधार पर बढ़ी है। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने पेट्रोल की बिक्री 8.6 प्रतिशत बढ़कर 27.6 लाख टन हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में 25.4 लाख टन खपत हुई थी। कोविड-19 महामारी से प्रभावित दिसंबर 2020 की तुलना में बिक्री 13.3 प्रतिशत और महामारी पूर्व यानी दिसंबर 2019 की तुलना में 23.2 प्रतिशत अधिक रही। वहीं, मासिक आधार पर बिक्री 3.7 प्रतिशत बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले ईंधन डीजल की बिक्री पिछले महीने 13 प्रतिशत बढ़कर 73 लाख टन हो गई। दिसंबर 2020 की तुलना में डीजल की खपत 14.8 प्रतिशत और कोविड-पूर्व यानी 2019 की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक थी। हालांकि नवंबर 2022 की तुलना में डीजल की बिक्री में 0.5 फीसदी की मामूली गिरावट आई है। जबकि पेट्रोल और डीजल की बिक्री जून के बाद से इस महीने सर्वाधिक रही है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि कृषि क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ने से डीजल की मांग तेजी से बढ़ रही है। रबी फसल की बुवाई के साथ आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई और मांग में वृद्धि हुई। वाहन ईंधन की बिक्री जुलाई और अगस्त में मानसून रहने और कम मांग के कारण घटी थी। विमानन क्षेत्र के खुलने के साथ हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या कोविड-पूर्व के स्तर पर पहुंच गई। इससे विमानन ईंधन (एटीएफ) की मांग दिसंबर के दौरान 18 प्रतिशत बढ़कर 606,000 टन हो गई। यह दिसंबर, 2020 की तुलना में 50.6 प्रतिशत अधिक है लेकिन कोविड-पूर्व यानी दिसंबर, 2019 की तुलना में 12.1 प्रतिशत कम है। सूत्रों ने कहा कि घरेलू हवाई यात्रा कोविड-पूर्व स्तरों पर वापस आ गई है लेकिन कुछ देशों में अब भी जारी कोविड प्रतिबंधों से अंतरराष्ट्रीय यातायात पर प्रतिकूल असर पड़ा है। आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में रसोई गैस एलपीजी की बिक्री सालाना आधार पर 7.7 प्रतिशत बढ़कर 27.2 लाख टन रही। एलपीजी की खपत दिसंबर, 2020 की तुलना में 7.7 प्रतिशत और दिसंबर, 2019 की तुलना में 15.9 प्रतिशत अधिक है। मासिक आधार पर एलपीजी की खपत नवंबर के 25.5 लाख टन की तुलना में 6.47 प्रतिशत बढ़ी है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय वाहन चालक आन्दोलन के लिए तैयार रहें: रिजवान

**महासंघ पदाधिकारियों का स्वागत समारोह**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** राजकीय वाहन चालक संघ वन विभाग द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए राजकीय वाहन चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद ने कहा कि राजकीय वाहन चालकों की तमाम समस्याएं लम्बे समय से लम्बित है। सरकार लगातार चालक संवर्ग की उपेक्षा करती चली आ रही है। राजकीय वाहन चालक महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य सचिव से वार्ता के लिए समय मांगा है। वार्ता के उपरान्त अगर सरकार ने इस संवर्ग की समस्याओं का निस्तारण नही किया तो राजकीय वाहन चालक जनपद स्तर से आन्दोलन शुरू कर इसे राज्य स्तरीय स्तर तक ले जाएगा। यह आन्दोलन मार्च के महिने में किया जा सकता है। वन विभाग मुख्यालय में आयोजित महासंघ पदाधिकारियो के स्वागत सम्मान समारोह अध्यक्षता वन विभाग चालक संघ के अध्यक्ष इन्द्रदेव सिंह और संचालन उपेन्द्र तिवारी ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने चालक संवर्ग की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि 1900 ग्रेड पे को 2000, हजारों की संख्या में रिक्त पदों पर चालक संवर्ग की नियमित भर्ती, पुरानी पेंशन की बहाली मुख्य जायज मागें है। स्वागत समारोह को महासंघ के पूर्व अध्यक्ष रामफेर पाण्डे, वन विभाग के महामंत्री बंसत ओझा, महासंघ के महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी, सहजराम यादव उपाध्यक्ष, महेन्द्र सिंह राणा संगठन मंत्री, रमेश प्रचार मंत्री, पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष वीरेन्द्र पाण्डेय,क्षेत्रीय संगठन मंत्री लखनऊ विनोद कुमार मौर्य, खाद्य रसद के अध्यक्ष प्रकाश वर्मा,कृषि विभाग के महामंत्री जयप्रकाश विश्वकर्मा और तेजशंकर ने सम्बोधित किया।

### जनपद वाराणसी में संतकबीर एवं संतरविदास संग्रहालय की स्थापना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषितः जयवीर सिंह

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के जिन जनपदों में राज्य, राजकीय तथा जनपदीय संग्रहालय स्थापित है। उनके अलावा अन्य जनपदों में संग्रहालय स्थापित किये जाने पर तैयार की जा रही हैं। जिसमें जनपद सोनभद्र, मिर्जापुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी तथा महाराजगंज में जन जातियां संग्रहालय तथा मैनपुरी में बहुउद्देशीय संग्रहालय की स्थापना हेतु भूमि की व्यवस्था करा ली गयी है। वहीं जनपद वाराणसी में संतकबीर एवं संतरविदास संग्रहालय की स्थापना के लिए प्रस्ताव भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय को उपलब्ध करा दिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग के नियंत्रणाधीन प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित 5 पुरातत्व संग्रहालयों के संचालन की व्यवस्था नये सिरे से की गयी है। संबंधित जिलों की जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद को सौंपे जाने तथा उनका स्वामित्व उत्तर प्रदेश संग्रहालय निदेशालय को देने के साथ कार्यवाही उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग को निर्देशित किया गया है।

### आम आदमी पार्टी ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर किया प्रदर्शन

**लखनऊ, (यूएनएस)।** आम आदमी पार्टी ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी द्वारा कहा गया कि नगर निकाय के चुनाव में संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करके, आयोग बनाकर, सर्वे करवा कर आरक्षण लागू करना था। इसी मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन कर रही हैं। जिला अध्यक्ष रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि आम आदमी पार्टी हमेशा पिछड़ों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करती आई है। इस मुद्दे पर भी पिछड़ों को उनका हक दिलाकर रहेगी। भाजपा सरकार पिछड़ों व आरक्षण के खिलाफहै। लेकिन आम आदमी पार्टी भाजपा के ऐसे कदमों के खिलाफखड़ी होकर पिछड़ो को उनका हक दिलाएगी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने आम आदमी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेजा दिया।

### भूमि ग्रुप द्वारा जरूरतमंदों को वितरित किया गया कंबल

**लखनऊ, (यूएनएस)।** भूमि ग्रुप परिवार और भूमि आईएएस ने नववर्ष के पहले दिन रविवार की देर शाम लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में कम्बल वितरण अभियान का आयोजन किया। भूमि ग्रुप के चेयरमैन बी एम सिंह ने कहा कि गरीबों और वंचितों को ठंड के कहर से बचाने और सर्दी के मौसम में चौन की नींद सोने के लिए ग्रुप के सदस्यों द्वारा हर वर्ष लखनऊ के विभिन्न इलाकों में कंबल बांटे जाते हैं। समाजसेवी प्रदीप सिंह 'बब्बू' ने कहा कि हर जरूरतमंद को इस ठंड भरी रात में सुकून से सोने का अधिकार है।भूमि ग्रुप का यह सहयोग समाज के लिए अनुकरणीय है। कंबल वितरण का कार्य हनुमान मंदिर रायबरेली रोड, शनि मंदिर तेलीबाग, आशियाना में विभिन्न रैन बसेरा, बंगला बाजार, शहीद पथ के विभिन्न हिस्से और तेलीबाग क्षेत्र के अधिकांश स्थानों पर किया गया। इस अवसर पर बी एम सिंह प्रदीप सिंह बब्बू के अलावा धनंजय सिंह राणा ,ओ पी श्रीवास्तव सहित भूमि ग्रुप के दर्जनों सहयोगी उपस्थित थे।

### नून नदी में डूबा किसान, पूजा की सामग्री प्रवाहित करते समय फिसला पैर, तलाश में जुटे गोताखोर

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** कालपी में पूजा की सामग्री नून नदी में प्रवाहित करने गए 45 वर्षीय किसान पैर फिसलने से नदी में डूब गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने नदी में डूबे हुए किसान की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश में जुटी हुई है। निबहना गांव निवासी किसान जय सिंह (45)पुत्र महेंद्र सिंह रविवार रात गोरा गांव स्थित नून नदी के पुल के नीचे पूजा की सामग्री प्रवाहित करने पहुंचा। जब वह पूजा की सामग्री नदी में डाल रहा था, उसी दौरान उसका पैर फिसल गया। इससे वह नदी में डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने डूबता देखा बचाने के लिए पुल के नीचे पहुंचे, लेकिन तब वह गहरे पानी में चला गया था। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाल जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे व्यक्ति की तलाश में जुटे रहे। वहीं, सुबह होने पर उप जिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार भी मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का मौका मुआयना किया। फिलहाल सोमवार की दोपहर तक किसान का कुछ भी पता नहीं चल सका है। किसान के नून नदी में गिरने के बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई, परन्तु रात में गोताखोरों की उपलब्धता ना हो पाने के कारण स्थानीय ग्रामीण ही पानी में उतरे व डूबे हुए किसान को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। सोमवार को पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए गोताखोरों के हाथ भी सफलता न लगने के बाद ग्रामीण एसडीआरएफ दल को बुलाए जाने की मांग कर रहे हैं।

### खुरपका मुंहपका के लिए जिले में आई 4 लाख 77 हजार वैक्सीन

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** पशुओं को खुरपका और मुंहपका बीमारियों से बचाने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। 45 दिन तक टीमों गांव-गांव जाकर पशुओं को टीके लगाएंगी। जिले को चार लाख 77 हजार 600 वैक्सीन मिली हैं। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. हरेंद्र सिंह ने बताया कि वैक्सीन का ब्लॉकवार आवंटन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में मवेशियों में मुंहपका और खुरपका बीमार फैलती है। आठ महीने के गाभिन मवेशियों और मवेशी के आठ महीने के बच्चे को नहीं लगाई जाएगी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि मुंहपका में मवेशियों के मुंह पर फफोला पड़ जाते हैं और खुरपका में खुर में घाव हो जाते हैं। पशुओं को खाने पीने तथा चलने में दिक्कत होती है। बीमारी गंभरी होने में पशुओं की जान चली जाती है। पशुओं के गर्भधारण व दूध उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। बछिया व पड़िया में यदि यह बीमारी हो जाए तो पहली बार गर्भधारण करने में बहुत दिक्कत होती है।

# प्रधानमंत्री ने सिलेण्डर की वृद्धि करके ''नये साल का तोहफा'' दिया: प्रमोद तिवारी



**लखनऊ, (यूएनएस)।** प्रमोद तिवारी, सांसद, राज्य सभा, एवं सदस्य, स्टीयरिंग कमेटी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये साल-2023 के आगमन पर ''प्रथम दिन'' देश वासियों को कामर्शियल गैस सिलेण्डर की कीमत में रु. 25.00 (पच्चीस रुपये) प्रति सिलेण्डर की वृद्धि करके ''नये साल का तोहफा'' दिया है। जब भी कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर महंगा होता है तब हर उपभोक्ता को किसी न किसी रूप में उसका अंशदान देना पड़ता है। ''मोदी सरकार'' आम आदमी की जेब पर डाका डालकर अडानी और अंबानी जैसे अपने चन्द मित्र पूँजीपतियों की जेब भर रही है, जनता के दुःख दर्द से उसका कोई सरोकार नहीं है। यह वही मोदी है जिन्होंने चुनाव के दौरान सिंहनाद करते हुये कहा करते थे कि ''अच्छे दिन आने वाले हैं'', लेकिन मोदी सरकार में जनता के अच्छे दिन तो नहीं आये बल्कि उसके ''बुरे दिन'' जरूर आ गये हैं। चाहे महंगाई बढ़ाकर, चाहे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी करके, तथा चाहे छुट्टा जानवरों से किसानों की गाढ़ी कमाई की फसलों को नष्ट कराकर-हर स्तर पर ''मोदी सरकार'' ने जनता के सामने परेशानी खड़ी कर दी है। आज चाहे देश का किसान हो, नौजवान हो, रेहड़ी-ठेला लगाने वाले हों, या फिर छोटे और मध्यम उद्यमी हों, सबके सामने दिन प्रतिदिन भीषण समस्यायें उत्पन्न हो गयी है। मोदी जी प्रति वर्ष दो करोड़ युवकों को रोजगार देने का वायदा किया करते थे, किन्तु देश के तमाम संस्थान कौड़ियों के दाम बेंच दिये जिससे लोगों को रोजगार तो मिला नहीं बल्कि जो रोजगार थे उनके भी रोजगार छिन गये, एक तरफ देश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है दूसरी तरफ महंगाई बढ़ाकर ''मोदी सरकार'' जनता की दो वक्त की रोटी भी छीनने का काम कर रही है श्री तिवारी ने कहा है कि हरियाणा प्रदेष के खेल मन्त्री संदीप सिंह पर एक जूनियर महिला कोच द्वारा छेंड़खानी,यौन शोषण करने का जो धिनौना आरोप लगाया गया है, वह निहायत ही दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है, इससे भारतीय जनतापार्टी का चाल, चरित्र उसका असली चेहरा जनता के सामने उजागर हो गया है। ये हरियाणा के पॉचवे मन्त्री है जिन पर यौन उत्पीड़न का गम्भीर आरोप लगा है, और सभी हटाये गये। श्री तिवारी ने कहा है कि देश की राजधानी दिल्ली में जिस तरह सरेआम एक स्कूटी सवार लड़की को नषे में धुत कार सवार 5 युवकों द्वारा कई किलोमीटर तक घसीटा गया है, और उसकी मौत हो गयी, वह स्पष्ट तौर पर दर्शाता है कि देश की राजधानी दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति क्या है ? जहॉ पर देश के प्रधानमंत्री एवं देष के गृह मन्त्री स्वयं रहते है जब वहॉं पर महिलायें सुरक्षित नहीं है तो देश के अन्य हिस्सों में कानून व्यवस्था की स्थिति क्या है ? ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' का नारा देने वाली ''मोदी सरकार'' में महिलायें और बच्चियॉं कितनी सुरक्षित है ? इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। श्री तिवारी ने कहा है कि नये साल के प्रारमभ होते ही जम्मू काश्मीर में आतंक घटना हुई जिसमें 4 लोगों की जाति और धर्म पूँछकर तथा आधार कार्ड देखकर उनकी नृशंसतापूर्वक हत्या कर दी गयी। आज सुबह जिस तरह बम धमाके में कई लोग घायल हुये उससे जम्मू काश्मीर में भय और आतंक का वातावरण व्याप्त हो गया है। सत्तारूढ़ दल के संरक्षण में पलने वाले नेता जिस तरह नफरत और घृणा फैला रहे है उसकी कीमत घाटी में रहने वालों को चुकानी पड़ रही है। एक तरफ धारा-370 को हटाकर घाटी में अमन-चौन स्थापित करने का झूँठा शंखनाद प्रधानमंत्री एवं गृह मन्त्री कर रहे है वहीं दूसरी तरफ हिंसक गतिविधियॉं लगातार बढ़ रही है, इससे उनका दावा पूरी तरह खोखला साबित होता है। भारतीय सेना में दम-खम है, साहस है परन्तु केन्द्र सरकार की गलत नीतियॉं एवं तुष्टीकरण के कारण जम्मू काश्मीर में आतंकवाद नियंत्रित नहीं हो पा रहा है। भारतीय जनतापार्टी जब भी सत्ता में आती है या किसी अन्य को समर्थन देती है, जैसे वर्ष 1990-91 में उसने स्व. विष्वनाथ प्रताप सिंह को समर्थन दिया था, अथवा स्वयं सत्तारूढ़ होती है तो आतंकवाद हमेशा बढ़ता है। श्री तिवारी ने प्रदेश वासियों को नये साल 2023 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जिला पंचायत निधि से किया जा रहा मानक विहीन नाले का निर्माण ग्रामीणों में रोष



**न्यूज गाइड। संवाददाता**

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के भवानीगढ़ - बहुदाखुर्द सम्पर्क मार्ग पर स्थित बेड़ारु में सड़क के किनारे पंकज की दुकान से साधन सहकारी समिति बेड़ारु के समीप स्थित तालाब तक जिला पंचायत निधि से घटिया सामग्री से 70 मीटर नाले का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। जिसको लेकर सोमवार को अमर सिंह राठौर, राजू, शंकर सहित ग्रामीणों ने बताया कि मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए घटिया क्वालिटी की पीली ईटों और मानक विहीन मसाले से नाले का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाले का निर्माण मानक के हिसाब होना चाहिए नहीं तो हम लोग जिलाधिकारियों और मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि जहां एक ओर सरकार गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर जोर दे रही है तो वहीं ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री से नाले का निर्माण करके सरकार की छवि धूमिल करने का कार्य किया जा रहा है। इस बारे में जब खण्ड विकास अधिकारी शिवकुमार से बातचीत की गई तो खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में नहीं है यदि ऐसा है, जांच कराई जाएगी।

### नववर्ष पर मनाया केन नदी किनारे जश्न,नौका प्रतियोगिता में महेश पाल समूह विजयी

**बांदा, (यूएनएस)।** जिले में नए वर्ष पर केन नदी किनारे जश्न का माहौल रहा। जिला गंगा समिति और गोरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में केन नदी में गंगा उत्सव मनाया गया। आरती हुई और दीपदान किया गया। नौका विहार प्रतियोगिता भी हुई। इसमें भूरागढ़ के महेश पाल समूह की टीम विजयी रही। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। यहां पहली बार हो रही नौका विहार प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। विधायक प्रकाश द्विवेदी और डीएम दीपा रंजन ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक लगभग 400 मीटर नौका रेस की प्रतियोगिता थी। इसमें महेश पाल समूह ने पहला स्थान हासिल किया। जगदेव एवं समूह ने दूसरा व मोहन लाल समूह ने तीसरा स्थान पाया। आयोजकों ने तीनों टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागी भूरागढ़ गांव के हैं। इसमें कुल 12 टीमों ने

# 9 बच्चों से भरी बस पलटी, स्टेयरिंग फेल होने के कारण हुआ हादसा




**अलीगढ़, (यूएनएस)।** जिले के खैर में सोमवार को एक बड़ा हादसा होने से बच गया। टैटी गांव रोड स्थित निसूजा गांव के पास सोमवार सुबह एक स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही थी और अचानक बस का स्टेयरिंग फेल हो गया। जिसके कारण बस खेतों में पलट गई। बस के अंदर स्कूल के 8 छात्र-छात्राएं बैठे थे। बस पलटने के बाद चीख पुकार मच गई। बस को पलटता देख आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए और बच्चों और चालक-परिचालक को बाहर निकाला। राहत इस बात की रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। खैर के सोमना रोड स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल की बस सुबह बच्चों को लेने के लिए जा रही थी। घटना के समय बस में सिर्फ 8 विद्यार्थी ही सवार थे। बस खेतों के किनारे से गुजर रही थी कि अचानक उसका स्टेयरिंग जाम हो गया। ड्राइवर इससे पहले कि कुछ समझ पाता, बस अनियंत्रित हो गई और खेतों में पलट गई। खेतों में मिट्ट्टी होने के कारण बस को भी ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और उसमें सवार सभी बच्चे और कर्मचारी भी सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। जिसके बाद बस चालक ने इसकी जानकारी तुरंत स्कूल प्रबंधन को दी। घटना के बाद बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद चिकित्सीय टीम ने उनका परीक्षण किया। कुछ बच्चे बस पलटने के कारण काफी घबराए हुए थे। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद वह बच्चों को अपने साथ घर ले गए। स्कूल के चेयरमैन मनोज राठी ने बताया कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी, लेकिन राहत इस बात की रही कि किसी को जरा भी नुकसान नहीं हुआ है। घटना के बाद क्रेन की सहायता से बस को सीधा किया गया और फिर उसे स्कूल लाया गया है। बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने वाली बसों का नियमित रूप से फिटनेस चेकअप किया जाता है। परिवहन विभाग की ओर से अधिकारियों की टीम इसकी निगरानी करती है और फिटनेस होने के बाद ही स्कूल वाहन को चलाने की अनुमति दी जाती है। ऐसे में बस पलटने से स्कूल और विभाग के ऊपर सवाल उठने लगे हैं, कि अनफिट बस को स्कूल में चलाने के लिए अनुमति कैसे दे दी गई। अगर बस खेतों में न पलटी होती तो इसमें बड़ा हादसा भी हो सकता था और बच्चों की जान पर संकट आ सकता है। वहीं घटना के बाद अधिकारी भी अब इसकी जांच में जुट गए हैं।

### राहुल गांधी और बृजलाल खाबरी अलाप रहे अलग-अलग सुर, यूपी में कांग्रेस की राजनीति 2 राहों पर

**लखनऊ, (यूएनएस)।** राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी को उत्तर प्रदेश में पहुंच रही है। इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ता असमंजस में है कि राहुल गांधी के नक्शे कदम पर चले या प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के साथ खड़े रहें। इसकी बड़ी वजह यह है कि दोनों नेताओं के सुर आपस में मेल नहीं खा रहे हैं। बता दें कि सपा बसपा के यात्रा में शामिल होने के सवाल पर बृजलाल खाबरी ने कहा कि सपा को देख रहे हैं किस प्रकार की राजनीति हो रही है। बीएसपी बीजेपी की गोद में बैठी है। मायावती अपने को मिटाने के लिए खुद ही पर्याप्त हैं। यह पूछने पर कि बसपा के एक सांसद ने तो दावा किया है कि मायावती भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी और वह गठबंधन से चुनाव लड़ने की भी बात कर रहे हैं। इस पर खाबरी ने कहा कि सासंद श्याम सुंदर यादव अब बसपा से स्वतंत्र हैं। यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा, अब कुछ भी बोल सकते हैं। इतना बड़ा निर्णय करवाना उनके बस में नहीं है। मायावती के साथ आने के कोई चांस नहीं है। दूसरी ओर राहुल गांधी ने यूपी में बीजेपी के खिलाफविपक्षी दलों के नेताओं को यात्रा में बुलाकर विपक्षी एकता का संदेश देना चाह रहे हैं। लेकिन इसी बीच प्रदेश अध्यक्ष के बयान ने अलग ही राग छेड़ दी है, फिर भी बीएसपी के जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव और सतीश चंद्र मिश्रा के इस में शामिल होने की संभावना है। बात करें बसपा की तो यात्रा में शामिल होने को लेकर पार्टी प्रमुख मायावती ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। उनके शामिल होने की संभावना भी कम ही है, लेकिन पार्टी के ओर से राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्र शामिल हो सकते हैं। जबकि जौनपुर से पार्टी सांसद श्याम सिंह यादव का यात्रा में शामिल होना तय है। जबकि ये दिल्ली में पहले ही यात्रा में शामिल भी हुए थे। वहीं बीएसपी सांसद ने भविष्य में कांग्रेस और बीएसपी के साथ आने के संकेत भी दिए थे। हालांकि गठबंधन की बात करना अभी जल्दबाजी होगी। इससे पहले सांसद ने कहा था, गठबंधन संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हमें विधानसभा चुनाव के आधार पर नहीं देखा जाए. अगर सभी पार्टियों के साथ हमारी बहनजी जाने का फैसला करती हैं तो कुछ सोच समझ कर करेंगी। उसका सभी विपक्षी पार्टियों को बहुत फायदा भी होगा.ष् वहीं देखा जाए तो बीएसपी के ओर से मिल रहे साकारत्मक संकेत के बीच बृजलाल खाबरी ने अलग ही राग अलाप दिया है।

### कोहरे में रेंग रही ट्रेनें, एक पांच घंटे तक लेट

**बांदा, (यूएनएस)।** कोहरे से सड़क मार्ग ही नहीं रेल यातायात भी प्रभावित हो रहा है। कोहरे की धुंध के कारण ज्यादातर ट्रेनें रेंगकर चल रही हैं। सोमवार को सुपरफास्ट, एक्सप्रेस, पैसेंजर सहित आठ ट्रेनें निर्धारित समय से एक से पांच घंटे तक लेट रहीं। कोहरे की सबसे अधिक मार दिल्ली, लखनऊ, जबलपुर और कानपुर रूट की ट्रेनों में पड़ रही है। छह से आठ घंटे में समय पूरा करने वाली ट्रेनों को 10 से 12 घंटे लग रहे है। उधर, ट्रेनों के लेट लतीफ होने से हजारों यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। छोटे-छोटे बच्चों के साथ घंटों ट्रेन के इंतजार में टिनशेड के नीचे बैठे रहते हैं। प्रतीक्षालय यात्रियों भरे हैं। यात्रियों के बैठना तो दूर खड़े होने की जगह नहीं है।

### विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

**बांदा, (यूएनएस)।** विवाहिता का शव फंदे से घर के अंदर कमरे में लटका मिला। पति ने खुदकुशी बताई है। जबकि मायके पक्ष से पिता ने दहेज में बाइक न देने पर मारपीट कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बिसंडा थाना क्षेत्र के पवई गांव निवासी हीरामनि (22) पत्नी हीरा प्रसाद का सोमवार को सुबह घर के कमरे के अंदर दीवार की खूंटी से साड़ी के फंदे से लटका पाया गया। घटना के संबंध में मृतका के जेठ बृजेश ने बताया कि पति हीरा गांव में ही चाय-पान की गुमटी किए है। मई 2021 में शादी हुई थी। विवाहिता अपने मायके से डेढ़ माह पहले आई थी। घटना का कारण उसे नहीं पता। उधर, मृतका के पिता रामप्रकाश निवासी कौहारी जिला चित्रकूट ने आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में बाइक की मांग कर रहे थे। न देने पर उसकी पुत्री को मारपीट कर शव फंदे से लटका दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बिसंडा थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला है। पति-पत्नी का आपसी विवाद हुआ था। घटना की जांच की जा रही है। मायके पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

### खेलते-खेलते नाले में गिरा 6 वर्षीय मासूम,तेज बहाव में बहा, गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी पुलिस

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** जिले में नए साल पर देर शाम को अपने साथियों के साथ खेल रहा एक 6 वर्षीय मासूम नाले में गिर गया। पानी का बहाव तेज होने के कारण मासूम का पता नहीं चल सका। इसकी जानकारी उसके साथियों ने परिजनों को दी। सूचना पर परिजनों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोर की मदद से बच्चे की तलाश कराई, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। घटना सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम ऊद की है। यहां नए साल के मौके पर ग्राम ऊद के रहने वाले राजू सेंगर का 6 साल पुत्र प्रांशु अपने गांव के साथियों के साथ गांव के बाहर मलंगा नाले के किनारे खेल रहा था। खेलते-खेलते पैर फिसलने के से नाले में जा गिरा। बच्चों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर परिजन ग्रामीणों के साथ पहुंचे और तलाश शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। सूचना पर सिरसाकलार थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी गोताखोर और पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से मलंगा नाले में जाल डालकर मासूम की तलाश शुरू कराई। लेकिन सुबह तक मासूम का कुछ भी पता नहीं चल सका।

### महिला मजदूरों के साथ छेड़खानी, मारपीट

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** ऑटो से मटर तोड़ने जा रही महिला मजदूरों के साथ युवकों ने छेड़खानी की, विरोध करने पर जमकर पीटा। ऑटो पलटाकर जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कोंच के भगत सिंह नगर निवासी अशरफ ने थाने में तहरीर दी है। इसमें बताया कि पत्नी बिस्मिल्ला सुबह करीब 10 बजे ऑटो से नदीगांव क्षेत्र के कन्हारी गांव मटर तोड़ने जा रहीं थी। साथ में गांव की शहनाज, वंदना, तमीजन, फरमान, अनिल भी थी। तूमरा गांव के पास बाइक से तूमरा का युवक साथियों के साथ पहुंचा और ऑटो रुकवा कर छेड़खानी की। विरोध करने पर महिलाओं को लात घूसों से पीटा। इसमें महिलाएं घायल हो गई। युवकों ने ऑटो पलटा दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# 23 अपराधियों पर लगी गैंगस्टर,5 थानों में अपराधियों के खिलाफहुई कार्रवाई, 13 पहुंचे सलाखों के पीछे

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** जिले में चोरी, लूट, डकैती और हत्या जैसे मामलों में वांछित 23 अपराधियों के खिलाफपुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जिले के 5 अलग-अलग थानों में अपराधियों के खिलाफकार्रवाई की गई है और मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी कलानिधि नैथानी के निर्देशानुसार पुलिस ने यह कार्रवाई की है। सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें से 13 अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और उन्हें जेल भेजा जा चुका है। वहीं फरार चल रहे 10 की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी पेशेवर अपराधी हैं और गैंग बनाकर घटनाओं को अंजाम देते हैं। जिसके कारण आमजनों को परेशानी का सामाना करना पड़ता है। जिसके चलते थाना अकराबाद, गांधीपार्क, लोधा, बन्नादेवी और महुआखेड़ा में मुकदमें दर्ज किए गए हैं। थाना अकराबाद में दो गैंग पर कार्रवाई की गई है। इसमें थाना गांधीपार्क के नगला मानसिंह निवासी दो सगे भाई दीपक और संदीप उर्फ सुनील पुत्र ठाकुर दास को नामजद किया गया है। दीपक गैंगलीडर है और संदीप सदस्य। दोनों की गिरफ्तारी हो चुकी है और दोनों जेल में हैं। वहीं दूसरा गैंग अंशुल पुत्र राजेंद्र निवासी दुआमई थाना अकराबाद, राहुल पुत्र राजू निवासी दुआमई, देवेंद्र उर्फ देवापुत्र बलवीर निवासी दुआमई और रामवतार पुत्र जयवीर निवासी दुआमई का है। अंशुल इनका गैंगलीडर है और उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य आरोपी फरार हैं। थाना गांधीपार्क में 7 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। इसमें पंकज पुत्र विनोद निवासी होली चौक, अर्जुन उर्फअजय पुत्र नरेन्द्र शर्मा निवासी कुंवर नगर, राजू पुत्र धर्मेन्द्र शर्मा निवासी कुंवर नगर, भोला उर्फ हिमांशु पुत्र कन्हैयालाल निवासी बाबा कालोनी, जिनेश पुत्र देवेन्द्रपाल निवासी होली चौक धनीपुर, वीरु पुत्र मेघसिंह निवासी डोरी नगर, जगदीश उर्फ विष्णु पुत्र भगवान सिंह निवासी महावीर नगर और सुमित पुत्र सुधीर बंसल निवासी देव नगर के खिलाफ कार्रवाई हुई है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बन्नादेवी थाने में शहबाज पुत्र ताजुद्दीन निवासी सराय काले खां थाना सासनीगेट और फुरकान पुत्र अनवर उर्फ अनवर उल्ला निवासी हरी मस्जिद के बराबर कासिम नगर पर कार्रवाई हुई है। शाहबाज गैंगलीडर है और फुरकान गैंग का सदस्य है। दोनों के खिलाफ 4 नामजद मुकदमें हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। महुआखेड़ा थाने में उमेश चन्द्र पुत्र चटर्जी सिंह निवासी देवी नगला थाना महुआखेडा, आशीष पुत्र वीरेश यादव निवासी देवी नगला, भूरा उर्फ राहुल पुत्र वीरेश यादव निवासी देवी नगला थाना और सौरभ उर्फसुखबीर पुत्र लालाराम निवासी देवी नगला पर कार्रवाई हुई है। उमेश गैंगलीडर है और अन्य आरोपी गैंग के सदस्य हैं। यह सभी फरार हैं और इनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। लोधा थाने में तीन आरोपियों पर कार्रवाई हुई है। इसमें इसराज उर्फ इसरार पुत्र मकसूद आलम निवासी मामूद नगर बी रोरावर, विनोद पुत्र मोहनलाल निवासी जौफरी कश्यप कालोनी थाना लोधा, ज्योति पुत्र मान सिंह निवासी जौफरी कश्यप कालोनी शामिल हैं। इसराज गैंग लीडर है। यह सभी आरोपी अभी फरार हैं और इनकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस इनकी गिरफ्तारी के साथ ही संपत्ति का ब्यौरा भी जुटाने में लगी है। सभी अपराधियों की संपत्ति का रिकॉर्ड तैयार करने के बाद इसे गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जाएगा। जिसके बाद पुलिस उसकी नीलामी करेगी। अब तक गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों की 95 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

# बाबू छत्रसाल सिंह ने गरीबों, वृद्धों, जरूरतमंदों को कंबल बांटकर पेश की मानवता की सच्ची मिसाल

## मां शैली देवी, पिता अवधेश सिंह की स्मृति में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

न्यूज गाइड। संवाददाता





**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के शैल अवधेश पब्लिक हाई स्कूल खजुरों एवं ग्रीन फील्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज बछरावां के प्रबंधक बाबू छत्रसाल सिंह ने गत वर्षों की भांति क्षेत्र के जुगराजपुर गांव में ग्राम प्रधान रमेश सिंह के दरवाजे निर्मला, शिवपता, जगरानी, शिवकला, अहमदअली, रामसजीवन, रामनाथ, महादेव सहित 60 गरीब, बेसहारा, वृद्धों, दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों को कम्बल बांट कर मानवता की सच्ची मिसाल पेश की। कंबल पाकर मुरझाए चेहरे खुशी से खिल उठे सभी ने बाबू छत्रसाल सिंह व उनके बड़े भाई आशुतोष सिंह उर्फ शिवा जी, बाबू आनंद सिंह को खूब दुआएं दी। बताते चले कि बाबू छत्रसाल सिंह पिछले 21 वर्षों से बगैर किसी स्वार्थ के समाज सेवा करते चले आ रहे हैं। जो हर साल अपने पास से 500 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने के साथ ही गरीब बेटियों की शादी में बढ़-चढ़कर मदद करते हैं। यही नहीं बाबू छत्रसाल सिंह अपने पास से गरीब बस्तियों में अब तक सैकड़ों इंडिया मार्का हैंडपम्प और सोलर लाइटें लगवा चुके हैं। जिनके सार्थक प्रयासों से निःशुल्क नेत्र शिविरों के माध्यम से अब तक हजारों बेसहारा, जरूरतमंदों को आंखों की रोशनी मिल चुकी है। पूछे जाने पर बाबू छत्रसाल सिंह ने बताया कि अपनी पूजनीय माता शैली देवी, पूज्यनीय पिता अवधेश सिंह की स्मृति में पिछले 20 वर्षों से कंबल वितरण एवं नेत्र शिविर का आयोजन करने के साथ ही गरीब बेटियों शादी में मदद करते चले आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जरूरतमंदों की मदद करने से मन को जो शकून मिलता है उसको शब्दों में बंया नही किया जा सकता। उनका मानना है की वृद्धों एवं जरूरतमंदों की दुआएं कभी खाली नही जाती है,हमेशा वे दिल से दुआएँ देते हैं। इस लिए हर किसी को आगे बढ़कर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। श्री सिंह अपने विद्यालयों में अब तक दर्जनों गरीब और अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देकर उनका भविष्य संवार चुके हैं। जिसके लिए बछरावां और शिवगढ़ क्षेत्र में हर कोई उनकी कोई सराहना करते नही थकता। इस मौके पर ग्राम प्रधान एवं जनता इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश सिंह, अभिषेक सिंह, अवधेश सिंह, सुरेंद्र बहादुर, कृष्णपाल, सूर्य बहादुर सिंह, सुरेश, अरुण कुमार, शैलेंद्र प्रताप, तेज प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

## आंदोलन की तैयारी में महिला कर्मचारी, वेतन विसंगतियों पर मांगों को पूरी नहीं करने से बढ़ी नारागजी

**लखनऊ, (यूएनएस)।** एएनएम की महिला कर्मचारियों ने सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की है। एएनएम के तहत कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों ने बताया वेतन विसंगतियों के अलावा अपनी कई मांगों पर वह सरकार के सामने अपनी बात रख चुकी हैं। मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघर्ष समिति का गठन इसके लिए किया गया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह एवं संचालन शीला कपूर ने बताया कि रूपधारा बिजनौर को समिति का प्रदेश अध्यक्ष, मधुबाला प्रयागराज उपाध्यक्ष, मंजू तिवारी उपाध्यक्ष, मृणालनी महामंत्री, उर्मिला भट्ट वरिष्ठ उपाध्यक्ष और शीला कपूर को सम्प्रेक्षक चुना गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की हजारों हजार महिला स्वास्थ कार्यकर्ता अपनी जायज मांगों के निस्तारण का इंतजार कर रही है। कई संगठन महिला स्वास्थ कार्यकर्ता के नाम से बने हुए है लेकिन कई वर्षो से इस संवर्ग की जायज मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। नई कार्यकारिणी के गठन के उपरान्त प्रदेश स्तर पर मण्डलीय एवं जनपदीय कार्यकारिणी का गठन 15 जनवरी तक कराए जाने का निर्णय आम सभा में लिया गया।फरवरी के पहले सप्ताह से मांगों की प्रतिपूर्ति के लिए सड़क पर उतरने का निर्णय आमसभा में लिया गया। आमसभा की अध्यक्षता कर रहे परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि उनका पूरा सहयोग समिति के साथ रहेगा। आमसभा में प्रदेश अध्यक्ष मधुबाला ने बताया कि मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघर्ष समिति की मुख्य मांगों में 2800 ग्रेड पे, महिला एवं पुरूष स्वास्थ कार्यकर्ता की अलग-अलग सेवा नियमावली, समयबद्ध पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली और पीएचएम की बहाली मुख्य है।

## मिंहीपुरवा की रामदुलारी ने मनाया 104वां जन्मदिन, परिजनों ने केक काटकर बांटी खुशियां

**बहराइच, (यूएनएस)।** जिले के मोतीपुर( मिहीपुरवा) के बिछिया गांव में एक वृद्ध महिला के 103 साल की उम्र होने पर उसके परिवारीजनों ने धूमधाम से वृद्ध महिला का जन्मदिन मनाया है। बिछिया गांव की रहने वाली राम दुलारी सोनी 1 जनवरी को 103 साल की हुई हैं। नए वर्ष के मौके पर परिवारीजनों ने वृद्ध महिला के चेहरे पर खुशी देखने के लिए धूमधाम के साथ 104वां जन्मदिन मनाया है। रविवार की देर शाम को परिवारीजनों, रिश्तेदारों व स्थानीय लोगों की मौजूदगी में हर्षोल्लास व गाजेबाजे के साथ महिला का जन्मदिन मनाते हुए लोगों ने महिला को बधाई दी है। जन्मदिन के मौके पर केक काटते समय महिला के चेहरे पर खुशी देखने को मिली है। वहीं वृद्ध महिला के पोते लिटिल सोनी ने बताया कि उनकी दादी की उम्र 103 वर्ष हो चुकी है। ऐसे में उनके जीवन में कैसे खुशियां बिखेरी जाए इसके लिए उनका जन्मदिन मनाकर उन्हें खुश करने की एक कोशिश की गई है। जन्मदिन के मौके पर पुत्र दीपचंद सोनी, लल्लू सोनी, पोते लिटिल सोनी, मुन्ना सोनी, रोहित सोनी, महेश सोनी, रवि सोनी व रिश्तेदार तथा स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## रुपया वसूलने के आरोप में स्टॉफनर्स निलंबित

**बहराइच, (यूएनएस)।** मेडिकल कॉलेज की महिला विंग में तीमारदारों से अवैध वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। प्राचार्य ने इस पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए इसकी जांच शुरू कर दी है। बीते एक सप्ताह पूर्व एक वार्ड ब्वॉय को अवैध वसूली के आरोप में निलंबित किया गया था। रविवार की देर शाम एक स्टाफनर्स को भी निलंबित कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज के महिला विंग में भर्ती महिला मरीजों के तीमारदारों से दवाएं देने, इंजेक्शन लगाने समेत अन्य सुविधाएं प्रदान करने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही हैं। जिसका संज्ञान लेते हुए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार की देर शाम महिला विंग में तैनात स्टाफ नर्स सोनम तिवारी को अवैध वसूली में संलिप्त पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया। प्राचार्य डॉ. खत्री ने बताया कि कई और स्टाफनर्स जांच की जद में हैं। शीघ्र ही उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन, निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग

**बस्ती, (यूएनएस)।** जिले में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष पतिराम आजाद के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जानबूझकर हाईकोर्ट में कमजोर पैरवी की। भाजपा की मंशा पिछड़ों को आरक्षण का लाभ दिलाने की नहीं है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा ने जानबूझकर गड़बड़ी कराई। चेतावनी दिया कि यदि निकाय चुनाव में ओबीसी का आरक्षण लागू न किया गया तो आम आदमी पार्टी चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन को बाध्य होगी। वहीं आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव मुकेश कुमार शुक्ल फौजी ने एक अलग ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर हर्रैया विधानसभा क्षेत्र के संसारीपुर उभाई गोकुलपुर मार्ग के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मार्ग एनएच 28 से जोड़ता है और स्थिति दयनीय होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. राम सुभाष वर्मा, चन्द्रभान कन्नौजिया, फिरदौस अहमद, मेहतराम हुसेन, वीरेन्द्र यादव, रामसुन्दर यादव, उमेश कुमार शर्मा, डॉ. मुन्नर प्रसाद शर्मा, उत्तम चौधरी, डी.एन. शास्त्री, पप्पू मिश्र, लक्ष्मी यादव, मनोज कुमार पाण्डेय, के.पी. भारती, मिथलेश भारती, संदीप नारंग, वीरेन्द्र गुप्ता, मनोज कुमार जायसवाल, पवन कुमार पाण्डेय, कृष्ण कुमार अग्रहरि, प्रमोद कुमार मिश्र, संजय मिश्र, अमित विक्रम त्रिपाठी सहित आम आदमी पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## ग्राहक सेवा केन्द्र का ताला तोड़कर नगदी ले गए चोर, सोती रही पुलिस

**बस्ती, (यूएनएस)।** जिले में नव वर्ष पर चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था और गश्त के पुलिसिया दावे पर चोर भारी पड़े। लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा बाजार पुलिस चौकी से मात्र सौ मीटर दूर स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र के शटर का ताला तोड़कर घुसे चोर एक लाख से अधिक की नगदी चुरा ले गए। चोरी की घटना की जानकारी सोमवार को दिन में हुई। सीएससी संचालक कुदरहा गांव निवासी राजकुमार यादव जब एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र पर पहुंचे तो शटर का ताला टूटा मिला।

# 5 दिन बर्फीली हवाएं चलने का अलर्ट, राजधानी में सर्दी का रिकॉर्ड टूटा



**लखनऊ, (यूएनएस)।** यूपी के सभी हिस्सों में कोहरे का असर है। साल की शुरुआत भी कोहरे के साथ हुई। पूरे दिन आसमान पर धुंध छाई रही। इससे आवाजाही करने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेन और बस काफी देरी से चल रही हैं। शहरी इलाके में कोहरा भले ही कम था। मगर हाईवे पर घना कोहरा ट्रैफिक की रफ्तार को कम करता रहा। लखनऊ में अधिकतम पारा 18 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.9 अंक कम था। न्यूनतम पारा 12 डिग्री रहा। वहीं साल के पहले दिन को लेकर मौसम विभाग ने एक आंकड़ा जारी किया। लखनऊ में बीते 3 साल में 2023 पहली जनवरी सबसे सर्द रही। 2020 से लेकर 2022 तक हमेशा पहली जनवरी का अधिकतम तापमान 20 डिग्री से ज्यादा रहा। अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक एम. दानिश ने बताया कि सोमवार को घना कोहरा रह सकता है। दिन और रात के तापमान में भी गिरावट होगी। 4 जनवरी तक यूपी के कई शहरों में कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग ने चेताया है कि सोमवार से शीतलहर हो सकती है। सोमवार को कई जिलों 8वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग भी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए की गई। वहीं, वाराणसी और सहारनपुर में 5 जनवरी तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। वहीं बरेली और मुजफ्फरनगर में अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचकर थमा। बीती रात झांसी और मेरठ में सबसे कड़ाके की ठंड पड़ी। जहां न्यूनतम पारा 5.6 डिग्री तक पहुंच गया। यह सामान्य तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे था। सोमवार को तीसरे दिन भी कानपुर में धूप नहीं निकली। अधिकतम तापमान जहां 20 डिग्री तक आ गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक लुढ़क गया। कानपुर में बर्फीली हवाओं का असर दिखने लगा है। सोमवार की सुबह भी घने कोहरे के साथ हुई है। 6 बजे तक कोहरा इस कदर घना रहा कि 15 मीटर भी विजिबिलिटी नहीं थी। हाईवे से लेकर शहर के अंदर भी वाहनों की रफ्तार थम गई। वहीं जगह-जगह अलाव जलाकर लोग ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 4 जनवरी तक घना कोहरा छाया रहेगा। इससे ट्रेन, बस और फ्लाइट संचालन में दिक्कत आएगी। कड़ाके की ठंड वाले जिलों की सूची में शाहजहांपुर, हरदोई, बलिया, बहराइच, सुल्तानपुर, प्रयागराज, हमीरपुर, नजीबाबाद, लखनऊ, मेरठ, खीरी और आगरा आदि जिले शामिल है। जबकि 2 जनवरी यानी आज वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर बुलंदशहर अलीगढ़ में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र की चेतावनी के मुताबिक 2 जनवरी को सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, बिजनौर, अमरोहा और मुरादाबाद आसपास के क्षेत्र में शीत लहर चलने की संभावना है।

## आभूषण की दुकान में नकब काटकर चोरी का प्रयास

**बस्ती।** चोरों ने रविवार रात महुलानी बाजार में आभूषण की दुकान में सेंध काटकर चोरी का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र महुलानी गांव के पंकज कुमार सोनी महुलानी बाजार के राम चरन चौधरी के मकान में किराए के कमरे में आभूषण की दुकान चलाते हैं। रविवार शाम को दुकान बंद करके पंकज कुमार बनारस किसी काम से गए थे। रात में पीछे से सेंध काटकर चोर दुकान में घुस गए और दुकान में रखा तितर-वितर कर दिए। चोरों ने लॉकर खोलने का प्रयास किया, लेकिन लॉकर न खुलने से उसमें रखे जेवर बच गए। आज आसपास के लोगों ने सेंध कटी देख पुलिस और दुकानदार को सूचना दी। दुकानदार पंकज कुमार ने बताया कि दुकान के लाकर में रखे जेवर को चोर नहीं ले जा पाए हैं। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र कुंवर ने बताया कि दुकान में चोरी का प्रयास हुआ है। छानबीन की जा रही है।

## गल्ला व्यापारी पिता-पुत्र को बंधक बना मांगी रंगदारी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**बहराइच, (यूएनएस)।** शहर के गोंडा रोड स्थित एक गल्ला व्यापारी के यहां हथियारों से लैस बदमाश पहुंच गए। बदमाशों ने गल्ला व्यापारी और उसके कर्मी के कनपटी पर बंदूक लगाकर रंगदारी मांगी। छत से आए पुत्र को भी बंधक बना लिया। इसके बाद सभी फरार हो गए। जानकारी मिलते ही एएसपी नगर के साथ तीन थानों की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मौके की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के शिव नगर मोहल्ला में गोंडा रोड पर गल्ला व्यापारी आलोक कुमार बथवाल की थोक दुकान है। व्यापारी नानपारा निवासी अपने कर्मी अमित पुत्र पवन कुमार के साथ बैठा था। रविवार रात को हथियारों से लैस पांच की संख्या में बदमाश पहुंच गए। सभी ने व्यापारी और उसके कर्मी को बंधक बना लिया। दोनों को दुकान में ही बंद कर दी। इसके बाद रंगदारी मांगने लगे। व्यापारी ने अवकाश का दिन होने और सन्नाटा होने की बात कही। इस पर सभी बंदूक लगाकर जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान गल्ला व्यापारी का पुत्र आ गया। उसे भी सभी ने बंधक बनाकर रंगदारी मांगी। इसके बाद सभी चले गए। घटना की जानकारी व्यापारी ने पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कोतवाली नगर, देहात और दरगाह थाने की पुलिस के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से जांच की। व्यापारी और कर्मचारी का बयान दर्ज किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए है।

## पुरानी दर पर चीनी मिलों को गन्ना बेचके को मजबूर: रालोद

**लखनऊ, (यूएनएस)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देशानुसार यूपी में चलाए जा रहे किसान संदेश अभियान को लेकर प्रदेश के किसानों में जबरदस्त उत्साह है। राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने अपने जनपदों में किसानों से सम्पर्क करके प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम गन्ना मूल्य घोषित करने को लेकर किसान संदेश पत्र को हस्ताक्षरित कराकर भेज रहे हैं। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता वेद प्रकाश शास्त्री ने बताया कि प्रदेश के 75 जनपदों से अब तक 3000 किसानों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है जिसमें कहा गया है कि उ0प्र0 में गन्ना पेराई का सत्र शुरू हुए तीन माह से अधिक समय बीत गया है परन्तु अभी तक राज्य सरकार ने गन्ने का समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया। प्रदेश में 119 मिले चल रही है जिनमें किसान पुराने मूल्य पर अपना गन्ना देने पर मजबूर है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में गन्ना किसानों को लागत का डेढ़ गुना मूल्य देने के वादे के साथ 14 दिन में भुगतान करने का भी वादा किया था परन्तु दूसरी बार सत्ता में आने के बाद भी अपना वादा पूरा नहीं कर रही है। जिसको लेकर प्रदेश के किसानों में जबरदस्त आक्रोष है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश के एक लाख किसानों से सम्पर्क कर उनके हस्ताक्षर युक्त पत्र भेजने का लक्ष्य रखा गया है जिसे पूरा करने के लिए राष्ट्रीय लोकदल की सभी इकाइयां प्राण प्रण से लगी हुई हैं।

## रोजगार और आरक्षण के सफाये पर उतारू हैं भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार

**भाकपा चलायेगी रोजगार बचाओ, आरक्षण बचाओ और इन्हें बचाने को भाजपा हटाओ अभियान**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी केन्द्र और राज्य सरकारें एक ओर रोजगार समाप्त कर रही हैं वहीं दूसरी ओर आरक्षण पर भी कुल्हाड़ा चला रही हैं। यदि आगामी दिनों में भाजपा को सत्ता से बेदखल न किया गया तो वह रोजगार ही नहीं संपूर्ण आरक्षणों का सफाया कर देगी। अतएव रोजगारों की रक्षा और आरक्षण की सुरक्षा करनी है तो भाजपा को सत्ता से हटाना ही होगा। अतएव भाकपा के राज्य सचिव मंडल की दूरभाषिक परामर्शिका में चरणबध्द और मुद्दा आधारित अभियान चलाने का सोच उभरा जिसके तहत प्रथम चरण में भाकपा 11 जनवरी से 18 जनवरी तक ÷रोजगार बचाओ, आरक्षण बचाओ, और इन्हें बचाने को भाजपा हटाओ÷ अभियान चलायेगी। 11 से 17 जनवरी के बीच जाग्रति अभियान चलाया जाएगा और 18 जनबरी को जिला मुख्यालयों पर धरने- प्रदर्शनों का आयोजन किया जाएगा। राज्य सचिव मंडल का आरोप है कि देश और अवाम की चहुंतरफा बरवादी पर आमादा भाजपा सरकारें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बेच कर, सरकारी विभागों में रोजगार के अवसरों की निरंतर कटौती कर तथा रिक्त पदों के भरने में रोड़ा अटका कर सर्वसमाज के युवाओं को रोजगार से वंचित कर रही है। साथ ही वह हर प्रकार के आरक्षणों को सीमित और समाप्त करने पर उतारू है। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 69,000 शिक्षकों की भर्ती में वांच्छित आरक्षण नहीं दिया और निकायों में आरक्षितों को प्रतिनिधित्व से वंचित करने को कूट षडयंत्र रचा। रोजगार एवं आरक्षण छीनने को ऐसे ही तमाम क्रियाकलापों में राज्य सरकार लिप्त है। केन्द्र सरकार भी न केवल रोजगारों पर कुल्हाड़ा चला रही है, अपितु आरक्षण को भी छद्म तरीके से समाप्त करने पर आमादा है। प्रशासनिक अधिकारियों की बिना कंपटीशन के भर्ती इसका जीता जागता उदाहरण है।

न्याय विभाग द्वारा संसद की समिति को दी गयी रिपोर्ट से पता चलता है कि गत पाँच सालों में हाई कोर्ट में पिछड़े समुदाय से मात्र 15 प्रतिशत जज ही नियुक्त किये गये हैं। रोजगार के मोर्चे पर स्थिति यह है कि दिसंबर माह में देश में बेरोजगारी की दर बढ़ कर 10. 9 फीसदी के स्तर पर पहुंच गयी जो 16 माह के उच्चतम स्तर पर है। असंगठित बेरोजगारों की लाइफ-लाइन मनरेगा को भी खोखला बना दिया गया है। भाकपा राज्य सचिव मंडल ने जिला इकाइयों और पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि जनहित और युवाहित में वे इस अभियान को पूरी शिद्दत से जनता के बीच ले जायें।

# संक्षिप्त समाचार

## भूमि ग्रुप द्वारा हजारो जरूरतमंदों को वितरित किया गया कम्बल

**लखनऊ, (यूएनएस)।** भूमि ग्रुप परिवार और भूमि आईएएस ने नववर्ष 2023 के पहले दिन लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में कम्बल वितरण अभियान का आयोजन किया।भूमि ग्रुप के चेयरमैन बी एम सिंह ने कहा कि गरीबों और वंचितों को ठंड के कहर से बचाने और सर्दी के मौसम में चौन की नींद सोने के लिए ग्रुप के सदस्यों द्वारा हर वर्ष लखनऊ के विभिन्न इलाकों में कंबल बांटे जाते हैं। समाजसेवी प्रदीप सिंह 'बब्बू' ने कहा कि हर जरूरतमंद को इस ठंड भरी रात में सुकून से सोने का अधिकार है। भूमि ग्रुप का यह सहयोग समाज के लिए अनुकरणीय है। कंबल वितरण का कार्य हनुमान मंदिर रायबरेली रोड, शनि मंदिर तेलीबाग, आशियाना में विभिन्न रैन बसेरा, बंगला बाजार, शहीद पथ के विभिन्न हिस्से और तेलीबाग क्षेत्र के अधिकांश स्थानों पर किया गया। इस अवसर पर बी एम सिंह प्रदीप सिंह बब्बू के अलावा धनंजय सिंह राणा ,ओ पी श्रीवास्तव सहित भूमि ग्रुप के दर्जनों सहयोगी उपस्थित थे।

## लंबे इंतजार के बाद पार्टी में जिम्मेदारी को लेकर शिवपाल का बड़ा बयान, कहा बीजेपी को हराना हमारा लक्ष्य

**लखनऊ, (यूएनएस)।** जी हां उत्तर प्रदेश की सियासी गलियारों में सता पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी का दौरा हाई है...कहीं जुबानी वार हो रहे हैं तो कहीं तीखे पलटवार किए जा रहे हैं...तो वहीं दूसरी ओर भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस की तरफसे समाजवादी पार्टी को न्योता दिए जाने की बात लगातार कही जा रही है...लेकिन सपा अध्यक्ष इस न्योते वाली बात से इनकार कर रहे हैं...लेकिन जब न्योते वाली बात चाचा शिवपाल से की गई तो वो सीधे सीधे बचते दिखे और कहा कि राहुल गांधी ने यात्रा निकालकर अच्छा काम किया है...आगे जो हमारी पार्टी का आदेश होगा, उस पर काम किया जाएगा।

## बढ़ती ठंड को लेकर योगी ने दिए सख्त निर्देश, बोले, जिलाधिकारी रखें रैन बसेरों पर नजर

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे रैन बसेरों की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करें। ठंड के मौसम में सड़क पर कोई भी व्यक्ति सोता हुआ नजर न आए। योगी ने सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि शीतलहर के बीच निराश्रित जनों की सहायता के लिए प्रदेश में रैन बसेरों की स्थापना की गई है। अब तक 1200 से अधिक रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी स्वयं रैन बसेरों की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करें। जहां आवश्यकता हो सुधार कराएं। सीएम योगी ने आगे कहा कि ठंड के मौसम में सड़क पर कोई भी व्यक्ति सोता हुआ नजर न आए। हर जरूरतमंद को रैन बसेरे की सुविधा उपलब्ध हो। निराश्रित, जरूरतमंद लोगों को अब तक 2.86 लाख कंबल वितरित किए जा चुके हैं। यह क्रम आगे भी जारी रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कंबल आदि राहत सामग्री का वितरण स्थानीय सांसद,विधायक,स्थानीय निकाय चेयरमैन आदि जनप्रतिनिधियों द्वारा ही किया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के समुचित प्रबंध हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में धान खरीद की प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 6.50 लाख किसानों से 41 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हो चुकी है। 8400 करोड़ रूपए की इस खरीद के सापेक्ष वर्तमान में बकाये 6700 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों के बैंक खाते में किया जा चुका है। अवशेष 1700 करोड़ रूपए का यथाशीघ्र भुगतान करा दिया जाए। प्रदेश के सभी जिलों में डीएपी और यूरिया की उपलब्धता पर नजर रखी जाए। कहीं भी खाद की कमी न हो। सीएम योगी बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मद्देनजर पिछले दिनों बाराबंकी जिले में 1 दिवसीय निवेशक व निर्यातक सम्मेलन आयोजित किया गया था। बाराबंकी के यह प्रयास अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्पद है। ऐसे आयोजन अन्य जिलों में भी किए जाने चाहिए। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। योगी ने आगे कहा कि प्रयागराज माघ मेले में कल्पवासियों और साधु-संतों की भावनाओं और आवश्यकताओं का सम्मान किया जाए। अंतर विभागीय समन्वय के साथ कार्य हो। कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, साधु-संतों, को पूर्व में मिलने वाली सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। पुलिस महानिदेशक द्वारा स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण किया जाए।

## विभिन्न कंपनियों में एएमयू के छात्रों का चयन

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं नियोजन कार्यालय (जनरल) द्वारा आयोजित भर्ती अभियान में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने छह छात्रों को रोजगार के लिए चुना है। यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर साद हमीद ने बताया कि हाइक एजुकेशन ने आस्था गुप्ता (पीजीडीबीएम) और विप्रो ने मुहम्मद इरफान (एमबीए) को चुना। इसके अलावा, इन्कयूरो ने अमर्श गौतम (बी.टेक) का चयन किया जबकि डब्ल्यूएसपी इंडिया ने एमएससी के छात्रों जुनैद फारूक और शमैला आजम का चयन किया। इसी तरह, यूफ्लेक्स ने शिवानी शर्मा (एमएससी) को नौकरी की पेशकश की।

## एएमयू शिक्षक प्रोफेसर डब्लू यू मलिक मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** आगरा में इंडियन काउंसिल ऑफ केमिस्ट्स (आईसीसी) के 31वें वार्षिक सम्मेलन में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर सरताज तबस्सुम को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उनकी विशिष्ट शोध सेवाओं के लिए 'प्रोफेसर डब्ल्यूयू मलिक मेमोरियल अवार्ड 2022' से सम्मानित किया गया। श्री योगेंद्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, प्रो. अंशु रानी, कुलपति, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा और प्रो. जीसी सक्सेना, अध्यक्ष, आईसीसी ने प्रोफेसर सरतजा तबस्सुम को प्रमाण पत्र, पुरस्कार और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रो. तबस्सुम ने इस अवसर पर 'मेटल बेस्ड एंटीकैंसर ड्रग एलिमेंट्स' पर एक व्याख्यान भी दिया। गौरतलब है कि प्रोफेसर सरताज तबस्सुम कैंसर की दवाओं पर काम कर रहे हैं। उन्होंने सीएसआईआर, यूजीसी, डीबीटी, भारत सरकार की कई शोध परियोजनाओं को पूरा किया है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण पत्रिकाओं में 166 पत्र प्रकाशित किए हैं और 17 शोध छात्रों का मार्गदर्शन किया है। इसके अलावा उन्हें एंटी-ट्यूमर दवाओं पर 3 पेटेंट भी मिले हैं। सम्मेलन के दौरान प्रो. सरताज तबस्सुम के अनुसंधान समूह के दो छात्रों डॉ. हुजैफा यासिर खान और सफूरा अख्तर (रसायन विज्ञान विभाग) को भी सर्वश्रेष्ठ शोध, मौखिक और पोस्टर प्रस्तुति के लिए आईसीसी द्वारा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार-2022 से सम्मानित किया गया।

## राहुल गांधी के नेतृत्व में बदल सकती है राष्ट्रीय राजनीति

**लखनऊ, (यूएनएस)।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं की एक बैठक पार्टी दफ्तर तकिया पीर जलील कैसर बाग लखनउ में पार्टी के अध्यक्ष मो नदीम सिद्दकी एडवोकेट की सदारत में संपन हुई, बैठक में श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा को इतिहासिक कदम बताते हुए कहा गया कि 2014 से सत्ता धारी पार्टी व उसके अनुषांगिक संगठनों द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए देश भर में हिन्दु-मुस्लिम समुदाय के खिलाफ इस तरह नफरत फैलाई गई कि आज हिन्दू-मुस्लिम के बीच बड़े पैमाने पर दूरियां बढ़ गई हैं जो भारत जैसे देश की एकता अखंडता के लिए खतरनाक ही नहीं चिंता का विषय है ऐसे में नफरत के खिलाफ आवाज उठाना हर भारती को आपस में प्रेम मोहब्बत से रहकर देश के भाई चारा को कायम रखने लिए यात्रा निकालना बहुत जरूरी था जिसे राहुल गांधी ने महसूस किया और कश्मीर से कन्या कुमारी तक चल कर देश को जोड़ने का बेड़ा उठाया और उसमें देश वासियों का उनको भर पूर प्रेम व समर्थन मिल रहा है जिससे नफरत का कारोबार करने वाले तरह तरह से इस ऐतिहासिक यात्रा को नाकाम करने का प्रयास कर रहे हैं। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करते हुए राहुल गांधी जी का देश की एकता अखंडता के लिए हमेशा याद रखे जाने वाला कदम बताया गया और पार्टी कारकुनान से उत्तर प्रदेश आगमन पर इस ऐतिहासिक यात्रा में शामिल हो कर भरपूर सहयोग करने का आवाहन किया गया है साथ ही प्रदेश वासियों से धर्म जाति व राजनीति से ऊपर उठकर भारत जोड़ो यात्रा का समर्थन व सहयोग करने की अपील की गई है ताकि नफरत फैलाकर सत्ता प्राप्त करने वाले लोग अपने घिनौने प्रयास में अब किसी तरह सफल न हो सके।

# सम्पादकीय

## बदलाव लाने का दावा

**महंगाई का दर्द और** बेरोजगारी का बोझ देकर साल 2022 विदा हो गया। अभी केंद्र पर सत्तारुढ़ मोदी सरकार का शासन डेढ़ सालों तक और चलेगा। सब कुछ ठीक चलता रहा तो अगले आम चुनाव 2024 के पूर्वार्द्ध में होंगे। यानी अगले डेढ़ सालों तक जनता को उन समस्याओं से जूझना ही होगा, जिनसे पिछले आठ बरसों से वह परेशान हो रही है। दूध, अनाज, तेल, गैस जैसी रोजमर्रा की चीजों के दामों में किसी कमी के आसार नहीं दिख रहे, नयी नौकरियों की कोई संभावना नहीं बन रही, और न सरकार की ओर से ऐसा कोई उपाय किया जा रहा है कि रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत हो। दरअसल जनता की जो मुश्किलें हैं, सरकार उन्हें स्वीकार ही नहीं कर रही है। सरकार यह मान कर चल रही है कि देश विकास कर रहा है, पांच किलो मुफ्त के अनाज से लोगों को राहत मिल रही है, और रोजमर्रा के जीवन में आम लोगों को किसी बात की तकलीफ नहीं है। 2022 तक मोदी सरकार ने देश में बहुत से बड़े बदलाव लाने का दावा और वादा किया था। जैसे सितंबर 2015 में प्रधानमंत्री मोदी ने स्कूली छात्रों से बातचीत करते हुए कहा था कि 2022 में जब भारत आजादी के 75 साल मनाएगा, हर घर में 24ङ्ग7 बिजली होनी चाहिए। दिसंबर 2016 में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि साल 2022 तक प्रत्येक भारतीय के पास अपना घर होगा। 11 फरवरी 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओमान में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा था कि बुलेट ट्रेन परियोजना 2022 तक भारत में एक वास्तविकता होगी। जून 2018 में श्री मोदी ने दावा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। 20 सितंबर 2018 को श्री मोदी ने कहा था कि देश को 2022 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना देंगे। इन सबके अलावा एक बड़ा लक्ष्य 2022 तक अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने का भी मोदी सरकार ने रखा था। लेकिन इनमें से एक भी बात धरातल पर सच नजर नहीं आई। और नए साल में भी किसी बड़े बदलाव के कोई लक्षण नजर नहीं आ रहे। 2023 का साल भी पिछले साल की तरह चुनौतियों से भरा और संभावनाओं से शून्य रहता, अगर भारत जोड़ो यात्रा शुरु न हुई होती। राहुल गांधी के समर्थक हों या विरोधी। उनकी राजनीति को पसंद करने वाले हों या नापसंद करने वाले। राहुल गांधी और उनके नेतृत्व में निकल रही इस यात्रा के प्रभाव को कोई नजरंदाज नहीं कर पा रहा है। रोजाना सोशल मीडिया पर एक हैशटैग इस यात्रा या राहुल गांधी से संबंधित ही चलता है। सितंबर में जब यात्रा निकली थी, तो कई लोगों ने दावा किया था कि जो भीड़ है, वो केवल दक्षिण के राज्यों में ही दिखेगी, यात्रा का प्रभाव दक्षिण भारत तक ही सीमित रहेगा। लेकिन दक्षिण से निकल कर पश्चिम को छूते हुए, मध्यभारत से गुजरते हुए अब यात्रा उत्तर भारत तक पहुंच गई है और इसका प्रभाव भी बढ़ता ही जा रहा है। राहुल गांधी का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। दिल्ली में लोग राहुल को सुनने के लिए, उनके साथ कुछ किलोमीटर चलने के लिए खुशी-खुशी आगे आए। राहुल जो मोहब्बत का पैगाम देने निकले थे, वो अब दूर तक फैलता जा रहा है। आम लोगों के साथ-साथ महबूबा मुफ्ती और नीतीश कुमार जैसे नेता भी अब राहुल गांधी में उम्मीद तलाशने लगे हैं, यह सियासत में बड़े बदलाव का संकेत है। यह बदलाव शायद इसलिए संभव है, क्योंकि राहुल गांधी भी अब एक परिपक्व नेता के तौर पर बात करने लगे हैं। बीते साल के आखिरी दिन उन्होंने तीन महीनों में 9वीं प्रेस कांफ्रेंस की। इस प्रेस कांफ्रेंस में भी उन्होंने लगभग वही सारी बातें दोहराई, जो वे पिछले कुछ महीनों से हर मंच पर कहते आ रहे हैं। जैसे भाजपा और संघ को धन्यवाद दिया कि वे उन पर आक्रमण करते हैं। इन दोनों को वह अपना गुरु मानते हैं क्योंकि वह उन्हें रास्ता दिखा रहे हैं कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। अपने खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान का जिक्र भी राहुल गांधी ने किया। पत्रकारों ने उनसे विपक्ष की एकता, 2024 में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी जैसे सवाल भी पूछे और इस बार श्री गांधी पहले से अधिक परिपक्वता के साथ जवाब देते नजर आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा और कांग्रेस एक जैसे नहीं हैं, जैसा दावा अखिलेश यादव ने किया है। क्योंकि अगर ये दोनों दल एक होते तो भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत की बात नहीं करती। राहुल गांधी ने सुश्री मायावती और अखिलेश यादव के लिए बड़ी बात कही कि कोई नेता नफरत का हिंदुस्तान नहीं चाहता है। इस वक्तव्य से राहुल गांधी ने बड़ी पार्टी का बड़प्पन दिखाया है और ये बताया है कि न्यस्त स्वार्थों के कारण भले ये दल अभी कांग्रेस के साथ नहीं आ रहे हैं, लेकिन भाजपा से मुकाबले के लिए सबको एक होना ही होगा। राहुल गांधी ने यह भी साफ-साफ कहा कि भाजपा को हराने के लिए जिस केन्द्रीय विचारधारा की जरूरत है, वह कांग्रेस ही दे सकती है। यानी आगामी चुनावों में कांग्रेस की भूमिका उन्होंने स्पष्ट कर दी है। अपनी पिछली प्रेस कांफ्रेंस में चीन से तनाव पर दिए गए बयान की वजह से राहुल गांधी को भाजपा ने फिर कटघरे में खड़ा किया था। इस बार भी राहुल गांधी ने आलोचनात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने चीन के मसले को ठीक तरीके से नहीं संभाला।

# कोरोना महामारी का प्रकोप फिर से बढ़ता दिखाई दे रहा

**परंतु हाल ही के समय में भारत ने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर अपने कदम बढ़ा दिये हैं। अब तो वैश्विक स्तर पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों जैसे विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मॉनेटरी फंड, यूरोपीयन यूनियन, एशियाई विकास बैंक, आदि ने वर्ष 2023 में भारत को पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आर्थिक प्रगति करने वाला देश बने रहने की सम्भावना पूर्व में ही व्यक्त कर दी है और यह पूर्वानुमान विश्व के लगभग समस्त विकसित देशों के आर्थिक संकटों में घिरे रहने के बीच लगाया गया है।**

**भारत अभी** तक सुरक्षा के क्षेत्र में पूर्णतः आयातित उत्पादों पर ही निर्भर रहता था। छोटे से छोटा उत्पाद भी विकसित देशों से आयात किया जाता रहा है। परंतु हाल ही के समय में भारत ने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर अपने कदम बढ़ा दिये हैं। अब तो वैश्विक स्तर पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों जैसे विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मॉनेटरी फंड, यूरोपीयन यूनियन, एशियाई विकास बैंक, आदि ने वर्ष 2023 में भारत को पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आर्थिक प्रगति करने वाला देश बने रहने की सम्भावना पूर्व में ही व्यक्त कर दी है और यह पूर्वानुमान विश्व के लगभग समस्त विकसित देशों के आर्थिक संकटों में घिरे रहने के बीच लगाया गया है। हालांकि इस बीच, हाल ही के समय में, चीन एवं कुछ अन्य देशों में कोरोना महामारी का प्रकोप फिर से बढ़ता दिखाई दे रहा है तथा यूक्रेन एवं रूस के बीच युद्ध समाप्त होने के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं परंतु फिर भी इन समस्त विपरीत परिस्थितियों के बीच भारत किस प्रकार पूरे विश्व में एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रहा है। दरअसल, यह सब भारत सरकार द्वारा समय समय पर लिए गए कई आर्थिक निर्णयों के चलते सम्भव होता दिखाई दे रहा है। पूरे विश्व में आज ऐसा कोई देश नहीं है जिसमें वर्ष 2015 के बाद से 50 करोड़ के आसपास बैंक खाते खोले गए हों। एक अनुमान के अनुसार, भारतीय बैंकों में खोले गए उक्त खातों में से 90 प्रतिशत से अधिक खातों में निरंतर व्यवहार किए जा रहे हैं। देश की एक बहुत बड़ी आबादी को बैंकों के साथ जोड़कर उन्हें वित्तीय रूप से साक्षर बनाया गया है। साथ ही, भारत में ही वर्ष 2015 के बाद से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 3 करोड़ नए मकान केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा नागरिकों को सौंपे गए हैं एवं अभी भी सौंपे जा रहे हैं। इसी प्रकार ÷हर घर में नल÷ एक विशेष योजना के अंतर्गत 2.43 करोड़ परिवारों को नल के नए कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। कोरोना जैसी महामारी से अपने नागरिकों को बचाने के उद्देश्य से भारत में अपना स्वयं का स्वदेशी टीका विकसित कर, 220 करोड़ से अधिक कोरोना के टीके मुफ्त ही अपने नागरिकों को लगाए गए हैं, जो कि पूरे विश्व में एक रिकार्ड है। इसके चलते ही भारत में कोरोना जैसी महामारी पर नियंत्रण स्थापित किया जा सका है। कोरोना जैसी भयंकर महामारी के बीच प्रारम्भ की गई गरीब अन्न योजना, जिसके अंतर्गत दिसम्बर 2023 तक, 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त 5 किलो अनाज उपलब्ध कराया जाता रहेगा। भारत में लगभग 10 करोड़ परिवारों को स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं, जिसके अंतर्गत परिवार के सदस्यों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा प्रतिवर्ष उपलब्ध रहेगा। इस प्रकार लगभग 50 करोड़ नागरिकों को इस स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है। आप जरा उक्तवर्णित आंकड़ों पर गौर करें, आज पूरा विश्व ही आश्चर्य चकित है कि भारत में केंद्र सरकार किस प्रकार इतने बड़े स्केल पर भारत की जनता के हितार्थ आर्थिक निर्णय ले रही है एवं इस संबंध में अपने लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों को तेजी से प्राप्त करती जा रही है। यहां पर उक्त तो केवल कुछ उदाहरण दिए गए हैं वरना वर्ष 2014 के बाद से इस प्रकार के अनेकों निर्णय कई क्षेत्रों में लिए गए हैं जिनसे पूरा विश्व ही आज हक्का बक्का हो गया है। वैश्विक स्तर पर भारत ने अभी हाल ही में कई क्षेत्रों में अपनी अगुवाई सिद्ध की है। सूचना प्रौद्योगिकी का क्षेत्र तो पूरे विश्व में एक तरह से भारतीय मूल के इंजीनियरों द्वारा चलाया जा रहा है। अमेरिका की सिलिकोन वैली इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। भारत में डिजिटल प्लेटफोर्म को जिस प्रकार से शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र एवं दूर दराज के इलाकों तक फैलाया गया है, इसको देखकर पूरा विश्व ही आज आश्चर्यचकित है एवं इस क्षेत्र में विकसित देश भी आज भारत से मार्गदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।



फार्मा उद्योग एक और ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत आज पूरे विश्व के लिए एक फार्मेसी हब बन गया है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने विश्व के लगभग समस्त देशों को दवाईयां उपलब्ध करवाई। आज पूरे विश्व में सबसे अधिक दवाईयों एवं टीकों का निर्माण भारत में हो रहा है एवं भारत ही विभिन्न देशों को दवाईयां एवं टीके उपलब्ध करवा रहा है। हाल ही के समय में भारत ने औटोमोबाइल एवं मोबाइल के उत्पादन के क्षेत्र में भी द्रुत गति से विकास किया है। भारत सरकार द्वारा 23 प्रकार के विभिन्न उद्योगों के लिए लागू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना का लाभ अब इन दो उद्योगों के साथ ही कुछ अन्य उद्योगों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। भारत ने पर्यावरण के क्षेत्र में सुधार करने की दृष्टि से भी फोसिल फ्यूल (डीजल, पेट्रोल एवं कोयला) के उपयोग को कम कर नॉन-फोसिल फ्यूल (सूर्य की रोशनी एवं वायु से निर्मित फ्यूल) के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस संदर्भ में भारत ने अपनी अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 70 देशों को मिलाकर एक समूह भी बनाया है जो कि इन सदस्य देशों में नॉन-फोसिल फ्यूल के उपयोग को बढ़ावा देगा। इससे पूरे विश्व में डीजल, पेट्रोल एवं कोयले पर निर्भरता बहुत कम हो जाएगी। भारत अभी तक सुरक्षा के क्षेत्र में पूर्णतः आयातित उत्पादों पर ही निर्भर रहता था। छोटे से छोटा उत्पाद भी विकसित देशों से आयात किया जाता रहा है। परंतु हाल ही के समय में भारत ने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर अपने कदम बढ़ा दिये हैं। बल्कि, भारत आज सुरक्षा के कई उपकरणों, मिसाईल एवं हवाई जहाज जैसे उच्च स्तर के उत्पादों सहित, का निर्यात भी करने लगा है।-**एजेंसी**

# जम्मू कश्मीर में बुलडोजर का कहर

**हालांकि पाकिस्तान यह प्रयास करता रहा है कि आतंकियों की घुसपैठ कराकर जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाई जा सके। हालांकि स्थितियां अब ऐसी हो गई हैं कि पाकिस्तान की नापाक कोशिशें एक के बाद एक विफल हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में जिस तरह से अपराधियों, गैंगस्टरों की संपत्ति पर योगी सरकार ने बुलडोजर चलवाए उससे बड़े-बड़े अपराधी भी खौफमें आ चुके हैं।**

**जम्मू-कश्मीर में** अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद हालात तेजी से बदले हैं। एक ओर यहां आतंकी घटनाओं में कमी आई है वहीं आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने निर्णायक कार्रवाई की है। सीमापार से घुसपैठ की घटनाओं में भी कमी आई है। हालांकि पाकिस्तान यह प्रयास करता रहा है कि आतंकियों की घुसपैठ कराकर जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाई जा सके। हालांकि स्थितियां अब ऐसी हो गई हैं कि पाकिस्तान की नापाक कोशिशें एक के बाद एक विफल हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में जिस तरह से अपराधियों, गैंगस्टरों की संपत्ति पर योगी सरकार ने बुलडोजर चलवाए उससे बड़े-बड़े अपराधी भी खौफमें आ चुके हैं। अब जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के घरों पर योगी स्टाइल बुलडोजर चलाकर प्रशासन ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। बुलडोजर के एक्शन में आने के बाद आतंकवादी कांपने लगे हैं। इससे पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के आका तपिश महसूस कर रहे हैं। यूपी में बुल्डोजर हिट होने के बाद अब जम्मू-कश्मीर में बुलडोजर गरजा है। इस कार्रवाई से यह संदेश भी गया है कि अब आतंकवादियों से डरने की जरूरत नहीं है और घाटी को आतंक मुक्त बनाने के लिए गृह मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर प्रशासन प्रतिबद्ध है। एक खूंखार आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर आशिक नेंगरू का सरकारी जमीन पर बना हुआ मकान बुलडोजर से नेस्तनाबूद कर दिया गया। पहलगांव जिले के लेवार गांव में हिजबुल कमांडर आमिर खान के घर बुलडोजर चला दिया गया है। आतंकवादियों को शरण देने वाले शफीक की सम्पत्ति जब्त कर ली गई है। इससे साफ है कि इस वर्ष आतंक का सफाया होना तय है। आतंकी खाते भारत का अन्न हैं लेकिन गुणगान पाकिस्तान का करते हैं। जिस आशिक अहमद नेंगरू का घर बुलडोजर से ध्वस्त किया गया वह पिछले 10 वर्षों से आतंकी गतिविधियों में सक्रिय है। शुरू में वह पुलवामा, अवंतीपोरा और त्राल में सक्रिय जैश और लश्कर-ए-तैयबा के विदेशी आतंकियों के लिए बतौर ओवरग्राउंड वर्कर काम करता था। वर्ष 2013 में पुलवामा में एक पुलिसकर्मी की हत्या में भी वह शामिल रहा। वह पकड़ा भी गया था, लेकिन बाद में छूट गया और आतंकियों के लिए काम करने लगा। नेंगरू का एक भाई अब्बास अहमद नेंगरू भी सक्रिय आतंकी था, जो वर्ष 2013 में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। उसके एक अन्य भाई की हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकियों ने करीब दो माह पहले ही हत्या कर दी थी। दिसंबर 2017 में श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास मुठभेड़ में जैश कमांडर नूरा त्रालीय के मारे जाने के बाद नेंगरू दक्षिण कश्मीर में जैश का सबसे भरोसेमंद ओवर ग्राउंड वर्कर बन गया। उसने दक्षिण कश्मीर में जैश का नेटवर्क नए सिरे से तैयार करने के अलावा जम्मू में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय सीमा में दाखिल होने वाले जैश के पाक कमांडरों को कश्मीर पहुचाने का जिम्मा वह खुद संभालता था। उसने ट्रक भी खरीदा था। नेंगरू एक आतंकवादी सिंडीकेट चला रहा है और पाकिस्तान के इशारे पर जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने के खतरनाक अभियान में लगा हुआ है। आतंकवादी संगठन द रेसिसटैंस फोर्स ने आतंकवादियों के घर गिराने का विरोध किया है। बीते वर्ष सुरक्षा बलों को घाटी में आतंकवाद पर अंकुश लगाने में काफी सफलता मिली है। सुरघ्क्षा बलों ने 172 आतंकी मारे जिनमें 42 विदेशी थे। आतंकवादियों ने पिछले वर्ष 29 लोगों की हत्या की। बीते वर्ष में कोई हड़ताल नहीं हुई। पत्थरबाजी की कोई घटना सामने नहीं आई। कश्मीर में इंटरनेट बंद नहीं हुआ और न ही किसी आतंकवादी के अंतिम संस्कार से जुड़ा कोई मामला सामने आया। दो-तीन को छोड़कर आतंकी संगठनों के सभी प्रमुख और शीर्ष कमांडर मार दिए गए हैं। कुल मिलाकर 2022 में 2021 की तुलना में आतंकवादियों की भर्ती में 37 और उन्हें धमकियां देने से बाज नहीं आ रही। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षावलों का आपरेशन आल आउट जोरदार तरीके से चलाया जा रहा है और घाटी में आतंकवादियों की नई भर्ती अब सिर्फ



प्रतिशत की गिरावट आई। फिलहाल नई भर्ती में लगभग डेढ़ दर्जन आतंकवादी ही घाटी में सक्रिय हैं। आतंकवाद का मुकाबला करते जम्मू-कश्मीर के 14 जवानों सहित 26 सुरक्षा बलों के जवान शहीद हुए। शहादतों के बावजूद सुरक्षाबलों का मनोबल पूरी तरह कायम है और वे मुठभेड़ों में आतंकवादियों को मार गिरा रहे हैं। सुरक्षा बल पूरी मुस्तैदी से काम कर रहे हैं लेकिन आतंकवादी ताकतें अभी भी कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाने कुछ इलाकों में ही हो रही है। हालांकि लोकल युवाओं और युवतियों को बड़े आतंकी कमांडर सूचना देने और मदद पहुचाने के बदले पैसे दे रहे हैं। इसलिए सुरक्षा बल आपरेशन लेडी ओवर ग्राउंड वर्कर अभियान भी सजगता से चला रहे हैं। फिलहाल घाटी में आतंक थर-थर कांप रहा है और वह दिन दूर नहीं कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले आतंकवाद पूरी तरह से शांत हो जाए।-**एजेंसी**

## आलेख

# भारतीय संदर्भ में नफा, नुकसान

**वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि लाइन ऑफएक्चुअल कंट्रोल में चीन की गतिविधियां विगत एक वर्ष से लगातार भारत को बेचैन करने वाली रही है, अब शी जिनपिंग के फिर से चीन के सदर हुक्मरान होने से ना सिर्फभारत की विदेश नीति बल्कि अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, श्रीलंका, उत्तर, दक्षिण कोरिया, बाग्लादेश, तालिबान और अन्य पड़ोसी देशों पर भी इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने वाला है।**

**द रिपब्लिकन** ऑफ चाइना के मुखिया सी जिनपिंग अब अपनी सत्ता के तीसरे दौर में पहुंच चुके हैं। चीन की बागडोर फिर पहले से ज्यादा ताकतवर सी जिनपिंग ने संभाल रखी हैस पड़ोसी देश होने के नाते भारत पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ने वाला है वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन की गतिविधियां विगत एक वर्ष से लगातार भारत को बेचैन करने वाली रही है, अब शी जिनपिंग के फिर से चीन के सदर हुक्मरान होने से ना सिर्फ भारत की विदेश नीति बल्कि अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, श्रीलंका, उत्तर, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, तालिबान और अन्य पड़ोसी देशों पर भी इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने वाला है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने तथा उनकी आक्रामक नीति का असर भारत चीन संबंधों पर निश्चित तौर पर पड़ेगा, क्योंकि भारत चीन के साथ लगभग 3500 किलोमीटर लंबी भूमि सीमा लगी हुई है। यह सीमा जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, और दोनों देशों के बीच कभी भी सीमा का निर्धारण नहीं हो सकता है। सीमा निर्धारण के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा बनाई गई है पर इस वास्तविक नियंत्रण रेखा का कोई अपना बहुत गहरा प्रभाव नहीं है। शी जिनपिंग के विस्तार वादी मंसूबों और उसकी आक्रामक शैली के कारण सीमा पर विवाद बढ़ने की संभावना नजर आती है, यह तो तय है कि दोनों देश युद्ध नहीं करना चाहेंगे। भारत ने चीन की सीमा कानून को एक सिरे से खारिज कर उसकी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ी निंदा की है। अब सी जिनपिंग की तीसरी पारी में भारत को यह बात खटक रही होगी कि चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा यथा स्थिति बदलने के कदम को सही ठहराने के लिए सीमा कानून नियम का उपयोग न करें, इसके अलावा दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर में चीन तथा अमेरिका के बीच सामरिक टकराव बढ़ने की आशंका है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से अमेरिका के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पास 8 लाख सक्रिय सैनिक हैं, चीन ने सेना में खर्च होने वाला बजट भी 4 गुना कर दिया है, ऐसे में चीन आगामी वर्षों में ताइवान को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करेगा। ताइवान की आजादी के लिए अमेरिका कृतसंकल्पित एवं कटिबद्ध है और यदि चीन ताइवान की आजादी में खलल डालने का प्रयास करेगा तो अमेरिका पीछे नहीं हटने वाला, फल स्वरूप चीन और अमेरिका में तनाव बढ़ने की पूरी संभावना है। चीन पहले से ही उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है ऐसे में अमरीकी प्रशासन के लिए यह विषय चिंता का होगा। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से चीन, तालिबान, पाकिस्तान गठबंधन मजबूती प्राप्त कर वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं एवं आतंकवाद को नई बयार मिलने की संभावना है। म्यानमार में पहले से ही लोकतंत्र का गला दबाया जा चुका है। उत्तर कोरिया की सैन्य हुकूमत ने म्यानमार में तानाशाही हुकूमत काबिज करके रखी है। शी जिनपिंग के ताकतवर होने से जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ी जा रही लड़ाई काफी कमजोर पड़ सकती है क्योंकि जिनपिंग जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत ही नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं, जिनपिंग ग्लॉसको में हुए जलवायु परिवर्तन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए ना तो खुद गए ना ही अपना प्रतिनिधि ही भेजा, यह सर्वविदित है कि चीन दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषण फैलाने वाले देशो में से एक देश है,और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिनपिंग चीन को दुनिया से अलग-थलग कर वहां तानाशाही का शासन लागू कर देगा। चीन के नागरिक केवल चीन देश के होकर रह जाएंगे। उन्हें बाहरी दुनिया के संपर्क में आने का अधिकार भी नहीं होगा। कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर भी यही हाल रहा है, चीन की खबरें कभी भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर खुलकर नहीं आ पाई हैं। शी जिनपिंग अब एक तानाशाह शासक की तरह पेश आएंगे और चीन पूरी तरह से स्व केंद्रित हो जाएगा।-**एजेंसी**

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें।

**बृषभः-** नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

**मिथुनः-** आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा, अतरू इसे सुधारें। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव। परिवारिक संबंधों कटुता दुश्मनी जैसा न बननें दें।

**कर्क :-**दूसरो की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। रोजगार के क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है।

**कन्याः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित ना हों। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**तुलाः-** विरोधियों प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयां संभव। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी।

**वृश्चिकः-** कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**धनुः-** नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नही देता और निर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नही है।

**मकरः-** अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्यपूर्वक वक्त का इन्तजार करें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**कुंभः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। सुन्दर भावनात्मक अभिब्यक्ति संबंधों मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होंगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मीनः-** किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। किसी बिपरीत लिंगी संबंध में आकर्षण बढ़ेगा।




## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

इंसान की सफलता उसको हाथों की लकीरों में नहीं इंसान के माथे के पसीने में होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दर्शन में जन समस्याओं का निस्तारण करें: डीएम

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये जन सामान्य की कोविड -19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओंध्शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का ज्यादा से ज्यादा भला हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

### बांस के टूटे पुल से निकली अंतिम यात्रा,7 सालों से ग्रामीण झेल रहे हैं रास्ते की समस्या

**प्रतापगढ़, (यूएनएस)।** सड़क और पुलों का भले ही प्रदेश में जाल बिछ रहा हो लेकिन बकुलाही नदी पर पक्के पुल के अभाव में बनाए गए बांस के अस्थायी पुल पर कई गांव अभी भी निर्भर हैं। बांस के टूटे पुल की समस्या झेल रहे ग्रामीणों के लिए इस नदी पर पक्के पुल की दूरी तय करना आसान नहीं है। रविवार को इसी टूटे पुल से गांव के एक व्यक्ति का जनाजा निकाला गया। इसका वीडियो किसी ने इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो प्रतापगढ़ जिले के मानधाता ब्लाक के नूरपुर काछा गांव का है। गांव के बगल से ही बकुलाही नदी गुजरी है। यहां जनसहयोग से बनाया गया बांस का पुल टूटा है। लोगों को इसे पार कर बाजार, स्कूल, अस्पताल, कब्रिस्तान, कोटेदार समेत कई जगहों पर जाना होता है। खेती-किसानी के लिए भी हर रोज गांव वालों को पुल पार करना होता है। इस पुल पर रोज नूरपुर, खूझी, पुरैला, बरसंडा आदि गांव के करीब चार हजार लोगों का आना-जाना होता है। गांव के एक छोर पर पांच तो दूसरे पर सात किमी दूर पक्का पुल बनाया गया है। रविवार को गांव के मोहम्मद रशीद का निधन हो गया था। उनके जनाजे को बड़ी मुश्किल से कमर तक पानी में भीगकर नदी के पास कब्रिस्तान तक ले जाना पड़ा। कुछ लोग गिर भी गए। उनको किसी तरह संभाला गया। जनाजा भी बड़ी मुश्किल से संभाला गया। कई लोग तो खतरे को देख नदी पार ही नहीं करे। इसका वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया। जिसमें पूरी अव्यवस्था दिख रही है। यह तो अच्छा है कि पानी कम था, नहीं तो हादसा हो सकता था। इस शर्मनार घटना के बारे में एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा का कहना है, मौके पर टीम भेजकर समस्या को देखा जाएगा। उसके समाधान की पहल की जाएगी। ग्रामीण पिछले सात सालों से पुल की मांग कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री आवास में पात्रता व आपात्रता जांच की मांग, पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**सुल्तानपुर, (यूएनएस)।** जिले के विकासखंड कूरेभार के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरखीपुर मे प्रधानमंत्री आवास में पात्रता अपात्रता जांच की मांग की शिकायत मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी उत्तर प्रदेश शिकायत प्रणाली पर शिकायत करते हुए गौहानी धोबी भार निवासी धर्मेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार उन्होंने कहां की मेरे ग्राम पंचायत पुरखीपुर मे सरकार के नियमों को दरकिनार करते हुए एवं सरकार के सपनों को चूर चूर करते हुए प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास बांटा जा रहा है। उन्होंने सरकार एवं अधिकारियों से मांग की है मेरे ग्राम पंचायत पुरखीपुर मे पात्रता आपात्रता की जांच करवा कर न्यायोचित वैधानिक कार्रवाई की जाए। जिससे ग्राम पंचायत की गरीब मजलूम जनता को न्याय मिल सके अगर हुई निष्पक्ष जांच तो कटेंगे कई आवास बेनकाब होंगे। कई चेहरे वही प्रधानमंत्री आवास में पात्रता आ पात्रता जांच की कमान एडीओ समाज कल्याण कूरेभार को मिली है। उनसे दूरभाष पर हुई वार्ता उन्होंने बताया कि मंगलवार को करेंगे इसकी जांच जबकि जांच के लिए 3 दिन पहले ही मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी उत्तर प्रदेश समन्वित शिकायत प्रणाली से शिकायत पत्र आ गया है। एडीओ समाज कल्याण के पास लेकिन उन्होंने कहा कि मंगलवार को इसकी जांच करेंगे।

### आग से झुलसकर 5 माह की बच्ची गंभीर

**प्रतापगढ़, (यूएनएस)।** लालगंज के पहाड़पुर ग्रामसभा के दखीनाहन में उस समय एक दर्दनाक हादसा हो गया जब छप्पर में लगी आग से उसके नीचे सो रही पांच माह की मासूम बच्ची झुलस गई। परिजनों ने आनन-फानन में बच्ची को लेकर लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। बच्ची की गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार लालगंज तहसील के ग्रामसभा पहाड़पुर के दखीनाहन में सुबह 9 बजे अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लग गई। छप्पर में आग लगने से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में आग पर काबू पाया गया। छप्पर के नीचे सो रही 5 माह की बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों द्वारा बच्ची को लालगंज ट्रामा सेंटर अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की गंभीर हालत देखते हुए प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मामले की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग से हुए नुकसान का आकलन किया। जिससे पीड़ित को मुआवजा दिलाया जा सके।

### रोडवेज व ट्रक में भिड़ंत, सात यात्री हुए घायल

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** बीती देर रात जनरथ बस की ट्रक से भिड़ंत हो गयी। हादसे में दर्जन भर यात्री घायल हुए हैं। जिसमें सात लोगों को चोटे आयी हैं। सभी को जिला अस्पताल लाया गया, जिसमें एक को लखनऊ रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना जिले के बॉर्डर सीमा पर अलीगंज- मुसाफिरखाना के बीच लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर काशी डिपो की जनरथ बस ट्रक से टकरा गयी। जिसमें एक दर्जन से यात्री गंभीर रूप से घायल हुये। आनन-फानन में पुलिस सभी घायल यात्रियों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टर ने सभी का इलाज किया। इसमें साथ लोगो को गंभीर चोटें आयी थी। घायलों में लखनऊ के चिनहट स्थित शंकरपुर निवासी राजीव कुमार (50), अंकुर (30), जौनपुर के मढ़ियाऊ निवासी सैयद अली (24), विजय सिंह (42), जौनपुर के मढ़ियाऊ निवासी इफ्तेखार अहमद (26), आजमगढ़ के निजामाबाद निवासी संतोष यादव (22) व वाराणसी के शिवपुर निवासी जगदम्बा सिंह (42) को चोटें आई है। इनमें से एक को डॉक्टर ने लखनऊ रेफर किया है। शेष अन्य का इलाज अस्पताल में जारी है।

### आज सावित्री बाई फूले की जयंती पर मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में तिकोनिया पार्क में होगा आयोजन**

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजक फौजी सन्तोष सोनकर ने बताया की मोस्ट कल्याण संस्थान उ.प्र. के तत्वाधान में माता सावित्री बाई फूले जयंती के अवसर पर तिकोनिया पार्क में मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा इस बार छः विधाओं में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मोस्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें जनपद सुलतानपुर के मोस्ट समाज के साहित्य, कला, खेल, विज्ञान आदि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सावित्री बाई फूले रत्न सम्मान तथा निःशुल्क मोस्ट पाठशालाओं के संचालकोंध्शिक्षकों एवं मोस्ट कल्याण संस्थान के आह्वान पर दो या दो से अधिक बार के रक्तदान करने वालों तथा मोस्ट कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले समर्पित साथियों को मोस्ट रत्न सम्मान व मोस्ट के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार सहयोग करने वाले मोस्ट समर्थकों, शुभचिंतकों और वर्ष 2022 में इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड से 80 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक फौजी सन्तोष सोनकर ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है पूर्व घोषणा के अनुसार कार्यक्रम किसी भी परिस्थिति में सुबह 08 बजे प्रारम्भ हो जाएगा।

# प्राकृतिक खेती की बारीकियां सीखने जायेंगे युवा गन्ना किसान

## मेरठ परिक्षेत्र के युवा गन्ना किसानों के साथ हुआ ऑनलाईन संवाद कार्यक्रम



**लखनऊ, (यूएनएस)।** शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में गन्ना खेती को उद्यमिता से जोड़ने तथा युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु गन्ना विकास विभाग द्वारा युवा गन्ना किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन पाक्षिक रूप से आयोजित कराया जा रहा है। मेरठ परिक्षेत्र के 30 वर्ष से कम आयु के युवा पुरूष एवं महिला गन्ना किसानों के साथ अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग संजय आर. भूसरेड्डी की अध्यक्षता में ऑनलाईन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।अपर मुख्य सचिव ने कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग खेती से विमुख होकर छोटे-मोटे रोजगार की तलाश में शहर की ओर पलायन कर रहे हैं जबकि खेती को आधुनिक एवं लाभकारी बनाकर वह स्वयं स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। गन्ना विकास विभाग द्वारा युवाओं को गन्ना खेती की नवीनतम तकनीकी सीखने एवं प्राकृतिक खेती की बारीकियां जानने हेतु युवा किसानों के एक अध्ययन दल को कुरूक्षेत्र, हरियाणा भेजा जायेगा। ताकि युवा किसान न केवल कम लागत से अधिक उत्पादन करके खेती को लाभकारी बना सकें वरन् प्राकृतिक विधि से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करके मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के संरक्षण हेतु महती भूमिका निभा सकें।उन्होंने कहा कि सहकारी गन्ना विकास समितियों द्वारा फार्म मशीनरी बैंकयोजना के अन्तर्गत किसानों के लिये उपयोगी महंगे कृषि यंत्रों को नाम मात्र के किराये पर गन्ना किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि यंत्रीकरण को बढ़ावा देकर खेती को आधुनिक एवं लाभकारी बनाया जा सके।उन्होंने युवा किसानों को फार्म मशीनरी बैंक योजना का अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग द्वारा संचालित राज्य गन्ना प्रतियोगिता एवं उत्कृष्ट कार्य योजना से जुड़कर युवा गन्ना किसान राज्य स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं।संवाद कार्यक्रम में बुलन्दशहर के बी.टेक कर चुके किसान दीपकान्त शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा पंचामृत योजना एवं प्राकृतिक खेती करते हुए जैविक गन्ने की चटनी तथा गन्ने की आईसक्रीम का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे उन्हें अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसे प्रगतिशील किसान एफपी.ओ. का गठन कर, ई-नाम के माध्यम से अपने उत्पादों का अधिकतम मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। अनूपशहर की महिला कृषक खुशी ने गन्ना विभाग की पंचामृत योजना की सराहना करते हुए बताया कि हमारे जैसे बहुत सारे किसान इससे लाभ लेकर अपनी आय को दोगुनी करने का काम कर रहे हैं। अगौता की महिला कृषक श्रीमती भावना ने बताया कि पांच एकड़ जमीन से गन्ने की सहफसली कर 6 लाख रूपये प्रतिवर्ष तथा पशुपालन से 30 हजार रूपये प्रतिमाह की आय अर्जित कर रही हैं। बुलन्दशहर के किसान श्री जोगेन्द्र सिंह ने गन्ने की खेती में नई किस्मों को अपनाने के संबंध में अपने अनुभव साझा किये वहीं साबितगढ़ की श्रीमती प्रीती जादौन ने गन्ने की खेती के साथ-साथ पशुपालन अपनाने की बात कही।हापुड़ के अंकित सिंह द्वारा एकीकृत कीट रोग प्रबन्धन पर अपने अनुभव साझा करते हुए फार्म मशीनरी बैंक के अन्तर्गत नये कृषि यंत्रों को जोड़ने का अनुरोध किया। धौलाना हापुड़ के किसान मुनेन्द्र कसाना ने सहफसली खेती के बारे में बताते हुए गन्ने के साथ केले की सहफसली से लाभ लेने के अनुभव साझा किये। गाजियाबाद के कृषि स्नातक किसान मनीष कुमार ने बताया कि गन्ने के साथ लोबिया की सहफसल लेने से मृदा में नाइट्रोजन स्थरीकरण के चलते यूरिया की मांग कम होती है। जीवांश की मात्रा मेंवृद्धि होने से उत्पादन भी बढ़ता है। बागपत के किसान उपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती करके किसान भाई भूमि और जल का संरक्षण कर सकते हैं, हमारे प्राकृतिक गन्ने से 13.5 प्रतिशत गुड़ की रिकवरी आती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की मांग है। मेरठ के किसान अनमोल खेड़ा ने बताया कि नवीनतम तकनीकी अपनाकर वह 100 एकड़ गन्ने की खेती कर रहे हैं। अनमोल ने किसानों के साथ एफपी.ओ. बनाकर लाभ अर्जित करने के अपने अनुभव साझा किये। संवाद कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य सचिव ने मेरठ परिक्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इच्छुक प्रगतिशील गन्ना किसानों का एक अध्ययन दल विभागीय अधिकारियों के साथ प्राकृतिक खेती की बारीकियां सीखने हेतु कुरूक्षेत्र भेजा जाये। युवा संवाद कार्यक्रम के समापन के समय प्रबन्ध निदेशक, सहकारी चीनी मिल संघ, रमाकान्त पाण्डेय ने युवा किसानों को गन्ना खेती से जुड़े टिप्स प्रदान किये। अपर गन्ना आयुक्तविकास वीके शुक्ल द्वारा युवा गन्ना किसान कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन किया गया। डा. वीबी सिंह, अपर गन्ना आयुक्त समितियां ने राज्य गन्ना प्रतियोगिता एवं उत्कृष्ट कार्य योजना के माध्यम से राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने की बात कही।

### यात्री प्रतिक्षालय में बेहोशी की हालत में मिला युवक, एल्कोहलिक प्वाइजनिंग का शिकार

**गोण्डा, (यूएनएस)।** कर्नलगंज नगर के बस स्टॉप चौराहा के पास बने यात्री प्रतिरक्षालय में अचानक उस समय हड़कंप मच गया,जब बेहोशी की हालत में एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। जिसके बाद तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी की हालत में पड़े व्यक्ति के बारे में छानबीन शुरू करते हुए उसकी पहचान पता करने के प्रयास में जुट गई, लेकिन पुलिस को बेहोश व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद स्थानीय पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने व्यक्ति की हालत नाजुक होते देख तत्काल उसे गोंडा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कर्नलगंज नगर के बस स्टॉप चौराहे पर बने यात्री प्रतीक्षालय में आज सुबह एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा दिखाई दिया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत चौकी पुलिस को दी। जिस पर मौके पर पहुंचे चौकी के पुलिसकर्मियों ने बेहोश पड़े व्यक्ति के बारे में छानबीन शुरू करते हुए उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां मौके पर मौजूद डॉक्टर इमरान मुईद ने तुरंत प्राथमिक उपचार किया। लेकिन बेहोश व्यक्ति की हालत नाजुक होते देख डॉक्टर ने उसे तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल के डॉक्टर इमरान मुईद ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्ति एल्कोहलिक प्वाइजनिंग का शिकार हुआ है, जिसका कारण गलत तरीके व मिलावटी शराब पीने के कारण शहर में जहर फैल गया है। जिसके कारण उसकी हालत नाजुक है। और उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है जिससे कि उसे सही उपचार प्राप्त हो सके। हालांकि बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो पाई है, जिसको लेकर पुलिस

## फाइलेरिया उन्मूलन हेतु एमडीए, आईडीए कार्यक्रम 10 से 27 फरवरी तक

**19 जनपदों में एमडीए,आईडीए कार्यक्रम का चरण संचालित किया जाएगा**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि फाइलेरिया रोग एक लाइलाज बीमारी है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। भारत सरकार द्वारा इस रोग के उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2030 सुनिश्चित किया गया है। इस रोग के उन्मूलन हेतु फाइलेरिया प्रभावित जनपदों में वर्ष में एक बार एमडीआएआईडीए मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ट्रिपल ड्रग थेरेपी कार्यक्रम संचालित किया जाता है, जिसमें जनसमुदाय को आयु एवं शारीरिकेलम्बाई के अनुसार फाइलेरिया रोग से बचाव की औषधियां एलबेण्डजॉल,डीईसी एवं आइवरमेक्टिन का सेवन कराया जाता है। इसके साथ-साथ प्रदेशके 56 जनपदों जहां एम.डी.ए. का कार्यक्रम संचालित नहीं किया जाना है,वहां कृमि मुक्ति हेतु राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का संचालन किया जायेगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत 01-19 वर्ष के समस्त लाभार्थियों को पेट के कीड़ो से मुक्ति हेतु स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से एल्बेण्डाजोल की टैबलेट खिलाई जायेगी। 19 जनपदों में जहां एम.डी.ए. काकार्यक्रम आयोजित किया जाना है, वहां 01-02 वर्ष के बच्चों को आशा के माध्यम से घर-घर जाकर कृमि मुक्ति की दवा दी जायेगी। इस प्रकार प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन सुनिश्चित किया जायेगा।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु एमडीए,आईडीए कार्यक्रम 10 से 27 फरवरी को आयोजित किया जायेगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार 19 प्रदेश के जनपदों अम्बेडकरनगर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बरेली, चित्रकूट, अयोध्या, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, महोबा, मऊ, पीलीभीत, संत रविदास नगर भदोही, शॉहजहांपुर, सोनभद्र एवं लखनऊ में एमडीए,आईडीए कार्यक्रमका चरण संचालित किया जाएगा। 10 फरवरी को इन जनपद के सांसद विधायक प्रभारी मंत्री जनप्रतिनिधियों की सहभागिता उनकी उपलब्धता एवं सहमति से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा एवं कार्यक्रम से 02 दिवस पूर्व मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक जनपद में एमडीए आईडीए कार्यक्रम हेतु 03 टास्क फोर्स की बैठकें आयोजित की जायेंगी, जिसमें समस्त संबंधित विभागों के प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। जनपद में फाइलेरिया रोग के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों हॉट स्पॉट की सूची जनपदीय मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रशासन को उपलब्ध करायी जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न विभागों का सहयोग प्राप्त करते हुए नालियों की नियमित सफाई, तालाबों के किनारे उगी हुई झाड़ियों की कटाई, मच्छरदानियों के प्रयोग के लिए जन-जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार, बड़े जलाशयों में साप्ताहिक लार्वीसाइडल का छिड़काव का कार्य कराया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिसंवेदनशील क्षेत्र हॉट स्पॉट में नाइट ब्लड सर्वे कराया जायेगा। जनपद में किए गए हाइड्रोसील ऑपरेशन कीसमीक्षा की जाए जिससे 100 प्रतिशत हाइड्रोसील केसों का ऑपरेशन हो सके। जनपद में आयोजित एमएमडीपी कैम्प मॉरबिडिटी मैंनेजमेण्ट एवं डिसेबिलिटी प्रिवेन्शन की समीक्षा की जाए, जिससे सभी हाथीपांव के मरीजों को ट्रेनिंग एवं किट उपलब्ध हो सके।

## बॉलीवुड गीतों संग मैजिक शो ने मंत्र मुग्ध किया

**विधायक डॉ नीरज बोरा यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड अलीगंज में चल रहे 15वें यूपी महोत्सव की दसवीं सांस्कृतिक सन्ध्या में बॉलीवुड गीतों संग मैजिक शो ने मंत्र मुग्ध किया। आज की दसवीं सांस्कृतिक सन्ध्या का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तरी क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरज बोरा को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर यू पी गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इसके अलावा इसी संध्या में नगर निगम के उपसभापति प्रदीप शुक्ला, पार्षद राघव राम तिवारी, पार्षद रूपाली गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय प्रगति गौरव सम्मान से सम्मानित हुए। कोविड प्रोटोकाल के तहत आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आयोजित यू पी महोत्सव की दसवीं सांस्कृतिक सन्ध्या का शुभारम्भ मानसी गुप्ता ने अच्युत केशवम भजन से कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भक्ति भावना से परिपूर्ण इस प्रस्तुति के बाद अंकिता सिंह ने आ जा नच ले, देवेश पंडित ने हर कर्म अपना करेंगे गीत को सुना कर श्रोताओं का दिल जीता। संगीत से सजे कार्यक्रम के के अगले सोपानों में खुशी सोनकर, स्वरा त्रिपाठी, गौरी द्विवेदी, वर्तिका ओझा, समृध्दि और आरना ने नवनीत रस्तोगी के निर्देशन में मटकी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त मैजिसियन बादशाह ने अपने जादुई करतबों से दर्शकों को रोमांच से भर दिया। उन्होनें अपने मैजिक शो के अन्तर्गत जलती हुई अग्नि से एक कबूतर को महोत्सव के मंच पर उड़ाया तो दूसरी ओर तलवार को गले के आर-पार कर दर्शकों की असंख्य तालियां बटोरीं।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सम्मिलित होने के लिए जिले से भारी संख्या में निकले कांग्रेसी

**भारत जोड़ो यात्रा का पोस्टर लगाकर जिले भर में कांग्रेसियों ने किया था प्रचार प्रसार**

**सुल्तानपुर, (यूएनएस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी को गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर से यूपी में प्रवेश करेगी. यह पदयात्रा तीन दिन तक यूपी में रहेगी और इस दौरान तीन जिलों से होकर गुजरेगी। वही कांग्रेस की भारत जोड़ो पद यात्रा में शामिल होने के लिए जिले से भारी संख्या में कांग्रेसी लोनी बॉर्डर गाजियाबाद के लिए रवाना हो गए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से 4 बसें लोनी बॉर्डर गाजियाबाद के लिए रवाना हुई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि जिले से लगभग 500 से अधिक संख्या में कांग्रेसी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सम्मिलित होंगे। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि जिले से भारी संख्या में कांग्रेसी बाई ट्रेन लोनी बॉर्डर गाजियाबाद के लिए कूच कर चुके हैं। आपको बताते चलें कि राहुल गांधी की पदयात्रा में सम्मिलित होने के पूर्व में जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिलेभर के विभिन्न स्थानों पर भारत जोड़ो यात्रा का पोस्टर लगाकर लोगों को यात्रा में शामिल होने के लिए उत्साहित किया गया। जिले भर में समस्त धर्म गुरुओं व इंजीनियर डॉक्टर व समाजसेवी सहित अन्य लोगों को भारत जोड़ो यात्रा का पोस्टर देकर यात्रा में सम्मिलित होने के लिए आवाहन किया गया। पदयात्रा में रवाना होने से पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की पूरे देश मे सराहना हो रही है। आज हम सब लोग उसी यात्रा में शामिल होने के लिए यूपी बॉर्डर लोनी गाजियाबाद के लिए निकल चुके हैं। राहुल गांधी का मिशन देश के अंदर से नफरत खत्म करने की यह पदयात्रा निरंतर चल रही है। आज हम लोग जिले से भारी संख्या में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए व 2024 में राहुल गांधी के हाथों को मजबूत के लिए निकल चुके हैं। वही आपको बताते चलें कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी देश की सबसे पुरानी पार्टी की खोई सियासी जमीन वापस पाने की कोशिश में भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं. एक के बाद एक चुनावी हार से बेजार कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में 2024 की चुनावी लड़ाई से पहले जोश भरने की कोशिश में अहम मानी जा रही भारत जोड़ो यात्रा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंच चुकी है। जो 3 जनवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी।

### उपवन फाउंडेशन ने रक्तदानियों का सम्मान, सिलाई मशीन वितरण कर मनाया नया साल

**सुल्तानपुर, (यूएनएस)।** नए साल की शुरुवात सकारात्मकता के साथ हो इस उद्देश्य से गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट द्वारा आयोजित 9 कुंडीय यज्ञ और भगवती कथा के दौरान उपवन फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने गायत्री परिवार के साथ मिलकर मनाया नया साल।उपवन फाउंडेशन के साथ मिलकर अबतक जिन भी रक्तदानियों ने लोगों को अपना रक्त देकर उनकी जरूरत पूरी की थी, उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और रक्तदान से जुड़े मिथकों को जिले के कुशल 'डॉक्टर सुधाकर सिंह एवं रविन्द्र आर शर्मा' ने तोड़ा और उपस्थित लोगों का रक्तदान के लिए मन में बैठा भ्रम मिटाया गया और युवाओं से अपील की गई की वे आगे बढ़कर रक्तदान करें। इसके बाद उपवन फाउंडेशन ने निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने हेतु उपाध्यपुर ग्राम निवासी बहन मानसी निषाद को सिलाई मशीन भेंट की जिससे गांव की बच्चियां हुनरमंद और स्वावलंबी बनें।पीपल का एक पेड़ लगाकर साल की शुरुवात की। मौके पर राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सचिन सिंह, अमन मिश्रा, विकास तिवारी, आयुष अग्रवाल, सर्वेंद्र सिंह, अभिषेक दुबे, शुभम शर्मा, मधुरम पाठक आदि उपस्थित रहे।

### एसएसबी जवानों ने नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर, (यूएनएस)।** एसएसबी 50वीं वाहिनी के बढ़नी बीओपी की ओर से सोमवार को क्षेत्र के घरुआर गांव में ग्रामीणों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही गांव के बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को नशे से बचने की अपील की।एसएसबी जवानों ने सोमवार को घरुआर गांव में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। बढ़नी बीओपी प्रभारी असिस्टेंट कमांडेंट होशियार सिंह पाठिहाल के नेतृत्व में बीओपी के जवानों व गांव के बच्चों ने पूरे गांव में घूमकर लोगों व महिलाओं को नशे के सेवन से होने वाले हानि व उसके दुष्परिणाम की जानकारी दी। साथ ही नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान जवानों व बच्चों ने अपने हाथों में नशे से जो टकराएगा पूरा जीवन व पछताएगा, नशे की मार, सबसे बड़ी मार, बर्बाद हो सुखी परिवार आदि स्लोगन लिखी तख्तियों को लेकर लोगों को जागरूक किया। असिस्टेंट कमांडेंट ने सीमावर्ती गांव के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी तरफ के नशे का सेवन न करें। नशा केवल स्वास्थ्य ही नहीं परिवार को भी नष्ट कर देता है। रैली में एसआई अजय राय, एएसआई वाग्था राम, एन निजाज, राजेश यादव, उपेंद्र कुमार, भूरे सिंह, अभिषेक कुमार, पूजा कुमारी, आर. गीतांजलि, सावित्री आदि मौजूद रहीं।

### कक्षा 12 तक के स्कूल सात जनवरी तक बंद

सिद्धार्थनगर,02 जनवरी 2023 (यूएनएस)। जिले में पड़ रही भीषण ठंड व शीतलहर की वजह से जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कक्षा एक से 12 तक संचालित होने वाले सभी स्कूलों, कॉलेजों को तीन जनवरी से सात जनवरी तक बंद कर दिया गया है। डीएम ने कहा कि आदेश का उलंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### नूतन वर्ष पर न्यायालय परिसर में रोपित किए गए 10 पौधे

**सिद्धार्थनगर, (यूएनएस)।** आज नववर्ष के उपलक्ष्य में संजय कुमार मलिक, जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के निर्देशन व ब्रिजेश कुमार-द्वितीय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर की देख-रेख में जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 पौधे रोपित किये गये।मिली जानकारी के मुताबिक संजय कुमार मलिक जनपद न्यायाधीश ने सुशील कुमार 'शशि' पीठासीन अधिकारी, अशोक कुमार-नवम अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय 1, प्रमोद कुमार सिंह अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट), ब्रिजेश कुमार-द्वितीय, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,चन्द्रमणि अपर सिविल जज सीडि.,सुनैना मौर्या सिविल जज जूडि,एफ्टीसी-प्रथम, श्वेता विश्वकर्मा सिविल जज जूडिध् एफ्टीसी-द्वितीय,अन्जनी कुमार दूबे अध्यक्ष सिविल सिद्धार्थ बार, दिव्य प्रकाश शुक्ल महामंत्री सिविल सिद्धार्थ बार के साथ दीवानी न्यायालय परिसर में पौधे अधिरोपित किये। इस मौके पर दीवानी न्यायालय परिसर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण मौके पर उपस्थित रहे।

### महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में पुलिस नें जागरूक किया

**सिद्धार्थनगर, (यूएनएस)।** जनपद सिद्धार्थनगर के थाना डुमरियागंज पुलिस नें महिला सशक्तिकरण ध्मिशन शक्तिध्एंटीरोमियो चेकिंग अभियान महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ष्महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकताध्मिशन शक्ति अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व राणा महेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में देवनन्दन उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज के नेतृत्व में आज दिनांक 02.01.2023 न में मुख्य आरक्षी रमजान अली तथा महिला बीट पुलिस अधिकारी महिला मुख्य आरक्षी संगीता मौर्या, महिला आरक्षी उर्मिला देवी द्वारा थाना क्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में शिक्षा एवम् सुरक्षा,महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीयूट शुरू

**अयोध्या, (यूएनएस)।** जिले में मंगलवार से नए भवन में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की व्यवस्था शुरू हो जाएगी। जिले भर को लोगों को दो पहिया और चार पहिया का लाइसेंस बनवाने के लिए उदया चौराहे पर आना होगा। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदकों को अब संभागीय परिवहन विभाग (आरटीओ) के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि 3 जनवरी से लाइसेंस से सम्बन्धित समस्त कार्य उदया चौराहा के निकट आईटीआई परिसर में स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीयूट (डीटीआई) में कार्य प्रारंभ हो जाऐंगे।। आवेदक लाइसेंस से सम्बन्धित समस्त कार्य डीटीआई में ही उपस्थित होकर टेस्ट देना होगा। बेनीगंज आईआईटी कॉलेज से सटा डीटीआई का निर्माण किया गया है। डीटीआई के निर्माण में 8 करोड से भी अधिक का खर्च आया है। गत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने अयोध्या दौरे के दौरान इसका लोकार्पण कर गए थे। डीटीआई में दो और चार पहिया लाइसेंस के लिए आवेदकों को अलग-अलग तरह के ट्रैक पर टेस्ट देना होगा। टेस्ट की प्रक्रिया सार्वजनिक होते ही दलालों पर भी लगाम लगेगी। राजेश प्रताप सिंह ने बताया विभाग से लाइसेंस अनुभाग अलग किया गया है। अब लाइसेंस से जुड़े समस्त कार्य डीटीआई पर ही होंगे।

## शिक्षामित्रों ने किया धरना, मांग पूरी न होने पर शिक्षा मित्र बचाओ रैली करेंगे

**अयोध्या, (यूएनएस)।** सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क में सोमवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के बैनर तले शिक्षामित्रों ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश सरकार से शिक्षा मित्र नियमित करने की मांग किया। शिक्षा मित्रों ने कहा कि यदि हमारी मांगे प्रदेश सरकार नहीं मानती है ,तो 11 और 12 जनवरी को शिक्षा मिशन शिक्षा मित्र सम्मान बचाओ रैली करेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार व शासन की होगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षामित्रों ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारियों और शिक्षा मित्रों ने धरना प्रदर्शन कर सरकार को चेताने का काम किया है। हमारी प्रमुख मांगे शिक्षामित्रों को नियमावली में संशोधन करके पुनः नियमित किया जाए। इसके साथ-साथ नई शिक्षा नीति में शिक्षामित्रों को भी सम्मिलित करते हुए उनका भविष्य सुरक्षित किया जाए। शिक्षामित्रों का समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रदेश के शिक्षामित्रों को 12 महीने और 62 वर्ष तक जीवन यापन लायक वेतन दिया जाए। इसके साथ ही मृतक शिक्षामित्रों के परिजनों को सहायता राशि व उनके आश्रितों को नियुक्ति प्रदान की जाए। इसलिए हमारी और समझ शिक्षामित्रों की मांग है कि सभी की मांगों को अविलंब पूर्ण करें जिससे शिक्षामित्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके। जिलाध्यक्ष दुर्गेश ने कहा कि यदि हमारी मांगे पूरी नहीं होती तो 11 और 12 जनवरी को शिक्षा मिशन शिक्षा मित्र सम्मान बचाओ रैली करेगा,जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार व शासन की होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा मित्रों की आर्थिक स्थिति दयनीय है। जिसके चलते सरकार को इस ओर ध्यान देते हुए सभी शिक्षा मित्रों को नियमित कर देना चाहिए।

## बाल यौन के उत्पीड़न रोकने के लिए चलेगा जागरुकता अभियान

**अयोध्या, (यूएनएस)।** जिले के सरकारी स्कूलों के बच्चों को बाल यौन उत्पीड़न और उससे बचाव के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। बाल यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए बकायदा हर स्कूल में पॉक्सो कमेटी का गठन होगा। इस संबंध में दिशा- निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। साथ ही बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार के साथ बताया जाएगा। जिले के सरकारी व निजी स्कूलों में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पॉक्सो) एक्ट के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। इस संबंध में स्कूलों में समय- समय पर कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएगी, जिसमें छात्रों को संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। उन्हें बताया जाएगा कि पोक्सो अधिनियम के तहत किस प्रकार के मामले आते हैं और क्या सजा हो सकती है। ताकि छात्राओं के साथ छेड़छाड़ होने पर वह घबराएं या डरें नहीं और मामले को दबाने या रफा-दफा करने के बजाय परिवार, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें। बच्चों के यौन उत्पीड़न व यौन शोषण जैसे अपराधों को रोकने के लिए पोक्सो अधिनियम- 2012 बनाया गया है। अधिनियम के तहत बच्चे के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति को कड़ी सजा का प्रावधान है। 18 साल से कम उम्र के बच्चों से किसी भी तरह का यौन व्यवहार इस कानून के दायरे में आता है। यह कानून लड़के व लड़की को समान रूप से सुरक्षा प्रदान करता है। छात्रों तथा शिक्षकों को पॉक्सो एक्ट के बारे में जागरूक करने के लिए स्कूलों में पॉक्सो कमेटी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बाल उत्पीड़न के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यशालाएं भी होंगी। जिसमें बाल यौन शोषण और बच्चों के प्रति हिंसा संबंधित कानूनों के बारे में भी बताएंगे। बाल उत्पीड़न का बच्चों के मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ता है। बीएसएस संतोष कुमार राय ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों को बाल यौन उत्पीड़न के बारे में जागरूक किया जाएगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पॉक्सो कमेटी बनाने के लिए कह दिया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अयोध्या, (यूएनएस)।** ट्रेन की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अयोध्या प्रयागराज रेलवे ट्रैक के किनारे कोतवाली क्षेत्र के सीका गांव के पास सोमवार सुबह करीब 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। रेल ट्रैक के किनारे सुबह गए ग्रामीणों द्वारा युवक का शव देखकर गांव में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा युवक की पहचान कराने का प्रयास शुरू किया गया। पहचान होने पर जानकारी मिली की मृतक युवक हरेंद्र कुमार उर्फ चेला फर्रुखाबाद जनपद का निवासी है। जो रोजी रोटी के सिलसिले में सीका गांव में संचालित इरशाद की बेकरी पर काम करता था। नव वर्ष पर रविवार को दोपहर करीब 12 बजे बेकरी से पैसा लेकर बीकापुर बाजार गया था। लेकिन देर रात्रि तक सीका गांव में बेकरी पर ना पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा काफी खोजबीन किया गया। लेकिन कोई सुराग नहीं पता लगा। आशंका जताई जा रही है कि रात में किसी ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो सकती है। शरीर पर कई जगह जख्म और चोट के निशान पाए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की मौत कैसे हुई यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

## विवाहिता की मौत मामले में पति गिरफ्तार, ससुर व देवर फरार

**अयोध्या, (यूएनएस)।** खंडासा थाना क्षेत्र के कलंदरपुर गांव निवासिनी 36 वर्षीय कुसुम का शव बीती 28 दिसंबर को पंखे से लटका मिला था। कुसुम के पिता ने तहरीर देकर ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया था। हालांकि महिला ने आत्महत्या की थी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि ससुर व देवर की पुलिस तलाश कर रही है। कुसुम शर्मा के भाई ध्रुव शर्मा निवासी रामपुर इंडी पिंडी थाना आलापुर अंबेडकरनगर ने खंडासा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि 14 वर्ष पूर्व उनकी बहन की शादी हुई थी। तब पति, देवर व सास-ससुर का व्यवहार मेरी बहन के प्रति ठीक नहीं था। आए दिन मारपीट व विवाद करते रहते थे। हम लोग यही कहते थे कि सब ठीक हो जाएगा। समय बीतता गया। जिसके बाद एक पुत्र व दो पुत्रियों का जन्म हुआ उसके बावजूद भी ये लोग सही व्यवहार मेरी बहन कुसुम के प्रति नहीं रख रहे थे। ससुराल जनों के चलते मेरी बहन ने यह कदम उठाया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति राहुल शर्मा, देवर रोहित शर्मा, सास गुलाबा देवी व ससुर हरिनाथ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से उपरोक्त सभी लोग फरार चल रहे थे। पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। सोमवार को आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अभी आरोपी ससुर व देवर की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ओबीसी आरक्षण को लेकर आप का प्रदर्शन

**गोण्डा, (यूएनएस)।** जिले में ओबीसी आरक्षण को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा की नगर निकाय के चुनाव में संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करके, आयोग बनाकर और सर्वे करवा कर आरक्षण लागू करना था। लेकिन जान बूझकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने गड़बड़ किया। जिससे हाईकोर्ट ने आरक्षण को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने यह तक कह दिया कि अगर आप प्रक्रियाओं का पालन करते हैं तो आरक्षण में ओबीसी को उनका हक मिलेगा और अगर बगैर प्रक्रिया के आरक्षण व्यवस्था लागू की तो बिना आरक्षण के ही चुनाव करा दो। आम आदमी पार्टी का साफ तौर पर मानना है कि यह गड़बड़ी जानबूझकर की गई है। इसके लिए जो भी अधिकारी और सरकार के लोग जिम्मेदार हैं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

इस नगर निकाय चुनाव में भाजपा सरकार ने जानबूझकर सर्वे में गड़बड़ी कराई। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया। अगर सरकार ने संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए निकाय चुनाव में ओबीसी का आरक्षण लागू नहीं किया तो आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से बड़े स्तर का आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल इस गंभीर मुद्दे पर हस्तक्षेप करें और संवैधानिक तरीके से नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लागू कराएं , ताकि पिछड़े वर्ग के लोगों को उनका हक और न्याय मिल सके। आम आदमी पार्टी हमेशा पिछड़ों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करती आई है और इस मुद्दे पर भी पिछड़ों को उनका हक दिलाकर रहेगी। भाजपा सरकार पिछड़ों के खिलाफ है। आरक्षण के खिलाफ है और पिछड़ों को उनका हक देने के खिलाफ है। लेकिन आम आदमी पार्टी भाजपा के ऐसे कदमों के खिलाफ डटकर खड़ी रहेगी और पिछड़ों को उनका हक दिलाएगी। इस मौके दौरान प्रदेश सचिव वकील अहमद, जिला अध्यक्ष दिग्गज पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष (छात्र विंग) राजकुमार बरवार, जिला अध्यक्ष(छात्र विंग) शिवम सिंह, संजय पाठक, कृष्णा सिंह, अब्दुल सलाम, किशोरचन्द्र भारती, दानिश खान, महेश तिवारी, तिलकराम यादव, राजू वाल्मीकि, रणविजय सिंह, काशिफ खान, शिवम शर्मा, खालिद अहमद समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दबंग ने दलित महिला सहित परिवार को पीटा, एफआईआर न लिखे जाने पर कलेक्ट्रेट में धरना

**गोण्डा, (यूएनएस)।** जिले में दलितों के साथ छुआछूत और उत्पीड़न का मामला कौड़िया बाजार थाना क्षेत्र का है। जहां दलित होने पर उत्पीड़न सहना पड़ रहा है, दलित युवक बालक राम का आरोप है कि उसकी पत्नी पड़ोस के रहने वाले हीरा लाल पाण्डेय के खेत से होते हुए अपने खेत में चली गयी, जिसके बाद दबंग ने दलित महिला की पिटाई कर दी, जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने घर में घुसकर पूरे परिवार वालों की भी पिटाई कर दी। पीड़ित दलित परिवार ने जब इसकी शिकायत कौड़िया थाना में की तो थानाध्यक्ष ने शिकायत सुनने के बजाय परी परिवार को वहां से भगा दिया गया, जिसके बाद मजबूर होकर 30 दिसम्बर को दलित परिवार ने बच्चों के साथ कड़ाके की ठंड में कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठ गए। दलित परिवार को धरने पर बैठा देख आला अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए आनन-फानन में अपर पुलिस अधीक्षक व सिटी मजिस्ट्रेट ने पीड़ित परिवार को बुलाकर आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोग को निश्चित ही न्याय मिलेगा और आप लोग अनशन समाप्त कर दीजिये। आश्वासन के बाद दलित परिवार अनशन समाप्त कर दिया और न्याय की आस में घर चला गया, हालांकि पीड़ित युवक ने बताया कि अगर उसे न्याय नहीं मिलता है, तो वह 3 दिन बाद अपने परिवार के साथ आमरण अनशन पर बैठ जाऊंगा। वहीं इस भारत आज भी हमारा समाज छुआछूत व भेदभाव की जंजीरों में जकड़ा हुआ है, जबकि हमारे देश का संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है, उसके बावजूद सामाजिक व्यवस्थाएं, सामाजिक समानताओं को खुली चुनौती दे रही हैं, जिसके चलते आज भी छुआछूत व भेदभाव का सिलसिला जारी है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि इस मामले की जांच क्षेत्राधिकारी करनैलगंज को दी गई थी, फिलहाल अब इस पूरे मामले में कौड़िया बाजार थाने में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है, लेकिन सत्ता धारियों के दबाव अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। जबकि जिम्मेदारों का कहना है की कार्रवाई की जा रही है।

# भारत जोड़ो यात्रा के लिए कांग्रेस के 150 कार्यकर्ता रवाना

**लोनी बार्ड पर राहुल को देंगे हनुमानगढ़ी का माला-प्रसाद ,वीरू बोले, हम नफरत मिटाने निकले**

**अयोध्या, (यूएनएस)।** अयोध्या से भारत जोड़ो यात्रा मे शामिल होने के लिए 150 कांग्रेस नेता अयोध्या से रवाना हो गए, ये सभी 3 जनवरी को गाजियाबाद के लोनी बार्डर पर राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल होंगे, यात्रा के निकले पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू ने कहा कि हम भारत जोड़ने और नफरत को मिटाने निकले हैं उन्होंने कहा कि यूपी से इस यात्रा में एक लाख से ज्यादा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं, उन्होंने कहा कि यात्रा में अयोध्या से राहुल गांधी के लिए आशीर्वाद के रूप में हनुमानगढ़ी और कनक भवन का चित्रपट और माला तिलक के लिए महाबीरी और प्रसाद लेकर जा रहे हैं, यह प्रसाद उनको देश से नफरत मिटाने की यात्रा में खास सफलता दिलाऐगा, यह हम सभी का विश्वास है। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए अयोध्या से निकले चेयरमैन कांग्रेस प्रदेश लीगल सेल नितिन मिश्र दाए और प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू बीच में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए अयोध्या से निकले चेयरमैन कांग्रेस प्रदेश लीगल सेल नितिन मिश्र दाए और प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू बीच में साधु -संतों को यात्रा में चलने का निमंत्रण दिया इससे पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू के नेतृत्व में कांग्रेश नेताओं का एक दल अयोध्या के मंदिरों में जनसंपर्क कर साधु -संतों को यात्रा में चलने का निमंत्रण दिया तिवारी के मुताबिक यात्रा को लेकर अयोध्या के साधु-संतों में खासा उत्साह है और वह राहुल जी की इस यात्रा को लेकर काफी आशान्वित भी है, उनका आशीर्वाद भी हमारे साथ है, यात्रा में शामिल होने के लिए पूर्व सांसद निर्मल खत्री दिल्ली पहुंच चुके हैं, इसके अलावा राजेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, उग्रसेन मिश्र, नितिन मिश्रा चेयरमैन कांग्रेस प्रदेश लीगल सेल, अखिलेश यादव जिला अध्यक्ष कांग्रेस,वेद सिंह कमल महानगर अध्यक्ष कांग्रेस,शैलेंद्र मणि पांडेय वरिष्ठ कांग्रेस नेता,राम अवध पीसीसी मेंबर,अनिल तिवारी किसान नेता,श्रीनिवास शास्त्री महानगर उपाध्यक्ष, उमर मुस्तफा, फिरोज अंसारी युवक कांग्रेस नेता,फूलचंद यादव किसान नेता ,राम बहादुर सिंह रामचंद्र वर्मा श्री निवास पांडे, प्रेम पांडे, डॉ महेंद्र सिंह कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ अयोध्या से रवाना हुए।

# उत्तरप्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने की जनसभा

**सम्मान बचाओ अभियान के तहत डीएम को सौंपा 4 सूत्री मांग पत्र**

**गोण्डा, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ द्वारा आयोजित शिक्षामित्रों ने सम्मान बचाओ अभियान के तहत जिला पंचायत टीन शेड में एकत्रित होकर जनसभा की। जिसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सहित बेसिक शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व महानिदेशक लखनऊ को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। शिक्षा मित्रों की मांग है कि सभी शिक्षा मित्रों को शिक्षक के पदों पर समायोजित किया जाए। जब तक समायोजन न हो तब तक के लिए 12 माह 62 वर्ष सम्मान जनक वेतन दिया जाय। नियमावली में संशोधित करते हुए शिक्षक के पद पर सभी शिक्षा मित्रों को समायोजित किये जाने की मांग की है। जबकि नई शिक्षा नीति में शिक्षा मित्रों को सम्मिलित करने की मांग करते हुए कहा की भविष्य सुरक्षित किये जाने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की पिछले पांच वर्षो से सरकार ने हमारे लिए कुछ नहीं किया लेकिन इस बार हम अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे। शिक्षामित्रों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला मंडल अध्यक्ष रामलाल साहू जिला अध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा जी जिला महामंत्री शिव मूर्ति पांडे जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उपाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा जी जिला मंत्री अभिमन्यु प्रसाद मिश्रा जी संगठन मंत्री तेजेंद्र कुमार शुक्ला रुपईडीह ब्लॉक अध्यक्ष तिलकराम वर्मा परसपुर से महेंद्र प्रताप सिंह वजीरगंज से राजकुमार छपिया से वशिष्ठ पांडे कर्नलगंज से मनुआ तिवारी हलधर मऊ से राजकुमार शुक्ला उर्फ मार्शल बभनजोत से मनोज कुमार नवाबगंज से घनश्याम तिवारी इटियाथोक से नकछेद सोनकर मुजेहना से अशोक तिवारी तरबगंज से दीपचंद मिश्रा तरबगंज से रामनारायण शर्मा मनकापुर से महेंद्र विक्रम कुशवाहा बेलसर से राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू झंझरी से शिव शंकर कोषाध्यक्ष नगर क्षेत्र से अध्यक्ष फिरोज अहमद पंडरी कृपाल से हनुमंत तिवारी कटरा बाजार से श्रवण कुमार शुक्ला रुपईडीह से राम नारायण यादव मुजेहना से रामभाल तिवारी रामप्रकाश राम नारायण यादव राम अनुज वर्मा सुनील मिश्रा योगेश गुप्ता सुरेश तिवारी सहित सैकड़ों शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# मुसाफिरखाना के पास हुआ सड़क हादसा

## ट्रक से टकराई रोडवेज बस, दर्जनभर यात्री घायल

**सुल्तानपुर, (यूएनएस)।** मुसाफिरखाना क्षेत्र के कस्थुनी चौकी अंतर्गत मझगंवा गांव के पास सुलतानपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। चौकी इंचार्ज के मुताबिक इस दुर्घटना में घायल दर्जन भर यात्रियों को इलाज के लिए सुलतानपुर जिला अस्पताल भेजा गया। आपको बताते चलें कि घटना रात लगभग डेढ़ बजे हाइवे पर मझगंवा मोड़ के पास की है। काशी डिपो की जनरथ रोडवेज बस लखनऊ से वाराणसी जाते समय सड़क किनारे खड़ी मोरंग लदी ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में रोडवेज बस के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस के मदद से जिला अस्पताल सुल्तानपुर भेजवाया।

**डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ**

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण की समीक्षा बैठक संपन्न



**न्यूज गाइड। संवाददाता**

**लखनऊ।** नव वर्ष अवसर पर डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप द्वारा विश्वविद्यालय के पंचम तल पर स्थित प्रशासनिक भवन सभागार में विश्वविद्यालय में प्रशासनिक, शैक्षणिक, वित्तीय और अन्य आनुसांगिक विषयों पर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री नरेंद्र कश्यप के साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राणा

**बैठक में दिव्यांग छात्र छात्राओं की संख्या बढ़ानें पर बल दिया गया।**

कृष्ण पाल सिंह , अपर मुख्य सचिव हेमंत राव, विशेष सचिव अजीत कुमार सिंह, निदेशक सत्य प्रकाश पटेल विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह,परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार राय, अनिल कुमार मिश्रा के साथ ही विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठातागण एवं समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहें। समीक्षा बैठक में विभागीय मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिशा निर्देश प्रदान किया गया दिव्यांगजनों के लिए स्थापित डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में दिव्यांग छात्र छात्राओं की संख्या बढ़ानें के लिए किए जाने वाले आवश्यक उपायों पर बल दिया गया। दिव्यांगजनों के सर्वागीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए उच्च शिक्षा के साथ-साथ पैरा ओलंपिक खेलों के प्रति ध्यान आकर्षण करने हेतु विश्वविद्यालय में स्थापित विशिष्ट स्टेडियम की सार्थक उपयोगिता सुनिश्चित हो सके इस पर बल दिया गया। इस विशिष्ट स्टेडियम के संचालन एवं रख-रखाव हेतु प्रशासनिक व्यवस्था एवं खेलों की ट्रेनिंग हेतु खेल प्रशिक्षकों/ट्रेनर की आवश्यकता के दृष्टिगत विभिन्न पदों कों सृजित किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। विश्वविद्यालय में स्थापित कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र को देश के विशिष्ट केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। ब्रेल प्रेस के शीघ्र संचालन प्रारम्भ किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं निर्देश प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय की सुरक्षा के दृष्टिगत चाहरदिवारी के निर्माण एवं एक अतिरिक्त महिला छात्रावास की स्थापना को रेखांकित किया गया।

यह विश्वविद्यालय समूचे एशिया में दिव्यांगजनों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में शामिल करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस लिए इसकी अवस्थापना सुविधाओं के साथ ही राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय पटल दिव्यांगता के क्षेत्र में सेंटर फॉर एक्सीलेंस बनाने पर जोर दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## शीतलहर से ठंड में और हुआ इजाफा, छाया रहा घना कोहरा

**बहराइच, (यूएनएस)।** जिले में शीतलहर ने गलन और बढ़ा दी है। साल के दूसरे दिन भी कोहरा छाया रहा। शीतलहर से ठंड में और इजाफा हुआ। घना कोहरा होने के कारण दृश्यता काफी कम रही। 20 मीटर की दूरी भी दिखना मुश्किल हो गया। ठंड ने लोगों को ठिठुरने पर विवश कर दिया। बीते 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। रविवार देर रात जहां आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवाएं चली हैं, वहीं सुबह पुरवा चलने से घना कोहरा छा गया। शीतलहर से लोग परेशान हुए। यहां तक की बारिश होने जैसी तस्वीर सड़कों पर दिखी। हवाओं के बदलते रुख के बीच ठिठुरन भरी ठंड से लोग कांपते दिखे। मानव तो दूर पशु व पक्षी भी बेहाल हुए। अगले 24 घंटे में ऐसे ही मौसम बरकरार रहने की मौसम विज्ञानी संभावना जता रहे हैं। मौसम पर्यवेक्षक ने बताया कि मौसम में अचानक बदलाव हो रहा है। बदले मौसम के मिजाज से जन जीवन अस्त- व्यस्त दिखा। ठंड से निजात के लिए लोग हीटर व अलाव का सहारा लेते दिखे।

## मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर चोरी

**अयोध्या, (यूएनएस)।** पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के खजुराहट मिल्कीपुर संपर्क मार्ग स्थित एपीएस मोबाइल शॉप के शटर का ताला चोरों ने काटकर लगभग चार लाख रुपए की एंड्राइड मोबाइल को पार कर दिया। घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी रजनीश पांडे ने घटना की बारीकी से जांच की। पीड़ित को जल्द चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। एपीएस मोबाइल शॉप के प्रोपराइटर अवतन्श प्रताप सिंह ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह शाम 8 बजे दुकान में ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। सुबह आसपास के दुकानदारों ने देखा कि एपीएस मोबाइल शॉप की दुकान का शटर आधा उठा हुआ है तो उन लोगों ने इसकी जानकारी दुकान मालिक को दी। जानकारी होते ही आनन-फानन में दुकानदार दुकान के ऊपर पहुंच कर देखा तो शटर का ताला कटा हुआ था। जब अंदर घुस कर देखे तो लगभग 20 एंड्रॉयड फोन गायब थे। जिनकी कीमत लगभग 400000 रुपए बताई जा रही है। पीड़ित अवतन्श प्रताप सिंह नेहा स्थानीय पुलिस को घटना की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली इनायतनगर अमरजीत सिंह ने बताया कि पीड़ित से चोरी हुई मोबाइलों का आईएमआई नंबर मांगा गया है , फिलहाल दुकानदार ने कहा कि मुकदमा लिख लीजिए। हमारी दुकान का बीमा है, मेरा भुगतान बीमा कंपनी से हो जाएगा। फिलहाल घटना की गहनता से छानबीन की जा रही है। एक माह के भीतर अज्ञात चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के 5 स्थानों पर जबरदस्त तरीके से चोरी कर कई लाख रुपए के सामानों को पार कर दिया लेकिन अभी तक पुलिस एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी।

## पुलिस ने लोगों के खोए हुए मोबाइल लौटाए, लोगों ने पुलिस टीम को दिया धन्यवाद

**बाराबंकी, (यूएनएस)।** जिला पुलिस ने आज लोगों को नए साल का तोहफा दिया। पुलिस ने जिले भर की अलग-अलग जगहों से चोरी हुए लाखों की कीमत के मोबाइल बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपे। लंबे समय बाद जब मोबाइल मालिकों को उनके चोरी हुए मोबाइल वापस मिले तो उन सभी लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इन सभी लोगों ने बाराबंकी पुलिस को इस न्यू ईयर गिफ्ट के लिये धन्यवाद दिया। दरअसल बाराबंकी के एसपी दिनेश कुमार सिंह ने खोए हुए या गिरने से गायब हुए मोबाइल सेट की बरामदगी के लिए सर्विलांस सेल में एक रिकवरी सेल टीम गठित कर रखी है। इसी टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए खोये या गिरे हुए करीब 12 लाख कीमत के 60 मोबाइल फोन को बरामद किये हैं। इनमें कई फोन तो काफी महंगे भी हैं। जिसके बाद एसपी ने मोबाइल सेट के स्वामियों को कार्यालय बुलाया, जहां इन सभी को उनके मोबाइल सुपुर्द किए। इन मोबाइल फोन को एसपी ने जब इनके असली मालिकों को सौंपा तो उनके चेहरे खिल उठे। मोबाइल को वापस पाकर लोगों ने एसपी और मोबाइल बरामद करने वाली टीम को धन्यवाद दिया। मोबाइल पाने वालों में महिला, पुरुष और स्टूडेंट भी शामिल हैं। वहीं एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि इन लोगों के मोबाइल काफी समय से गायब थे या फिर कहीं गिर गये थे। इनकी तलाश में हमारी पुलिस टीम लगी हुई थी। इन सभी मोबाइल फोन को जिलेभर की अलग-अलग जगहों से बरामद कर आज उनके असली मालिकों को सौंप दिया गया है।

## जेल में बंद कैदी स्ट्रॉबेरी की कर रहे खेती, कौशल विकास मिशन के तहत सिखाया गया

**बाराबंकी, (यूएनएस)।** बाराबंकी जेल में बंद कैदी इन दिनों स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं। जेल में बंद कैदियों ने स्ट्रॉबेरी की खेती करके एक नई मिसाल पेश की है। इसकी खेती सबसे ज्यादा पहाड़ी इलाकों में की जाती है। मैदानी इलाकों में इसकी खेती करना काफी मुश्किल होता है। लेकिन जिला कारागार के जेल अधीक्षक और जेलर ने कौशल विकास मिशन के तहत इन कैदियों को प्रशिक्षित कर एक नई जिंदगी देने का प्रयास किया है। इसी के साथ बाराबंकी जेल यूपी की ऐसी पहली जेल बन गई है जहां स्ट्रॉबेरी की खेती हो रही है। जिला कारागार में धारा 302 समेत कई बड़े अपराधों में कैदी बंद हैं। ये ऐसे कैदी हैं जिन्होंने दुनिया में कई काले कारनामे किए हैं। लेकिन अब इनका हृदय परिवर्तन कराया जा रहा है। सरकार के कौशल विकास मिशन योजना के तहत सजा काट रहे 1600 कैदियों को जिला कारागार के जेल अधीक्षक और जेलर उन्नतशील खेती के गुण सिखा कर नई जिंदगी देने का प्रयास कर रहे हैं। जिला कारागार में बंद कैदियों ने स्ट्रॉबेरी की खेती कर एक नई मिसाल पेश की है। ये फल पहाड़ी इलाकों की पैदावार है और इसकी खेती मैदानी इलाकों में करना बहुत मुश्किल काम होता है। लेकिन बाराबंकी जिला कारागार के जेल अधीक्षक और जेलर ने कौशल विकास मिशन के तहत इन कैदियों को प्रशिक्षित कर एक नई जिंदगी देने का प्रयास किया है। जिला कारागार में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत सजा पाए कैदियों ने जिला जेल अधीक्षक पीपी सिंह की सलाह पर जेल की लगभग एक बीघा जमीन पर स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू की है। इनको खेती करने का तरीका कौशल विकास मिशन के तहत सिखाया गया है। अक्टूबर महीने में इन लोगों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर खेत की। फिर स्ट्रॉबेरी का पौधा लगाने के लिए खेत तैयार किया उसमें स्ट्रॉबेरी का पौधा लगाया। लगभग 4 महीने में फसल तैयार हो गई। अब इसकी पैकिंग करके इसको मार्केट में उतारने का काम किया जा रहा है।

## प्रधान संगठन ने दिया धरना, मोतीगंज पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप

**गोण्डा, (यूएनएस)।** प्रधान संगठन का एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन ब्लाक परिसर के मुख्य द्वार पर किया गया और ग्राम प्रधानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी आकाश सिंह को आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि ग्राम प्रधान बीरेपुर रघुराज वर्मा के ऊपर थाना मोतीगंज पुलिस के द्वारा किये गये। उत्पीड़न के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है कि थाना अध्यक्ष मोतीगंज को तत्काल प्रभाव से स्थानान्तरण करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। कायाकल्प योजना के तहत स्थानीय शासन व प्रशासन के द्वारा लगातार कई वर्षो से ग्राम प्रधानों के ऊपर दबाव बनाकर सारे विकास कार्यो को रोकते हुए ग्राम पंचायत के अधिकारों का हनन करके जबरन कार्य कराया जा रहा है, जिससे तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाये अन्यथा ग्राम प्रधान कार्य बाहिस्कार करते हुए आन्दोलन करेंगे। शासन व प्रशासन के द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग राज्य वित्त आयोग में 30 प्रतिशत से अधिक की कटौती कर दी गयी है जिससे ग्राम पंचायतों का विकास कार्य अवरुद्ध हो गया है। कटौती की धनराशि तत्काल ग्राम पंचायत को वापस की जाये। तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी मनकापुर द्वारा नये नियम कानून बनाकर मनरेगा कार्यो को अवरुद्ध करने व भुगतान प्रक्रिया में अड़ंगेबाजी करने के सम्बन्ध में तत्काल रोक लगायी जाये, शासन व प्रशासन के द्वारा लगातार प्रधानों के अधिकरो में बढ़ोतरी के बजाय कटौती की जा रही जिससे तत्काल रोका जाये। ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान सचिव व रोजगार सेवक के द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों में विरोधियों द्वारा अवरोध उत्पन्न कर झगड़ा या गाली-गालौज करते हैं उसे रोकने का प्रबंध किया जाए। प्रशासन द्वारा ग्राम प्रधानों को सहयोग किया जाए।

# 77 साल पुराने हो चुके संयुक्त राष्ट्र में सुधार जरूरी : विदेश मंत्री जयशंकर

एजेंसी

**वियना।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि 77 साल पुराने संगठन संयुक्त राष्ट्र को 'नया रूप' देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में बड़े बदलाव के लिए जोर देना नयी दिल्ली की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जयशंकर ने रविवार को यहां ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज के प्रयासों से भारतीय समुदाय के साथ हमारे संबंध मजबूत हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र में सुधारों और इनमें भारत की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में हुई थी। मैं लोगों से कहता हूं कि कोई ऐसी चीज बताएं जो 77 साल पुरानी हो और उसमें आपको सुधार की जरूरत न लगती हो। लोग बदलते हैं, संस्थानों में भी बदलाव होने चाहिए। हमें बदलाव की जरूरत है। दुनिया का एक बड़ा हिस्सा यह नहीं मानता कि संयुक्त राष्ट्र निष्पक्षता से उसकी आवाज उठाता है।' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में काफी समय से लंबित सुधारों के लिए हुए प्रयासों में भारत सबसे आगे रहा है। भारत कहता रहा है कि वह सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। जयशंकर ने कहा, 'समस्या



यह है कि जो प्रभावशाली हैसियत रखते हैं वे स्पष्ट रूप से अपने प्रभाव को कम होते नहीं देखना चाहते। ऐसे में हम लोगों को उस परिवर्तन के लिए कैसे राजी कर सकते हैं, जो अपने अल्पकालिक फायदों के कारण पुरानी प्रणाली से चिपके रहने के लिए मजबूर हैं, यह एक वास्तविक समस्या है।' मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधारों पर जोर देना भारत की विदेश नीति का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन रातों-रात नहीं होगा। विदेश मंत्री ने कहा, 'हम कोशिशें जारी रखेंगे। यह हमारे लिए और हमारी विदेश नीति के लिए बहुत महत्वपूर्ण लक्ष्य है। यह रातों-रात नहीं होगा, लेकिन एक दिन ऐसा होगा, मुझ पर विश्वास करें।' सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं। ये देश किसी भी मूल प्रस्ताव को वीटो कर सकते हैं। समकालीन वैश्विक वास्तविकता को दर्शाने के लिए स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है। जयशंकर ने भारतीय समुदाय से संबंध मजबूत होने के लिए पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के प्रयास की सराहना की। जयशंकर दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में साइप्रस से ऑस्ट्रिया पहुंचे हैं। यह पिछले 27 वर्षों में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा है। जयशंकर की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब दोनों देश 2023 में राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

## पंजाबः गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी जग्गू भगवानपुरिया की गैंग के 6 सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब पुलिस ने जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो हथियारों और मादक पदार्थ की तस्करी में संलग्न थे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी रूपनगर पुलिस की टीम ने की और उनके पास से हथियार व गोला बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि जगदीप सिंह उर्फ जग्गू भगवानपुरिया जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने ट्वीट किया, 'सीआईए टीम रूपनगर पुलिस टीम ने गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 12 पिस्तौल और 50 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। ये हथियार और मादक पदार्थ तस्करी गिरोह चला रहे थे। प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है।श् उन्होंने कहा कि अवैध हथियारों के धंधे में संलग्न सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राजौरी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपए सहायता और मिलेगी सरकारी नौकरी, एलजी का ऐलान

**जम्मू, एजेंसी।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के डांगरी गांव में हुए आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस घटना में मारे गए नागरिकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। रविवार को राजौरी जिले में हुए हमले में चार लोगों की मौत हो गई थी और छह अन्य घायल हो गए थे और सोमवार को एक पीड़ित के घर के पास एक आईईडी विस्फोट में एक बच्चे की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ट्वीट किया, ÷मैं राजौरी में किए गए कायराना हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि इस घृणित कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों का साथ हैं।÷ उन्होंने घोषणा की कि ÷नृशंस हमले में मारे गए÷ नागरिकों में से प्रत्येक के निकटतम रिश्तेदार को 10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि और एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से घायलों को एक लाख रुपए दिए जाएंगे। सिन्हा ने कहा कि अधिकारियों को घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। डांगरी हमले और प्म्क् विस्फोट के विरोध में राजौरी शहर पूरी तरह से बंद रहा।

## दिल्ली महिला की मौत का मामला, कोर्ट ने 5 आरोपियों को 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहिणी कोर्ट ने सोमवार को सुल्तानपुरी में कई किलोमीटर तक कार से घसीटी गई 20 वर्षीय महिला की निर्मम हत्या के पांचों आरोपियों को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। दीपक खन्ना, अमित खन्ना, कृष्ण, मिठ्ठ और मनोज मित्तल के रूप में पहचाने गए पांच लोगों को रविवार को गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस ने पांच दिनों की हिरासत के लिए अनुरोध किया था, लेकिन अदालत ने मामले में आगे की जांच के लिए केवल तीन दिन की रिमांड की अनुमति दी थी। घटना कंझावला इलाके में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को हुई जब पीड़िता की स्कूटी कार से टकरा गई और उसके कपड़े एक पहिये में फंस गए, जिससे वह घिसटती चली गई। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, रोहिणी की पांच सदस्यीय टीम भी उस स्थान का निरीक्षण करने के लिए सुल्तानपुरी के लिए रवाना हो गई है, जहां महिला का शव मिला था।

## कंझावला कांड में आप का एलजी के घर के बाहर प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की लचर स्थिति के विरोध में सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के आवास का घेराव किया। इसके अलावा कंझावला कांड पर लोगों का गुस्सा फूटा है। दरअसल, आम आदमी पार्टी (आप) ने कंझावला में हुई घटना को लेकर सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की। कंझावला में 20 वर्षीय एक युवती की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी और युवती को सुल्तानपुरी से कंझावाला तक करीब चार किलोमीटर घसीटते हुई ले गई। रविवार को हुए हादसे में युवती की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जहां इस घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा की मांग की, वहीं सक्सेना ने कहा कि इस ''अमानवीय अपराध से उनका सिर शर्म से झुक गया है। विधायक आतिशी, सौरभ भारद्वाज और दुर्गेश पाठक सहित 'आप के लगभग 200 नेता और कार्यकर्ता सिविल लाइंस स्थित राज निवास के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी की और घटना पर जवाब देने की मांग की। 'आप नेताओं ने उपराज्यपाल का इस्तीफा भी मांगा। उपराज्यपाल आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है और क्षेत्र में बैरिकेड और पानी की बौछार के लिए वाहन तैनात किए गए हैं।

## रेलवे ने किया मुआवजे का ऐलान, गंभीर को 1 लाख, मामूली रूप से घायलों को 25 हजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान के पाली जिले में बीती रात सूर्यनगरी सुपरफास्ट ट्रेन पटरी से उतर गई थी। जिसमें 3 डिब्बे पलट गए थे और 11 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इसमें करीब 26 लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। मौके पर पहुंची रेलवे की टीम ने राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया था। अब रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने घायलों के लिए मुआवजा राशि की घोषणा की है जिसमें गंभीर रूप से घायल को 1 लाख और मामूली रूप से घायल को 25000 रूपए की राशि रेलवे की तरफसे दी जा रही है। रेल मंत्रायल से मिली जानकारी के मुताबिक रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश के बाद हादसे में घायल हुए 26 लोगों को तुरंत मुआवजा भी दे दिया गया। हादसे में कुल 26 लोग घायल हुए। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में सोमवार सुबह भर्ती 17 मरीजों को मौके पर ही मुआवजा राशि दी गई। यात्री इंदूदेवी के पैर में फ्रेक्च र हो गया। उन्हें गंभीर घायल मानते हुए रेलवे ने 1 लाख रुपए दिए और शेष मामूली घायलों को 25-25 हजार रुपए मुआवजे के रूप में दिए गए। जो यात्री प्राथमिक उपचार के बाद घर चले गए हैं, उन्हें भी रेलवे की और से मुआवजा दिया जा रहा है। दरअसल राजस्थान में पाली जिले के बोमादडा गांव के पास सोमवार सुबह करीब साढ़े 3 बजे सूर्यनगरी सुफरफास्ट ट्रेन पटरी से उतर गई। ट्रेन के 3 डिब्बे पलट गए, जबकि 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में फिलहाल किसी की जान जाने की खबर नहीं है। 26 यात्री घायल हुए हैं, इसमें चार स्काउट स्टूडेंट शामिल हैं।

## तमिलनाडु पुलिस ने खंडित अंबेडकर प्रतिमा की जांच शुरू की

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु पुलिस ने सोमवार को चेन्नई के पास नेदुवरमबक्कम गांव में डॉ बीआर अंबेडकर की एक मूर्ति को नुकसान पहुंचाने की जांच शुरू की। सोमवार की सुबह प्रतिमा को क्षतिग्रस्त पाया गया और स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। शोलायार पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के विरोध में दलित कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोगों के घटनास्थल पर पहुंच जाने से गांव और उसके आसपास के इलाकों में तनाव फैल गया। दलित राजनीतिक संगठन विदुथलाई चिरुथिगाल काची (वीसीके) ने कहा कि उनकी पार्टी प्रतिमा के अपमान के खिलाफ कड़ा विरोध मार्च निकालेगी। वीसीके नेता आर. सुकुमारन ने कहा, दलित समाज की अस्मिता को ठेस पहुंचाने का सुनियोजित प्रयास किया गया है और प्रतिमा को तोड़ा जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है। डॉ. अम्बेडकर के स्पष्ट विचार थे कि दलित समुदाय का उत्थान कैसे किया जाए। हम इसे बैठकर नहीं देख सकते हैं। हम मजबूत विरोध प्रदर्शन करेंगे। हाल ही में पुडुकोट्टई जिले के वेंगयिल गांव में जाति आधारित हिंसा के एक मामले में, उच्च जाति के लोगों के प्रवेश पर आपत्ति जताने के बाद जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक को दलितों को जबरन एक स्थानीय मंदिर में प्रवेश कराना पड़ा। एक दलित कॉलोनी में पीने के पानी की आपूर्ति करने वाली एक ओवरहेड पानी की टंकी के मानव मल के साथ पाए जाने के बाद से इस क्षेत्र में विवाद बढ़ गया है। इस जांच के दौरान ग्रामीणों ने दलित लोगों के लिए मंदिर प्रवेश प्रतिबंध समेत अन्य भेदभाव की शिकायत की।

## यूक्रेन में रूस कर रहा ड्रोन अटैक,कीव में 4 घंटे से सुनाई दे रहे एयर रेड सायरन

एजेंसी

**कीव।** साल का दूसरे दिन शुरू होने से पहले ही रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन से हमले करना शुरू कर दिया। इन हमलों में यूक्रेन की राजधानी कीव के बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया गया है। रूसी हमलों की जानकारी गवर्नर ओलेक्सी कल्यूबा ने टेलीग्राम पर दी। हमलों की वजह से डेस्निआनसकी जिले में एक 19 साल का लड़का इमारत का मलबा गिरने से घायल हो गया। वहीं बीबीसी के मुताबिक यूक्रेन ने नए साल की शाम को डोनटेस्क इलाके में 400 रूसी सैनिकों को मार गिराया। इसकी पुष्टि रूस ने भी की है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया है कि उनके कितने सैनिक मारे गए। कीव में सोमवार को 1 बजे से सायरन सुनाई दे रहे कीव में रूसी हमलों की चेतावनी देने के लिए 4 घंटों से लगातार एयर रेड सायरन बजाए जा रहे हैं। गवर्नर ओलेक्सी कल्यूबा ने लोगों से अपील की है कि वो शेल्टरों में रहें। उन्होंने बताया कि यूक्रेन का एयर डिफेंस इन हमलों को रोकने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। अलजजीरा के मुताबिक सुबह तीन बजे से यूक्रेन ने कीव के आसमान में मंडरा रही 20 संदिग्ध चीजों को तबाह किया है। इनके रूस की तरफ से भेजे गए शाहीद ड्रोन होने की आशंकाएं थीं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के मुताबिक रविवार रात को भी यूक्रेन ने रूस की तरफसे भेजे गए 45 ईरानी ड्रोन्स को तबाह कर दिया था। नए साल के दिन भी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की में जुबानी जंग हुई। दोनों ने नए साल पर अपने देश को संबोधित किया। पुतिन ने 9 मिनट लंबे संबोधन में कहा हमारी सेना अपनी मातृभूमि, सच्चाई और न्याय के लिए लड़ रही है। हम जंग जीतेंगे, अपने परिवारों के लिए रूस के लिए। वहीं इसके पलटवार में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदोमिर जेलेंस्की ने भी वीडियो मैसेज जारी किया है। इसमें जेलेंस्की ने रूस के लोगों को कहा है कि पुतिन उन्हें तबाह कर रहा है। वो अपने सैनिकों का नेतृत्व नहीं कर रहा बल्कि उनकी आड़ में छिप रहा है। 2022 खत्म होते-होते रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर मिसाइलों से हमला किया। न्यू ईयर की शाम को पूरा देश धमाकों की आवाज से गूंज गया। इन हमलों में यूक्रेन की राजधानी कीव में 1 व्यक्ति की मौत हो गई और 8 लोग घायल हो गए। कड़कड़ाती ठंड में नए साल का जश्न मनाने की तैयारी कर रहे यूक्रेन के लोगों को इससे बड़ा झटका लगा है। यह पिछले तीन दिनों में रूस का यूक्रेन पर दूसरा बड़ा मिसाइल अटैक है।

## कंझावला हादसे पर केजरीवाल ने कहा- दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कंझावला हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि दोषियों को ''कड़ी से कड़ी सजाश् दी जाएगी। कंझावला में 20 वर्षीय एक युवती की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी और युवती को सुल्तानपुरी से कंझावाला तक करीब चार किलोमीटर घसीटते हुई ले गई। रविवार को हुए हादसे में युवती की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल ने घटना से जुड़ी एक खबर ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, ''कंझावला में हमारी बहन के साथ जो हुआ, वह बेहद शर्मनाक है। मैं उम्मीद करता हूं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर आया है जिसमें युवती के शरीर पर कपड़े नहीं है और उसके पैर में चोट नजर आ रही है। 'पीटीआई-भाषाश् इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो सामने आने के बाद से युवती के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या करने के दावे भी किए जा रहे हैं, लेकिन पुलिस का कहना है कि यह एक सड़क हादसा था। पुलिस ने बताया कि युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए मंगोलपुरी के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल भेज गया है। उनके अनुसार, युवती का पैर कार के एक पहिए में फंस गया था, जिससे वह वाहन के साथ करीब चार किलोमीटर तक घिसटती चली गई।दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने कथित तौर पर सड़क दुर्घटना में मारी गई युवती के संबंध में पुलिस से कई अहम सवाल पूछे हैं। मालीवाल ने पुलिस से यह स्पष्ट करने को कहा है कि क्या युवती का यौन उत्पीड़न किया गया था और क्या आरोपियों की कोई अपराधिक पृष्ठभूमि है? रविवार को एक चौंकाने वाली घटना में 20 वर्षीय युवती की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी और उसके निर्वस्त्र शव को करीब चार किलोमीटर तक घसीटते ले गई।

## कंझावला कांड का एक आरोपी भाजपा का सदस्यः आप नेता सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को आरोप लगाया कि कंझावला-सुल्तानपुरी कांड में गिरफ्तार पांच आरोपियों में से एक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सदस्य मनोज मित्तल है और उसकी तस्वीर वाला एक होर्डिंग उस स्थानीय थाने के बाहर लगा है, जहां वह और उसके दोस्त बंद हैं। कंझावला में 20 वर्षीय एक युवती की स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी और युवती को सुल्तानपुरी से कंझावाला तक करीब चार किलोमीटर घसीटते हुई ले गई। रविवार को हुए हादसे में युवती की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि युवती के शरीर पर कपड़े नहीं थे। उन्होंने कहा कि पुलिस इस बात की जांच करे कि उसके साथ बलात्कार किया गया था या नहीं। भाजपा की दिल्ली इकाई के मीडिया प्रकोष्ठ के प्रमुख हरीश खुराना ने कहा कि पुलिस ने पहले ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों।

## नोटबंदी के फैसले को भाजपा ने बताया ऐतिहासिक, कांग्रेस पर जमकर बरसे रविशंकर प्रसाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को नोटबंदी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ''ऐतिहासिक करार दिया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या नोटबंदी के खिलाफ अभियान चलाने के लिए वह देश से माफी मांगेंगे। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार के 2016 में 500 और 1000 रुपये की श्रृंखला वाले नोटों को बंद करने के फैसले को सोमवार को 4/1 के बहुमत के साथ सही ठहराया। पीठ ने बहुमत से लिए गए फैसले में कहा कि नोटबंदी की निर्णय प्रक्रिया दोषपूर्ण नहीं थी। हालांकि न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने सरकार के फैसले पर कई सवाल उठाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद की रीढ़ को तोड़ने में नोटबंदी ने महत्वपूर्ण काम किया। उन्होंने कहा, ''यह फैसला देशहित में किया गया था। प्रसाद ने कहा कि इससे अर्थव्यवस्था भी साफ सुथरी हुई। उन्होंने कहा, ''सुप्रीम कोर्ट का आज एक बहुत ही महत्वपूर्ण फैसला आया है। 2016 में मोदी सरकार के ऐतिहासिक फैसले, जिसमें 500 और 1,000 के नोटों का चलन बंद किया था, उसकी वैधानिकता को चुनौती देने वाली सारी याचिकाओं को कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा, ''ये पूरी नीति आतंक के वित्त पोषण, जाली नोट और धन शोधन, आदि को रोकने के लिए की गई थी। इस ऐतिहासिक निर्णय को आज अदालत ने सही पाया है जबकि कांग्रेस ने इसे लेकर काफी हंगामा किया था। प्रसाद ने पूछा कि राहुल गांधी ने नोटबंदी के खिलाफ अभियान चलाया था तो क्या अब वह अदालत के फैसले के बाद देश से माफी मांगेंगे। न्यायमूर्ति एस. ए. नजीर की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि आर्थिक मामले में संयम बरतने की जरूरत होती है और अदालत सरकार के फैसले की न्यायिक समीक्षा नहीं कर सकती। पीठ में न्यायमूर्ति नजीर के अलावा न्यायमूर्ति बी. आर. गवई,



न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन भी शामिल हैं। लेकिन न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने कहा कि 500 और 1000 रुपये की श्रृंखला के नोट कानून बनाकर ही रद्द किए जा सकते थे, अधिसूचना के जरिए नहीं। प्रसाद ने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम द्वारा न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की टिप्पणी को रेखांकित करने पर उन्हें आड़े हाथ लिया और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता बहुमत के फैसले की अनदेखी कर रहे हैं और अपमानजनक बयान दे रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि भारत डिजिटल भुगतान के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन गया है, जिसे नोटबंदी के बाद बढ़ावा मिला है और देश में इस साल अक्टूबर में ही 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 730 करोड़ से अधिक डिजिटल लेनदेन हुए हैं। प्रसाद ने कहा कि असहमति जताने वाले न्यायाधीश ने यह भी कहा कि नीति नेक इरादे से बनाई गई थी।

# देश-विदेश डायरी

## आईएलटी20 के शुरुआती सीजन से पहले गल्फजायंट्स ने जर्सी लॉन्च की

**दुबई, एजेंसी।** अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गल्फ जायंट्स ने सोमवार को दुबई, अबु धाबी और शारजाह में 13 जनवरी से 12 फरवरी तक होने वाली इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के पहले सीजन के लिए अपनी जर्सी लॉन्च की। जेम्स विंस की कप्तानी वाली गल्फ जायंट्स यह जर्सी पहनेगी, जिस पर एक सुनहरा बाज है, जो संयुक्त अरब अमीरात का राष्ट्रीय पक्षी है। विंस इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, जिसने 2019 में घर में अपना पहला वनडे विश्व कप जीता था। वह ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग, पाकिस्तान सुपर लीग, न्यूजीलैंड की सुपर स्मैश और दक्षिण अफ्रीका की अब बंद हो चुकी मजांसी सुपर लीग में खेल चुके हैं। वह जायंट्स के लिए शिमरोन हेटमायर, रेहान अहमद, क्रिस जॉर्डन, डेविड विसे और टॉम बैंटन जैसे खिलाड़ियों के साथ टीम बनाएंगे, जहां एंडी फ्लावर मुख्य कोच हैं। टीम ने स्थानीय प्रतिभा के रूप में अयान खान, संचित शर्मा, संयुक्त अरब अमीरात के कप्तान सीपी रिजवान और अश्वंथ वलथप्पा की सेवाएं भी हासिल की हैं। गल्फ जायंट्स 15 जनवरी को प्रतिष्ठित शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में अबु धाबी नाइट राइडर्स के खिलाफ आईएलटी20 में अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। आईएलटी20 का सीधा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग से होगा, जो जनवरी 2023 में होनी है। दोनों लीग तब संचालित होंगी, जब ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) और बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) शुरू होंगी। गल्फजायंट्स टीमरू जेम्स विंस (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, क्रिस जॉर्डन, क्रिस लिन, टॉम बैंटन, डोमिनिक ड्रेक्स, डेविड विसे, लियाम डॉसन, जेमी ओवरटन, कैस अहमद, रिचर्ड ग्लीसन, ओली पोप, रेहान अहमद, सीपी रिजवान, अयान अफजल खान, संचित शर्मा, और अश्वंथ वलथप्पा।

## ऑस्ट्रेलियाः सी-वर्ल्ड थीम पार्क के पास में हवा में टकराये 2 हेलीकॉप्टर, 4 लोगों की मौत

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में सोमवार को समुद्र तट के ऊपर दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए जिससे एक हेलीकॉप्टर में सवार चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दुर्घटना में तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। दुर्घटना के बाद एक हेलीकॉप्टर गोल्ड कोस्ट पर 'मेन बीच के निकट सुरक्षित उतर गया। यह स्थान क्वीन्सलैंड राज्य के ब्रिस्बेन से 45 मील दूर दक्षिण में है। क्वींसलैंड राज्य पुलिस के कार्यवाहक निरीक्षक गैरी वॉरेल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों हेलीकॉप्टर गोल्ड कोस्ट के उत्तरी समुद्र तट 'मेन बीच में 'सीवर्ल्ड पार्क के समीप उस दौरान एक-दूसरे से टकरा गए जब एक हेलीकॉप्टर उड़ान भर रहा था और दूसरा उतर रहा था। एक हेलीकॉप्टर सुरक्षित उतर गया जबकि दूसरे का मलबा दूर तक फैल गया। पुलिस के अनुसार, वहां तक पहुंचना मुश्किल है। मृतक और तीनों घायल इसी हेलीकॉप्टर में थे। जॉन नाम के एक प्रत्यक्षदर्शी ने मेलबर्न रेडियो स्टेशन 3एडब्ल्यू को बताया कि 'सीवर्ल्ड के कर्मचारियों ने दुर्घटना की आवाज सुनी। अधिकारियों ने घटनास्थल की ओर जाने वाले 'सीवर्ल्ड ड्राइवश् मार्ग को बंद कर दिया है। इसके समीप ही 'सीवर्ल्ड पार्कश् है। क्वीन्सलैंड एंबुलेंस सेवा ने बताया कि पुलिस और चिकित्सक घटना स्थल पर मौजूद हैं। देश के पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक गोल्ड कोस्ट में छुट्टियों के दौरान बहुत भीड़ रहती है। ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो के मुख्य आयुक्त एंगस मिशेल ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## न्यूयॉर्क में एक महीने में डेड बॉडी बन जाएगी खाद : गवर्नर ने दी ह्यूमन कम्पोस्टिंग की इजाजत, दांत-हड्डियां भी हो जाएंगे मिट्टी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क में अब डेड बॉडी को जलाने या दफनाने की जरूरत नहीं होगी। उसे ईको-फ्रेंडली तरीके से उपजाऊ खाद में बदला जा सकेगा। इस मिट्टी को मृत व्यक्ति के परिवार वाले अपने बगीचे में इस्तेमाल कर सकते हैं। या चाहें तो जंगलों में बिखेरने के लिए दान भी कर सकते हैं। डेड बॉडी को मिट्टी में बदलने के इस तरीके को ह्यूमन कम्पोस्टिंग कहा जाता है। इस प्रक्रिया में डेड बॉडी को स्टेनलेस स्टील के एक सिलेंडर में रखा जाता है। उसके साथ में बायोडिग्रेडेबल मैटेरियल भी डाला जाता है। माइक्रोब डेड बॉडी और दूसरे मटेरियल को तोड़ते हैं। एक महीने के भीतर डेड बॉडी पोषक तत्वों से भरपूर मिट्टी में बदल जाती है। न्यूयॉर्क के गवर्नर कैथी होचुल ने ह्यूमन कम्पोस्टिंग कानून को पास कर दिया है। वह ऐसा करने वाला छठा अमेरिकी राज्य बन गया है। 2019 में सबसे पहले वाशिंगटन ने ह्यूमन कम्पोस्टिंग की अनुमति दी थी। इसके बाद 2021 में कोलोराडो और ओरेगन वहीं 2022 में कैलिफोर्निया और वर्मोंट ने इसकी इजाजत दे दी थी। ह्यूमन कम्पोस्टिंग करने वाली 'रीकम्पोज' कंपनी के मुताबिक, एक डेड बॉडी से 36 बैग मिट्टी बनती है। इस प्रक्रिया में दांत और हड्डियां भी मिट्टी बन जाते हैं। कंपनी की आउटरीच मैनेजर एना स्वेनसन बताती हैं- परिवार वालों को मिट्टी सौंपने से पहले उसकी जांच की जाती है कि उसमें कोई हानिकारक पैथोजन तो नहीं है। इसके अलावा जिन लोगों की मौत टीबी की बीमारी की वजह से हुई हो या रेडिएशन थेरेपी से इलाज हुआ हो। उनकी डेड बॉडी की ह्यूमन कम्पोस्टिंग नहीं की जाती है। रीकंपोज कंपनी की एना स्वेनसन कहती हैं कि इस प्रक्रिया में पारंपरिक रूप से जलाने या दफनाने की तुलना में आठ गुना कम एनर्जी का इस्तेमाल होता है। इससे वायु प्रदूषित नहीं होती है। साथ ही उपजाऊ मिट्टी भी मिल जाती है। इससे अमेरिका में जगह की समस्या भी दूर हो सकती है। दरअसल, अमेरिका में डेड बॉडीज को दफनाने के लिए जगह लगातार कम हो रही है। कई बड़े कब्रिस्तानों के अगले 10-15 सालों में पूरा भर जाने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में ह्यूमन कम्पोस्टिंग से जगह की समस्या दूर हो सकती है।

## अहमदाबादः नवजात को अस्पताल की तीसरी मंजिल से फेंकने वाली महिला गिरफ्तार

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद में तीन महीने की बच्ची को अस्पताल की तीसरी मंजिल से फेंकने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। आसिफमिया शेख द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उनकी पत्नी फरजानाबानू ने 5 अक्टूबर, 2022 को आनंद जिले के उत्तरसंडा के एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया। रविवार सुबह फरजानबानू ने अपने पति को बताया कि बच्ची गायब हो गई है। शेख ने अस्पताल के कर्मचारियों के साथ बच्चे की तलाश की और पुलिस को भी सूचित किया। शिकायत में आसिफमिया ने कहा कि अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए, सुबह लगभग 4 बजे फरजानाबानू को बच्चे को गोद में लेकर वार्ड से बाहर आते देखा गया, वह थोड़ी देर के लिए एक खंभे के पास खड़ी रहती है, बाद में वह खाली हाथ वार्ड में लौट आती है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने बताया कि वह बच्ची की बीमारी और दर्द से तंग आ गई थी, जिसके चलते उसने इतना बड़ा कदम उठाया। अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने चेक किया तो उन्हें बच्चे का शव मिला। जन्म के बाद, बच्चे को 15 दिनों के लिए वड़ोदरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, फिर 14 दिसंबर को परिवार ने देखा कि पेट पर आंत बढ़ गई और नादियाड डॉक्टर की सिफारिश पर शिशु को अहमदाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस निरीक्षक के.डी. जडेजा ने कहा कि शिकायतकर्ता से भी पूछताछ की जा रही है।

## युवती को घसीटने वाली कार की जांच करेगी पांच सदस्यीय एफएसएल टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) रोहिणी की पांच सदस्यीय टीम सुल्तानपुरी में उस जगह की जांच करेगी, जहां 20 वर्षीय एक युवती का शव मिला था और उस कार की भी जांच करेगी, जिसने उसे कई किलोमीटर घसीटा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी अपराध के य, शामिल वाहनों की जांच करने और सभी प्रासंगिक भौतिक, जैविक और अन्य साक्ष्य एकत्र करने के लिए शामिल किया गया है। शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात स्कूटी का एक्सीडेंट हो जाने से युवती की मौत हो गई और उसके कपड़े कार के पहिए में फंस गए, जिसके चलते उसे कुछ किलोमीटर तक घसीटा गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# अरे कोई एम्बुलेंस बुलाओ... भीड़ से देबिना को बचाने में लगी मामूली चोट दिखाने पर ट्रोल हुए

**टेलीविजन जगत** में राम-सीता के नाम से मशहूर कपल गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। भले ही दोनों काफी वक्त से किसी टीवी सीरियल में नजर ना आए हो लेकिन इनकी फैन फॉलोइंग पर इसका असर देखन को नहीं मिलता है। वहीं गुरमीत और देबिना के लिए साल 2022 काफी शानदार रहा। कपल ने इसी साल अपनी दोनों बेटियों का स्वागत किया। वहीं उसी जोश के साथ दोनों ने नए साल का भी स्वागत किया। न्यू ईयर के मौके पर देबिना और गुरमीत एक इवेंट में पहुंचे जहां उन्होंने अपने डांस से समां बांधा। फैंस इन दोनों को साथ देखकर काफी खुश हुए। इस इवेंट से उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। अब इसी पार्टी से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसे लेकर एक्टर को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया जा रहा है।सामने आया वीडियो इवेंट की शुरुआत का है। दरअसल, इस स्टार कपल को देखने के लिए वहां काफी भीड़ जमा हो गई। जैसे ही कपल ने इवेंट में एंट्री मारी वैसे ही फैंस की भीड़ ने इन्हें चारों तरफ से घेर लिया। सेल्फी लेने के लिए वहां मौजूद लोगों ने धक्का मुक्की शुरु कर दी। ऐसे में अपनी वाइफको बचाने के लिए गुरमीत ने कोई कसर नहीं छोड़ी। इस चक्कर में एक्टर को खुद चोट लग गई। मगर



गनीमत ये रही कि एक्टर को ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई।वीडियो में गुरमीत के हाथ पर लगी चोट भी साफ नजर आ रही है। ऐसे में इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजन्स अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए एक बार फिर एक्टिव हो गए। जहां कुछ सोशल मीडिया यूजर्स एक्टर की चोटों को लेकर परेशान दिखे, वहीं कुछ लोगों ने गुरमीत को हाथ-पैर पर लगी मामूली चोटें दिखाने को लेकर ट्रोल किया। वीडियो पर एक यूजर ने कॉमेंट कर लिखा- कौन-सा ज्यादा लग गया है इतना तो हम लोगों को लगता रहता है। दूसरे यूजर ने लिखा- ओएमजी कितनी ज्यादा चोट है, इमरजेंसी में लेके जाओ इसको कोई यार! तीसरे यूजर ने लिखा-अरे कोई एम्बुलेंस बुलाओ इतनी चोट लगी है तो बेचेरे को। वहीं गुरमीत के इस चेस्चर की तारीफ करते हुए एक अन्य यूजर ने लिखा- ÷वाह!! कितना कमाल आदमी है। आपको बता दें कि गुरमीत और देबिना की मुलाकात साल 2008 में टीवी के फेमस शो रामायण के सेट पर हुई थी। दोनों ने शो में राम और सीता का किरदार निभाया था। यहीं से दोनों के प्यार की शुरुआत हुई और फिर साल 2011 में ये कपल सात फेरे लेकर हमेशा के लिए एक-दूसरे का हो गया। वहीं साल 2022 में ही कपल की दुनिया में दो बेटी ने कदम रखा है।**-एजेंसी**

# सेहत को ढेरों लाभ देगा हरी मिर्च का आचार, जानिए कितनी मात्रा में करें इसका सेवन

**खाने के साथ बहुत** से लोग आचार का सेवन करते हैं। यह सिर्फ न पराठे के साथ स्वाद लगते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होते हैं। भारत में जगह-जगह के अनुसार, कई तरह के आचार बनाए जाते हैं जैसे नींबू, लहसुन, अदरक, कटहल आदि लेकिन खाने में भी स्वाद सिर्फ मिर्च का आचार ही लेकर आता है। यह स्वाद के साथ स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। हरी मिर्च के आचार में विटामिन-ए, विटामिन-बी6, विटामिन-सी, आयरन, कॉपर, पौटेशियम, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा हरी मिर्च में फाइबर भी काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। तो चलिए आपको बताते हैं हरी मिर्च का आचार खाने के फायदे...



**इम्यूनिटी बनाएगा मजबूत**

हरी मिर्च में विटामिन-सी की काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसका सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और किसी भी तरह के इंफेक्शन से भी बचाव करने में यह मदद करती है।

**वजन करेगी कम**

हरी मिर्च के आचार में फाइबर की मात्रा काफी अच्छी पाई जाती है। इसका सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। हरी मिर्च का आचार सिरके के साथ बनाया जाता है जिससे कैलोरी शून्य हो जाती है ऐसे में इसका सेवन करके आप वजन कम कर सकते हैं।

**आंत के लिए फायदेमंद**

हरी मिर्च के आचार में करक्यूमिन नाम का पोषक तत्व पाया जाता है इसके अलावा इसमें एंटीइंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं। मिर्च का आचार खाने से शरीर के यह गुण बैक्टीरिया को बढ़ाते है जिससे आंतें स्वस्थ रहती है। ऐसे में मिर्च का आचार आंतों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है।

**कितनी मात्रा में करना चाहिए सेवन?**

हरी मिर्च का आचार स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है लेकिन इसका ज्यादा सेवन करने से शरीर को नुकसान भी हो सकता है। ज्यादा मात्रा में हरी मिर्च का आचार खाने से बर्निंग सेंसेशन और पेट में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती है। दिन 1-2 पीस से ज्यादा हरी मिर्च का आचार नहीं खाना चाहिए। यदि आपको पाचन संबंधी समस्याएं हैं तो एक्सपर्ट्स के अनुसार, दिन में 1-2 मिर्च का आचार आप सप्ताह में खा सकते हैं।**-एजेंसी**

# 'एनिमल के फर्स्ट लुक पर आया प्रभास का ऐसा रिएक्शन, देखकर रणबीर कपूर भी हो गए

**बॉलीवुड एक्टर** रणबीर कपूर इन दिनों अपनी मच-अवेटेड फिल्म एनिमल को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। नए साल की शुरुआत में ही एक्टर के फैंस को बड़ा गिफ्ट मिला है। एनिमल का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया गया है। इस फिल्म से रणबीर के फैंस और मेकर्स को काफी उम्मीदें है। ऐसे में मेकर्स ने फिल्म से रणबीर के लुक से पर्दा हटा दिया है और फिल्म से एक्टर की पहली झलक दिखाकर फैंस को खुश कर दिया है। एनिमल के पोस्टर में रणबीर कपूर काफी खूखांर नजर आ रहे हैं, एक्टर ने अपने एक हाथ में कुल्हाड़ी पकड़ रखी है और दूसरे हाथ से वो अपने मुंह पर लगी सिगरेट को जलाते दिख रहे हैं। उनकी पूरी बॉडी पर खून के निशान दिख रहे हैं। एक्टर का ये लुक बेहद



खतरनाक है मगर रणबीर के इस लुक को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। ना सिर्फ फैंस बल्कि साउथ सुपरस्टार प्रभास ने भी एनिमल के पोस्टर पर अपना रिएक्शन दिया है। वैसे तो अब तक जिसने भी फिल्म एनिमल से रणबीर के फर्स्ट लुक की तारीफकी है। वहीं बाहुबली एक्टर ने भी जब एनिमल का पोस्टर देखा तो वो भी खुद को उसकी तारीफ करने से नहीं रोक पाए। प्रभास ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एनिमल के पोस्टर को शेयर किया।उसी के साथ उन्होंने लिखा, संदीप रेड्डी वांगा, भूषण कुमार, सुपरस्टार रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और एनिमल की पूरी टीम को शुभकामनाएं। खास बात ये है कि रणबीर कपूर के इस लुक के सामने आने के बाद फिल्म एनिमल को लेकर दर्शकों के बीच अलग ही क्रेज बन गया है। इससे पहले रणबीर को ज्यादातर लविंग और प्ले बॉय की इमेज में देखा गया है मगर एनिमल में उनका किरदार काफी अलग होने वाला है ऐसे में फैंस अपने पसंदीदा एक्टर को अलग अवतार में देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। बता दें कि एनिमल निर्देशख संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी अगली फिल्म में सुपरस्टार प्रभास को कास्ट किया है। प्रभास की 25वीं फिल्म का नाम स्पिरिट रखा गया है जिसकी घोषणा साल 2021 में ही कर दी गई है। प्रभास के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्टर जल्द ही ओम राउत के डायरेक्शन में बनी फिल्म आदिपुरुष में नजर आएंगे। इसके अलावा दीपिका के साथ प्रोजेक्ट के और श्रुति हसन के साथ सालार भी पाइपलाइन में है।एनिमल में रणबीर कपूर के साथ पहली बार साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना रोमांस करती दिखाई देंगी। इस जोड़ी को साथ में देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड है। पुष्पा द राइज के बाद रश्मिका की पॉपुलैरिटी साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड में काफी बढ़ गई है। रश्मिका जल्द ही सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म मिशन मजनू में दिखाई देंगी। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# एक्स लवर्स में फिर हुआ पैचअप? कार्तिक आर्यन ने सारा अली के साथ लंदन में मनाया न्यू ईयर



**नए साल का स्वागत** करने के लिए अक्सर हमारे बॉलीवुड सेलेब्स अपनी फैमिली, फ्रेंड्स या पार्टनर्स के साथ वेकेशन पर निकल जाते हैं। इस साल भी कई स्टार्स ने अपने नए साल का जश्न विदेश में ही मनाया है। ऐसे में सारा अली खान भी अपना न्यू ईयर सेलिब्रेट करने लंदन गई हुई हैं। लेकिन विदेश में रहकर भी एक्ट्रेस खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। अब सारा अली खान की लव लाइफको लेकर कई कयास लगाए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि सारा का उनके एक्स बॉयफ्रेंड के साथ पैचअप हो गया है और उन्होंने लोगों की नजरों से छिपते- छिपाते एक साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट किया है। हालांकि दोनों ने एक बड़ी गलती कर दी जो लोगों की नजरों में आ गई और ये लव बर्ड्स पकड़े गए। आपको बता दें, सारा के जिस एक्स की हम बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड के शहजादे यानी कार्तिक आर्यन हैं। जैसा की सभी जानते हैं कि इन दोनों के बीच कभी खुलेआम प्यार का इजहार हुआ था। दोनों ने कुछ वक्त के लिए एक-दूसरे को डेट भी किया लेकिन बाद में इनके बीच कुछ दूरियां आई और ये रिश्ता टूट गया। जिसके बाद कई मौकों पर ये दोनों एक-दूसरे को अवॉइड करते भी दिखें। लेकिन अब लगता है कि कार्तिक आर्यन और सारा अली खान के बीच दूरियां खत्म हो गई हैं। दरअसल, अब ऐसा लग रहा है कि सारा अली खान और कार्तिक आर्यन न्यू ईयर पर साथ में ही छुट्टियां मना रहे हैं। आपको बता दें, दोनों की सोशल मीडिया पर तस्वीरें देखने के बाद ही उनके साथ होने की खबरें आ रही हैं। दरअसल, मामला कुछ ऐसा है कि क्रिसमस के आसपास कार्तिक और सारा अलग-अलग जगह पर छुट्टियां मना रहे थे। जहां सारा अपने भाई इब्राहिम और दोस्तों के साथ लंदन से तस्वीरें शेयर कर रही थीं, तो वहीं कार्तिक पेरिस में थे। लेकिन नए साल की देर रात दोनों ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, वो एक ही जगह की हैं। साथ ही वक्त भी लगभग एक ही है। हालांकि दोनों साथ में नजर नहीं आए लेकिन अब फैंस के मन में ये सवाल आ रहा है कि क्या दोनों साथ हैं? क्योंकि सारा ने कल कांच से बने क्रिसमस ट्री के अंदर खड़े होकर अपनी एक तस्वीर शेयर की थी। लगभग उसी समय कार्तिक ने भी एक रेस्तरां में किसी के साथ चाय पीते हुए फोटो पोस्ट की। दोनों ने जिस लोकेशन को मार्क किया वो भी एक ही है। कुछ घंटों बाद सारा ने एक कोलाज भी शेयर किया था, जिसमें वो एक मेले में इब्राहिम और दोस्तों के साथ नजर आ रही हैं। लगभग उसी टाइम पर कार्तिक ने भी रंगीन रोशनी से जगमगाती लंदन की एक तस्वीर शेयर की। ऐसे में फैंस का शक और भी गहरा हो गया है।**-एजेंसी**

# 26 साल पुराने इस पाकिस्तानी गाने की कॉपी है 'बेशर्म रंग? सिंगर ने लगाया आरोप

**शाहरुख खान की** अपकमिंग फिल्म 'पठान' के गाने 'बेशर्म रंग' को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गाने में दीपिका पादुकोण के बोल्ड अवतार से लेकर एक्ट्रेस की भगवा बिकनी को लेकर शुरु हुए विवाद को लेकर भारत के अलग-अलग शहरों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। विवाद बढ़ने के बाद सेंसर बोर्ड ने भी फिल्म पठान में कुछ बदलाव की सलाह दी है। इसी बीच, अब पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के एक सिंगर ने 'बेशर्म रंग' गाने पर तंज कसा है जिस वजह से बेशर्म रंग' गाना फिर से चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल, पाकिस्तानी सिंगर सज्जाद अली ने बिना किसी का नाम लिए बेशर्म रंग गाने पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि बेशरम रंग उनके सालों पुराने गाने श्अब के हम बिछड़े से मिलता जुलता है। सज्जाद अली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो कहते



दिख रहे हैं कि उन्होंने आने वाली फिल्म का एक गाना सुना है जिसे सुनते ही उन्हें 26 साल पुराने लिखे गाने की याद आ गई है। सज्जाद ने भले ही अपने वीडियो में फिल्म पठान और बेशर्म रंग का जिक्र ना किया हो लेकिन उनके इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स का दावा है कि सज्जाद अपने इस वीडियो में बेशर्म गाने की ही बात कर रहे हैं। सज्जाद के इस वीडियो पर नेटिजन्स जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जहां कुछ लोग पाक सिंगर का सपोर्ट कर रहे हैं तो वहीं कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। सज्जाद अली की पोस्ट पर कॉमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा- ये तो बेशरम रंग जैसा ही लग रहा है। दूसरे यूजर ने कॉमेंट में कहा-बेशरम रंग सज्जाद अली के म्यूजिक कंपोजिशन पर आधारित है। भारत के लोग पाकिस्तानी गाने चुराते हैं और उन्हें क्रेडिट भी नहीं देते। हालांकि वहीं कुछ लोगों ने दोनों ही गानों को एक-दूसरे से बिल्कुल अलग बताया है।

# पाजी क्या छपरी पना कर रहे हो, हनी सिंह का गर्लफ्रेंड संग वीडियो देख बोल पड़े सोशल मीडिया यूजर्स

**फेमस सिंगर** और रैपर हनी सिंह इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में सिंगर ने अपने बाइपोलर डिसआर्डर पर कई शॉकिंग खुलासे किए हैं। वहीं, अब हनी सिंह अपने एक वीडियो को लेकर चर्चाओं में आ गए हैं। हाल ही में यो यो हनी सिंह ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से अपना एक प्राइवेट वीडियो अपलोड किया, जिसमे वो अपनी नई गर्लफ्रेंड टीना थडानी के साथ नजर आ रहे हैं। लेकिन इस वीडियो के चक्कर में हनी सिंह बुरी तरह से ट्रोल हो गए। जिसने भी ये वीडियो देखा वो खुद को सिंगर को ट्रोल करने से रोक नहीं पाया। ऐसे में कई लोगों ने हनी सिंह का नाम बदलकर यो यो निब्बा सिंह रख दिया। तो कई लोगों उनसे सवाल किया कि पाजी किन्ने पेग लगाए हैं? अब आप भी सोच रहे होंगे कि आखिर ऐसा क्या था इस वीडियो में जिसकी वजह से सभी लोग सोशल मीडिया पर हनी सिंह का यूं मजाक बना रहे हैं। दरअसल, जबसे सिंगर का तलाक हुआ है, वो अपने नए प्यार यानी गर्लफ्रेंड टीना थडानी के साथ ही अक्सर नजर आते हैं। इन दिनों वो खुलम खुला अपने प्यार का इजहार कर रहे हैं। ऐसे में नए साल का जश्न भी उन्होंने टीना के साथ ही मनाया था। लेकिन अपने चाहने वालो को नए साल की बधाई देते हुए उन्होंने जो वीडियो पोस्ट किया उसमे टीना- हनी सिंह को किस करती नजर आ रही हैं। ऐसे में सिंगर ने जनवरी के महीने को प्रेमियों का मौसम कहा और टीना के लिए एक रोमांटिक



# पेरेंट्स की इन गलतियों के कारण बच्चे हो जाते हैं फोन के आदि, अभी से कर लें इनमें बदलाव

**छोटे बच्चे जहां** पहले खिलौनों के साथ खेलना पसंद करते थे, वहीं बदलते लाइफस्टाइल के कारण बच्चे फोन के आदि होते जा रहे हैं। कम उम्र में ही उन्हें फोन चलाने की आदत लगती जा रही है। लेकिन बच्चे के फोन एडिक्टेड होने का कारण कहीं न कहीं पेरेंट्स भी हैं। कई बार काम में बिजी होने के कारण बच्चे का ध्यान भटकाने के लिए पेरेंट्स बच्चों को फोन पकड़ा देते हैं जिसके कारण बच्चे फोन के आदि हो जाते हैं। परंतु पेरेंट्स कुछ बातों का खास ध्यान रखकर भी बच्चों का फोन एडिक्शन कम करवा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

**फि जिकल एक्टिविटीज करवाएं**

बच्चे को रोता हुआ देखकर पेरेंट्स कई बार बच्चों को फोन पकड़ा देते हैं। माता-पिता की इन्हीं आदतों के कारण बच्चे फोन के आदि हो जाते हैं। यदि आप बच्चे को फोन से दूर रखना चाहते हैं तो आप उन्हें फोन देने की जगह फिजिकल एक्टिविटीज करवा सकते हैं। बोर्ड



गेम्स या फिर आउटडोर गेम्स खेलने के लिए आप बच्चे को प्रेरित कर सकते हैं। इससे बच्चे शारीरिक और मानसिक दोनों रुप से फिट रहेंगे। गेम्स में व्यस्त होने के कारण बच्चे फोन के बारे में ज्यादा नहीं सोचेंगे।

**मोबाइल न छीनें**

बच्चे को फोन का इस्तेमाल करते देख पेरेंट्स उनसे फोन छीन लेते हैं। फोन छिनता देख बच्चे उसे लेने की जिद्द ही पकड़ लेते हैं। इसलिए यदि आप बच्चों को फोन से खेलता हुए देखते हैं तो उनके हाथ से फोन न लें। आप उनसे फोन लेने से अच्छा इंटरनेट बंद कर सकते हैं। इस तरह बच्चे आपको खुद ही कुछ देर में फोन दे देंगे।

**फ ोन को बताएं बोरिंग एक्टिविटी**

छोटे बच्चे अच्छी दिखने वाली चीजों से बहुत ही जल्दी आकर्षित होते हैं। ऐसे में आप बच्चों के सामने फोन को एक बोरिंग एक्टिविटीज की तरह दिखाएं। इस तरीके से बच्चे फोन से जल्दी प्रभावित नहीं होंगे और उसमें ज्यादा रुचि भी नहीं लेंगे।

**सुबह न करें फोन का इस्तेमाल**

पेरेंट्स की आधत होती है कि सुबह उठने के बाद फोन का इस्तेमाल करने लगते हैं लेकिन माता-पिता को फोन चलाते देख बच्चे भी फोन चलाने लगते हैं। ऐसे में यदि आप खुद भी सुबह फोन का इस्तेमाल न करें और बच्चे को भी फोन न दें। खाना खाते हुए भी बच्चे को फोन से दूर रखें। इससे बच्चे ज्यादा ओवरइटिंग का शिकार हो सकते हैं। **सोशल मीडिया से बनाएं दूरी** पेरेंट्स बच्चों के सामने व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बहुत ही एक्टिव रहते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को इन सारी चीजों का इस्तेमाल करता देख बच्चे भी सोशल मीडिया में दिलचस्पी लेने लग सकते हैं। इसलिए आप बच्चों के सामने इन चीजों का ज्यादातर अवॉयड ही करें। इससे आप उन्हें फोन से दूर रख सकते हैं।**-एजेंसी**

# एनिमल को लेकर रणबीर कपूर ने जताया अपना डर, कहा- मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर है

**बॉलीवुड के मोस्ट** रोमांटिक एक्टर कहे जाने वाले रणबीर कपूर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल रणबीर कपूर का नाम सुनते हैं उनके फैंस सहित सभी लोगों के मन में एक रोमांटिक हीरो की रोमांटिक मूवी इमैजिन करने लगते हैं। लेकिन इस बार रणबीर कपूर अपने फैंस को कुछ अलग अवतार दिखाने जा रहे हैं। जिसको लेकर खुद एक्टर काफी ज्यादा डरे हुए हैं। इस बात का खुलासा खुद रणबीर कपूर ने किया हैं। दरअसल फिल्म 'एनिमल' का मेकर्स ने फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। ये फिल्म संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बनी है। खून से सनी शर्ट में, सिगरेट पीते हुए और बांह के नीचे कुल्हाड़ी लिए हुए रणबीर कपूर के 'एनिमल' के फर्स्ट लुक को देखकर फैन्स काफी इंप्रेस हुए हैं। वही अपने एक इंटरव्यू में रणबीर कपूर ने फिल्म को लेकर कुछ ऐसे खुलासे किए है जिसे सुनकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। दरअसल एक मीडिया ग्रुप को दिए इंटरव्यू में रणबीर इस बात का खुलासा करते हुए दिखे थे की- एक्टर ने 'एनिमल' में अपने कैरेक्टर के बारे में कहा था कि ये चौंकाने वाला है और कहा कि फिल्म मेरे कंफर्ट जोन से अलग है।इसी के साथ रणबीर ने ये भी बताया था कि वह निगेटिव रोल्स प्ले करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं और सही मौके का वेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा था, ष्वास्तव में, मैं संदीप वांगा की 'एनिमल' कर रहा हूं। यह काफी चौंकाने वाला किरदार है और इसमें कई ग्रे शेड्स हैं। एक्टर ने ये भी कहा था, ÷मैं 'एनिमल' का इंतजार कर रहा हूं क्योंकि यह एक ऐसी स्क्रिप्ट है जो मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर है. मैं डरा हुआ



हूं, लेकिन साथ ही बहुत एक्साटेड भी हूं. वही फिल्म के मेकर्स ने भी इस फिल्म के बारे में थोड़ी जानकारी देते हुए इस बात का खुलासा किया था कि 'एनिमल' एक लार्जर-दैन-द-लाइफ विजुअल ड्रामा है, जो हीरोइज्म से भरपूर है। उन्होंने कहा था, यह एक चौलेंजिंग फिल्म है। इसमें एक्शन, इमोशन, हीरोइज्म, लार्जर दैन लाइफविजुअल्स हैं। हमारे पास साउथ रीजन से हमारे डायरेक्टर और एक्ट्रेस रश्मिका हैं और हम इसे वहां भी रिलीज करेंगे.÷ बता दे कि एनिमल में रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना के अलावा अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे स्टार्स भी नजर आएंगें। ये क्राइम-ड्रामा फिल्म है और ये 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि अभी फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर जमकर धमाल मचाता हुआ दिख रहा है। वही रणबीर कपूर के इस धांसू में पोस्टर पर उनकी पत्नी और बॉलीवुड की उम्दा एक्ट्रेस आलिया भी कमेंट करती हुई नजर आई। जहां एक्ट्रेस ने फायर वाली इमोजी कमेंट सेक्शन में पोस्ट की थी। वही आलिया के साथ ही रणबीर के ढेरों फैंस भी एक्टर के इस पोस्टर पर कमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। **-एजेंसी**